## 12.13 सीएमएम/सीबीएम परियोजना

### मुनीडीह कोलियरी के XVI सीम से मिथेन का पूर्व अपवहन

- एक प्रदर्शन परियोजना के रूप में मुनीडीह कोलियरी XVI टी सीम से मिथेन का पूर्व अपवहन किया गया।
- सीएमपीडीआई द्वारा पूर्व-व्यवहार्यता रिपोर्ट (पीएफआर) तथा ग्लोबल बिड दस्तावेज (जीबीडी) तैयार किया गया था। जिसे बीसीसीएल बोर्ड ने 26.05.2018 को आयोजित अपनी 343 वीं बैठक में 60 करोड़ रू. की पूंजी लागत पर अनुमोदित किया था।
- दो बार निविदा जारी की गई थी, पहली 07.09.2018 को और दूसरी भावी बोलीदाताओं के साथ प्री-एनआईटी बैठक का आयोजन कर एनआईटी में संशोधन के बाद 09.07.2019 को। परंतु दोनों मौके पर निविदा रद्द कर दी गई थी। दो समय विस्तार के बाद भी कोई निविदा प्राप्त नहीं होने के बाद 18.10.2019 को पुन: निविदा जारी की गयी। इस पर आगे की कार्यवाही जारी है।

- जारी एनआईटी के लिए संशोधित वैश्विक बोली दस्तावेज तैयार कर लिया गया है तथा 06.03.2020 को बीसीसीएल बोर्ड की 361 वीं बैठक में इसका अनुमोदन कर दिया गया है। 31.03.2020 को निविदा जारी की गयी।

**झरिया सी बी एम/सीएमएम ब्लॉक से मिथेन का दोहन**

- बीसीसीएल में कपूरिया, मुनीडीह, जरमा, सिंगरा ब्लॉकों के खनन पट्टाधारित लगभग 24.32 वर्ग कि.मी. क्षेत्र को वाणिज्यिक विकास के लिए चिह्नित किया गया है।
- 24.32 वर्ग कि.मी. के इस चिह्नित क्षेत्र में 25.22 बिलियन क्यूबिक मीटर (बीसीएम) के गैस-इन-प्लेस का अनुमान लगाया गया है। इस पूरे क्षेत्र के लिए एक विस्तृत 25 वर्षीय उत्पादन प्रोफाईल तैयार की गयी है।
- परियोजना व्यवहार्यता रिपोर्ट (पीएफआर) तैयार की गयी है। परियोजना की कुल पूंजी लागत की गणना यूएस $ 289 मिलियन यानि 1878.50 करोड़ रुपये की गई है, जबकि ओपेक्स की गणना यूएस $ 169 मिलियन यानी 1098.50 करोड़ रुपये की गई है। 368.50 करोड़ रुपये (तीन सौ अड़सठ करोड़ पचास लाख रुपये) के अनुमानित पूंजी व्यय पर एमडीओ कॉन्सेप्ट के तहत परियोजना कार्यान्वित की जाएगी।
- परियोजना व्यवहार्यता रिपोर्ट को दिनांक 05.07.2018 को आयोजित बीसीसीएल बोर्ड की 344 वीं बैठक में 'सैद्धांतिक रूप से' अनुमोदित किया गया।।
- सीएमपीडीआई मुख्य कार्यान्वयन एजेंसी है। करार ज्ञापन अंतिम चरण में है।

## 12.14. बीसीसीएल में कोल ब्लॉक

बीसीसीएल को आवंटित किए गए कोल ब्लॉक की स्थिति निम्नलिखित है:-

### I. एमएमडीआर के तहत आवंटित ब्लॉक

कोयला मंत्रालय के पत्र दिनांक 12.01.2018 और 18.01.2018 के अनुसार बीसीसीएल को चार कोल ब्लॉक पीरपैंती, बरहाट, मंदार पर्वत, धुलिया उत्तर और मिर्जागांव आवंटित किए गए हैं। ये ब्लॉक गोड्डा (झारखंड) के अंतर्गत आने वाले राजमहल कोलफील्ड्स में और भागलपुर (बिहार) में अवस्थित हैं। रिजर्व सीम I से सीम X तक हैं और इन ब्लॉकों में सीम I, II, IX एवं X प्रमुख हैं। इन कोल ब्लॉकों को मिलाकर विक्रमशिला क्षेत्र का गठन किया गया है। इन ब्लॉकों के लिए एमओसी को अग्रिम राशि के तौर पर 500 करोड़ रूपये का भुगतान किया जा चुका है। बीसीसीएल को आवंटित किए गए कोल ब्लॉक का विवरण नीचे दिया गया है:-

बीसीसीएल को आवंटित कोल ब्लॉकों का विवरण निम्नलिखित है:

| कोल ब्लॉक | रिजर्व (मिलियन टन में) | | क्षेत्रफल (वर्ग कि.मी.) | अनुमानित औसत ग्रेड | अधिकतम उत्पादन क्षमता (मि. ट. वार्षिक) |
|---|---|---|---|---|---|
| | सिद्ध | अनुमानित | | | |
| पीरपैंती | | | 18.84 | G-11/G -12 | 25 |
| मंदार पर्वत | 330.73 | | 13.12 | G-12 | 15 |
| धूलिया उत्तर | 1181.25 | | 18.05 | G-11 /G-13 | 35 |
| मिर्ज़ागांव | | 967.74 | 46.18 | G-14 | 30 |
| **कुल** | **2310.54** | **967.74** | | | **105** |

#### क) पीरपैंती बाराहाट कोल ब्लॉक:

पीरपैंती बाराहाट कोल ब्लॉक से संबंधित अन्वेषण पूरा कर लिया गया है। सीएमपीडीआई द्वारा एक परियोजना रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है जिसकी बीसीसीएल द्वारा जांच की गई है तथा कुछ संशोधन के लिए सुझाव दिया गया था जिसे सीएमपीडीआई को सूचित किया गया है। सीएमपीडीआई में परियोजना रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जा रहा है और इसे अंतिम रूप देने के बाद बोर्ड के समक्ष रखा जाएगा।

सीबीए अधिनियम की धारा 4 (।) के तहत पीरपैंती-बाराहाट ब्लॉक के लिए 2773.639 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण की अधिसूचना 22.12.2018 को अधिकारिक गजट में प्रकाशित किया गया है। सीबीए अधिनियम की धारा 7 के अंतर्गत आवेदन करने के लिए भू अभिलेख एकत्रित किए जा रहे हैं।

### ख) मंदार पर्वत कोल ब्लॉक:

इसी प्रकार मंदार पर्वत से संबंधित अन्वेषण पूरा हो चुका है तथा 25.01.2020 को सीएमपीडीआई द्वारा पीआर भी प्रस्तुत कर दिया गया है जिसकी जांच बीसीसीएल में की गई है और कुछ बदलाव करने का सुझाव दिया गया है। सीएमपीडीआई में पीआर को अंतिम रूप दिया जा रहा है और इसे अंतिम रूप देने के बाद बोर्ड के समक्ष रखा जाएगा।

मंदार पर्वत कोल ब्लॉक की 888.5565 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण के लिए दिनांक 07.09.2019 को सीबीए अधिनियम की धारा 4(1) के अंतर्गत अधिसूचना प्रकाशित करवायी गयी है। सीबीए अधिनियम की धारा 7 के अंतर्गत आवेदन करने के लिए भू अभिलेख एकत्रित किए जा रहे हैं।

### ग) धुलिया नार्थ कोल ब्लॉक:

धुलिया नार्थ कोल ब्लॉक का अन्वेषण कार्य पूरा हो चुका है तथा इसका जीआर उपलब्ध है। धुलिया नार्थ कोल, ब्लॉक मंदार पर्वत के पूरब में तथा पीरपैंती-बाराहाट कोल ब्लॉक के उत्तर-पूरब में स्थित है। इस प्रकार धुलिया नार्थ कोल ब्लॉक मंदार पर्वत तथा पीरपैंती-बाराहाट कोल ब्लॉक के ढ़ाल की ओर है।

चूंकि धुलिया उत्तरी कोल ब्लॉक का मुख्य कोल सीम, सीम-II है जिसकी मोटाई 45.96 मी. से 64.35 मी. है तथा पीरपैंती-बाराहाट एवं मंदार पर्वत कोल ब्लॉक के ढ़ाल की ओर है, अत: धुलिया उत्तरी कोल ब्लॉक में मंदार पर्वत तथा पीरपैंती-बाराहाट के अवनत (ढ़ाल) विस्तार के रूप में काम किया जा सकता है।

**इस प्रकार धुलिया कोल ब्लॉक में न्यूनतम 20 वर्षों के बाद ही काम शुरू किया जा सकता है जब तक मंदार पर्वत की खदान अपनी सीमा तक नही पहुंच जाती है। अत: दिनांक 06.03.2020 को संपन्न बीसीसीएल बोर्ड की 361 वीं बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार इस ब्लॉक का जल्द उपयोग संभव नही होने के कारण भारत सरकार को इस ब्लॉक को वापस करने का निर्णय लिया गया।**

### घ) मिर्जागांव कोल ब्लॉक:

मिर्जागांव कोल ब्लॉक बिहार राज्य में धुलिया नार्थ कोल ब्लॉक के उत्तर में स्थित है। मिर्जागांव कोल ब्लॉक का क्षेत्रफल 46.17 वर्ग कि.मी. है। ब्लॉक में व्यापक खोज के लिए अन्वेषणात्मक ड्रिलिंग की जा रही है। 2022-23 में इसकी भूवैज्ञानिक रिपोर्ट आने की अपेक्षा है।

चालू ड्रिलिंग से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह पता चला है कि अन्य ब्लॉकों के विपरीत इस ब्लॉक में पर्याप्त मोटाई का सीम नहीं है। इसके अलावा ब्लॉक के मुख्य सीम अर्थात सीम-1 की गहराई 150 मी. – 720 मी. के बीच है। ब्लॉक में औसत 70 मी. तक जमा मिट्टी, गाद, मलबा इस सीम को अभिलक्षणित करते है।

इन नयी परियोजनाओं के लिए मुख्य बाधा भू-अधिग्रहण और पुनर्वास है, साथ ही मिर्जागांव के मामले में ये अधिक है। ये इन कोल ब्लॉकों जनसंख्या, धान खेती वाली भूमि तथा आम के बड़े-बड़े बागान बड़ी मात्रा में हैं। प्रस्तावित डंपिंग क्षेत्र तथा अन्य बुनियादी ढांचे की अवस्थिति भी धान खेती वाली भूमि के अंतर्गत आता है तथा इसमें गांव भी सम्मिलित है। अत: खनन गतिविधियों के संचालन के लिए बड़ी संख्या में निजी घरों को यहाँ से हटाने की जरूरत है।

यहां 34 गांव हैं जिसमें कुछ सघन आबादी वाले हैं जो कोल ब्लॉक क्षेत्र के बहुत बड़े हिस्से पर हैं। इसलिए न केवल आर एवं आर लागत बहुत अधिक होगी, बल्कि बुनियादी ढांचे के साथ इतनी बड़ी आबादी को स्थानांतरित करना भी इस ब्लॉक से कोयले के दोहन में बड़ी बाधा का कारण बनेगा।

ऊपर उल्लिखित कारणों जैसे कि भू-अधिग्रहण एवं आर एवं आर की उच्च लागत, सघन आबादी के कारण भूमि को कब्जे में लेने की दिक्कत, परियोजना के अतिसंवेदनशील वित्तीय व्यवहार्यता को देखते हुए इसे सरकार को वापस करने पर विचार करने का निर्णय लिया गया।

**दिनांक 06.03.2020 को आयोजित बीसीसीएल बोर्ड की 361 वीं बैठक में धुलिया नार्थ तथा मिर्जागांव कोल ब्लॉक के समर्पण के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।** सीआईएल से अनुरोध किया गया है कि वह इन कोल ब्लॉकों की वापसी के लिए कोयला मंत्रालय से बात करे और अग्रिम राशि को वापस करवाए।

## II . सीएमएसपी अधिनियम के तहत आवंटित ब्लॉक

### क) दामागोरिया कल्याणेश्वरी का पूर्वी कोल ब्लॉक

कोयला मंत्रालय ने सीएमएसपी अधिनियम-2015 के अंतर्गत बीसीसीएल को पत्र सं.- सीबीए2-13011/1/2017-सीबीए2 दिनांक 03.10.2018

के माध्यम से ईस्ट दामागोरिया कोल ब्लॉक (कल्याणेश्वरी) आवंटित किया है। 26.09.2019 को कोयला मंत्रालय के नामित प्राधिकारी तथा बीसीसीएल के अधिकृत पदाधिकारी के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

दिनांक 25.10.2019 को कोयला मंत्रालय को 50% अग्रिम भुगतान के एवज में 62.50 करोड़ रूपये तथा निर्धारित राशि के एवज में 17.341668 करोड़ रूपये का भुगतान किया गया है। इसके अलावा कार्य प्रदर्शन प्रतिभूति के तौर पर कोयला मंत्रालय को 124.3328 करोड़ रुपए की बैंक गारंटी प्रस्तुत किया गया है।

आदेश सं.- एफ.नं. 103/2/2015-एनए-पार्ट (1) दिनांकित 21.11.2019 के माध्यम से कोयला मंत्रालय द्वारा आवंटन आदेश निर्गत किया गया और यह 02.12.2019 को प्राप्त हुआ है।

सीएमपीडीआई द्वारा खनन/परियोजना रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

## 12.15 उत्पादन रोड मैप: बीसीसीएल

बीसीसीएल द्वारा अगले चार वर्षों तक कोयला उत्पादन करने के लिए निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार उत्पादन-योजना बनायी गयी है:-

| वर्ष | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्पादन (मि.टन) | 27.729 | 37.13 | 40.00 | 45.00 | 51.00 |
| वृद्धि (%) | - | 33.90 | 7.72 | 12.50 | 13.33 |

## 12.16 विभागीय परिवहन एवं संविदात्मक परिवहन का विवरण

| क्र. सं. | मद का विवरण | 2018-19 में ले जायी गयी कोयले की मात्रा (टन में) | 2019-20 में ले जायी गयी कोयले की मात्रा (टन में) | 2018-19 की तुलना में 2019-20 में वृद्धि/ह्रास का % |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान रेत के अलावा कोयला, कोक, स्लरी एवं रिजेक्ट्स का विभागीय परिवहन (एचईएमएम को छोड़कर) | 1771553.81 | 1682833.99 | (-) 5.008 |
| 2. | वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान कोयला, कोक, स्लरी एवं त्यक्त माल (ट्रक द्वारा) का संविदात्मक परिवहन | 19401238.42 | 18828192.69 | (-)2.953 |

# 13. भू-संपदा

**(करोड़ रु. में)**

| वर्ष | दिए गए नियोजन | भूमि अधिग्रहण (हेक्टेयर में) | | | क्षतिपूर्ति | | पंजीकरण एवं अन्य लागत | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | एल. ए. | सी.बी.ए. | क्रय | भूमि के बदले में | नियोजन के बदले में | | |
| **2019-20** | **13** | **00** | **00** | **7.39** | **2.38** | **0.00** | **0.39** | **2.77** |

1. इस अधिग्रहण प्रक्रिया में, सी.बी.ए. (ए ऐंड डी) अधिनियम के अनुच्छेद 4 (1) के तहत नए कोल ब्लॉक मंदार-पर्वत, विक्रमशिला क्षेत्र के लिए 888.5565 हेक्टेयर (सभी अधिकार) के अधिग्रहण हेतु अधिसूचना जारी की जा चुकी है और भारत सरकार के गजट में दिसंबर, 2019 में इसे प्रकाशित किया जा चुका है।

## 14. विदेशी सहयोग

बीसीसीएल में वर्तमान में विदेशी सहयोग से चलने वाली कार्यान्वयन के लिए कोई परियोजना नहीं है।

## 15. विपणन

### 15.2. मांग तथा आपूर्ति

वर्ष 2018-19 की तुलना में वर्ष 2019-20 में क्षेत्र-वार कोयले की वास्तविक मांग एवं आपूर्ति:

**आंकड़ें मलियिन टन में**

| क्षेत्र | मांग* | | वास्तविक** | | मांग की तुलना में संतुष्टि का % | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2019-20 | 2018-19 | 2019-20 | 2018-19 | 2019-20 | 2018-19 |
| पॉवर | 27.96 | 29.00 | 23.63 | 27.22 | 84.50 | 93.85 |
| स्टील सीपीपी | 0.05 | 0.60 | 0.01 | 0.02 | 22.20 | 3.35 |
| स्टील | 0.54 | 0.84 | 0.65 | 0.36 | 120.46 | 42.49 |
| उर्वरक | 1.10 | 1.10 | 0.98 | 0.92 | 88.67 | 83.72 |
| ई-ऑक्शन | 2.05 | 2.61 | 1.24 | 2.23 | 60.63 | 85.47 |
| वाशरी के लिए | 3.80 | 3.44 | 1.72 | 1.58 | 45.31 | 45.90 |
| अन्य | 0.50 | 0.42 | 0.52 | 0.73 | 103.64 | 174.92 |
| कोलियरी उपभोग | 0.00 | 0.00 | 0.01 | 0.02 | 0.00 | 0.00 |
| कुल | **36.00** | **38.00** | **28.76** | **33.07** | **79.89** | **87.01** |
| धुला हुआ कोयला | 2.24 | 1.36 | 0.66 | 0.61 | 29.62 | 44.64 |
| मिडलिंग्स/डब्ल्युपीसी | 1.40 | 1.47 | 0.79 | 0.80 | 56.48 | 54.68 |

**टिप्पणी**

*** सीआईएल के एएपी लक्ष्य के अनुसार**

**** सांख्यिकी विभाग की रिपोर्ट के अनुसार (एम-18)(अनंतिम रिपोर्ट)**



## 15.2.

### क. पुराने बकाया का निपटान

सेल और डीवीसी का निपटान वित्तीय वर्ष 2017-18 तक कर लिया गया।

### ख. बिक्री पर की गई वसूली

| क्र.सं. | वर्ष | टर्नओवर (रु. करोड़ में) | वसूली (रु. करोड़ में) | वसूली का % |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2019-20 | 12024.54 | 10091.60 | 83.93% |
| 2 | 2018-19 | 12899.98 | 15046.94 | 116.64% |
| 3 | 2017-18 | 10773.92 | 12056.97 | 111.91% |
| 4 | 2016-17 | 11220.32 | 11300.8 | 101.00% |
| 5 | 2015-16 | 11001.01 | 9983.65 | 90.75% |

## 15.3. ई-विपणन:

बीसीसीएल, सीआइएल में कोयला एवं कोयला उत्पादों के ई-विपणन में अग्रणी है, जिसने वर्ष के दौरान अधिसूचित मूल्य पर अतिरिक्त राजस्व प्राप्त करने में एक उल्लेखनीय प्रगति की है, जिससे कंपनी को मजबूती प्रदान हुई है।

वर्ष 2019-20 के दौरान कई ई-ऑक्शन योजनाओं का संचालन किया गया था और ई-ऑक्शन के लिए कुल 56.00 लाख टन का प्रस्ताव दिया गया तथा वास्तविक बिक्री 39.30 लाख टन की गई थी। विभिन्न ई-ऑक्शनों का योजना वार प्रदर्शन निम्नलिखित है:

**बीसीसीएल : वर्ष 2019-20 के दौरान योजना वार ई-ऑक्शन प्रदर्शन**

| ई-ऑक्शन के प्रकार | प्रस्ताव की मात्रा (एमटी में) | बुक की गई मात्रा (एमटी में) | उठाव की मात्रा (एमटी में) | अधिसूचित मूल्य पर लाभ (रु. करोड़ में) |
|---|---|---|---|---|
| विशेष अग्रेषण (विद्युत) | 3.05 | 1.97 | 2.35 | 60.04 |
| विशिष्ट (गैर-विद्युत) | 1.16 | 0.91 | 0.80 | 103.39 |
| स्पॉट | 1.40 | 1.06 | 0.45 | 191.32 |
| **कुल** | **5.60** | **3.93** | **3.59** | **354.75** |

- वर्ष 2019-20 के दौरान विपणन एवं विक्रय विभाग की ओर से बीसीसीएल बोर्ड के समक्ष निम्नलिखित मामलों को प्रस्तुत किया गया।

| कार्यसूची | बीसीसीएल बोर्ड की बैठक | कृत कार्रवाई |
|---|---|---|
| कोयला मंत्रालय द्वारा चिह्नित 7 स्रोतों से स्पॉट ई-ऑक्शन का प्रारंभ | दिनांक 27.06.2019 को आयोजित 352वीं बैठक | स्पॉट ई-ऑक्शन में लागू |
| जुलाई, 2019 के लिए स्पॉट ई-ऑक्शन से वसूल प्रीमियम की स्थिति रिपोर्ट | दिनांक 31.07.2019 को आयोजित 353वीं बैठक | स्थिति रिपोर्ट अगली बैठक में रखी गयी। |
| नॉन-रेगुलेटेड क्षेत्र के उपभोकताओं के लिए कोकिंग कोल के मूल्य में संशोधन | दिनांक 06.09.2019 को आयोजित 354वीं बैठक | दिनांक 07.09.2018 को 00 बजे से मूल्य में संशोधन किया गया था |
| अक्टूबर, 2019 के लिए स्पॉट ई-ऑक्शन से वसूल किए गए प्रीमियम की स्थिति रिपोर्ट और 07 (सात) स्रोतों समेत बीसीसीएल के सभी स्रोतों से प्रस्तावित स्पॉट ई-ऑक्शन में मात्रा निर्धारित करने के लिए बीसीसीएल प्रबंधन को सक्षम बनाने का अनुमोदन | दिनांक 15.11.2019 को आयोजित 357वीं बैठक | बोर्ड के निर्णय के अनुसार स्पॉट ई-ऑक्शन किया गया |

# 16. विदेशी मुद्रा का उपार्जन एवं व्यय

## 16.1. विदेशी मुद्रा का व्यय

| मद | 2019-20 (रु. करोड़ में) | 2018-19 (रु करोड़ में) |
|---|---|---|
| स्टोर, स्पेयर्स एवं कंपोनेंट | शून्य | शून्य |
| पूंजीगत माल | शून्य | शून्य |

## 16.2 एचईएमएम की खरीद

| विवरण | संख्या | तिथि |
|---|---|---|
| 2.5 क्यू.मी. फ्रंट एंड लोडर | 07 | 27-11-2019 |
| डोज़र 416 एचपी | 16 | 30-12-2019 |
| वाटर स्प्रिंकलर 375 एचपी | 10 | 25-01-2020 |
| डंपर 60 यूएस टोनर | 34 | 07-02-2020 |

# 17. गुणवत्ता नियंत्रण

### i. नमूना एकत्रण (संयुक्त/तृतीय पक्ष द्वारा नमूना एकत्रण की स्थिति)

1. जिन बिजली घरों का बीसीसीएल के साथ एफएसए है उनके लिए सिंफर ने बीसीसीएल के लोडिंग प्वाइंट पर तृतीय पक्ष द्वारा नमूना एकत्रण का काम सफलतापूर्वक किया जा रहा है।

2. वर्ष 2019-20 के दौरान, कोयला प्रेषण के सभी माध्यमों के लिए तृतीय पक्ष द्वारा नमूना एकत्रण किया गया है। ई-ऑक्शन माध्यम वाले उपभोक्ताओं के लिए तृतीय पक्ष द्वारा नमूना एकत्रण क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा किया गया है।

3. तृतीय पक्ष एजेंसियों द्वारा किए गए नमूना एकत्रण एवं विश्लेषण के आधार पर वर्ष 2018-19 और 2019-20 के लिए घोषित ग्रेड के अनुरूप कुल प्रतिशत इस प्रकार है:-

| वित्तीय वर्ष | ग्रेड पुष्टि प्रतिशत (तृतीय पक्ष नमूना एकत्रीकरण) | |
|---|---|---|
| | संदर्भित परिणाम के बिना | संदर्भित परिणाम सहित |
| 2018-19 | 34.17% | 65.91% |
| 2019-20 (जून, 19 तक) | 26.65% (सिद्ध) | 76.14 (सिद्ध) |

वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए जून,19 से चुनौतीपूर्ण संदर्भित नमूनों का विश्लेषण परिणाम प्राप्त होना बाकी है।
ग्रेड पुष्टिकरण की उपरोक्त प्रवृत्ति ग्रेड उपलब्धि में निरंतर सुधार दर्शाती है। वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए संदर्भित विश्लेषण के परिणाम प्राप्त होने से और ग्रेड में सुधार होने से वसूली में और सुधार आएगा।

1. संयुकत नमूना एकत्रण उन लोडिंग केंद्रों पर किया गया, जहां तृतीय पक्ष नमूना एजेंसियां इस कार्य को करने में सक्षम नहीं थी। संयुक्त नमूना तथा विश्लेषण के आधार पर वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान 98.06% की तुलना में वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान घोषित ग्रेड की पुष्टि 98.94% (अनंतिम) है।

### II. गुणवत्ता एवं उपभोक्ताओं की संतुष्टि में सुधार के लिए की गई कार्रवाई

क) वर्ष 2019-20 के दौरान, बीसीसीएल के विभिन्न कोलियरियों के 15 (पन्द्रह) सीमों के आरओएम फ्रैक्शन को गैर-कोकिंग से कोकिंग ग्रेड में पुनर्वर्गीकृत किया गया है। इससे बीसीसीएल में कोकिंग कोल भंडार के साथ-साथ कोकिंग कोल का उत्पादन बढ़ा है।

ख) वर्ष 2019-20 के दौरान, विभिन्न कोलियरियों के 9 सीमों के आरओएम फ्रैक्शन के नये ग्रेड को अधिसूचित किया गया है।

ग) **एसओपी का वितरण:** आईएस:436 (भाग I) 1964 और एफएसए के अनुसार अनुवीक्षण के लिए व्यवस्था करने और यह सुनिश्चित करने करने के लिए कि नमूना संग्रह और इसके प्रस्तुति के दौरान तृतीय पक्ष नमूना एकत्रण एजेंसियों के प्रतिनिधियों द्वारा उचित उपकरण के साथ उचित नमूना एकत्रण प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है या नहीं, के लिए नमूना एकत्रण के एसओपी के सख्त अनुपालन हेतु एसओपी की हार्डकॉपी और एमओयू और एफएसए की सॉफ्टकॉपी सभी क्षेत्रों के महाप्रबंधकों को वितरित किया गया है।

घ) सीसीटीवी को छोड़कर तीसरे पक्ष के नमूने के लिए समर्थकारी स्थिति प्रदान की गई है। सीसीटीवी कैमरा एवं अन्य उपकरणों की खरीद के लिए दिनांक 15.02.2020 को जीईएम पोर्टल पर निविदा जारी की गई थी। तदुपरांत कार्य सौंप दिया गया।

ङ) गुणवत्ता नियंत्रण विभाग, मुख्यालय के अधिकारियों द्वारा साईडिंगों और स्टॉकयार्ड की नियमित तौर पर जांच की जाती है और प्रेषित कोयले की गुणवत्ता में सुधार के लिए मुख्यालय द्वारा ग्रेड का अनुवीक्षण किया जाता है और क्षेत्रीय प्राधिकारियों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया जाता है।

च) प्रत्येक क्षेत्र की ग्रेड स्लिपेज रिपोर्ट मासिक आधार पर संकलित की जाती है और सुधारात्मक उपाय करने के लिए इसे संबंधित क्षेत्रों को भेजा जाता है।

छ) प्रत्येक माह सभी क्षेत्रीय विक्रय प्रबंधकों के साथ गुणवत्ता समन्वय बैठक का आयोजन किया जाता है उन्हें स्रोतवार/सीम-वार, ग्रेड स्लिपेज के विभिन्न कारणों पर नजर रखने तथा मामले दर मामले के आधार पर आवश्यकतानुसार जरूरी उपचारात्मक उपाय करने के लिए निदेश दिया गया है ताकि बेहतर बिक्री प्राप्ति के लिए अधिसूचित ग्रेड की पुष्टि बनी रहे।

ज) तृतीय पक्ष नमूना एकत्रण कार्य की निगरानी के लिए सभी लोडिंग केंद्रों पर प्रत्येक पाली में अधिकारियों, पर्यवेक्षकों एवं कर्मचारियों का एक समर्पित दल तैनात किया गया है। टीम को यह सुनिश्चित करने का निर्देश जाता है कि सिम्फर, आईआईटी (आईएसएम) तथा क्यूसीआई द्वारा नियोजित तृतीय पक्ष नमूना एकत्रण एजेंसी द्वारा नमूने को एकत्र एवं तैयार किया जाता है।

झ) उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण कोयले की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारी को उसके कर्तव्य के प्रति जागरूक किया जाता है।

ञ) उत्पादन एवं डिस्पैच से सीधे तौर पर जुड़े सभी सुपरवाईजरी एवं प्रबंधकीय कर्मचारियों को यह निर्देश दिया गया है कि वे निम्नलिखित माध्यम से केवल गुणवत्तापूर्ण कोयले का उत्पादन करें:-

1. चयनित खनन पद्धति अपनाएं
2. उचित ड्रिलिंग/ब्लॉस्टिंग पैटर्न को अपनाए
3. पत्थरों एवं शेल को अपने स्तर पर ही अलग कर दें
4. फेस एवं स्टॉक यार्ड में ट्रकों में लोडिंग के समय सावधानियां बरतें।

ट) कार्यस्थल/कोल डंप/रेलवे साइडिंग में उचित प्रकाश का प्रबंध है।

ठ) सीमों में आग एवं अन्य खनन समस्याओं के कारण समिश्रित कोयले का उचित तरीके से प्रबंध किया जाता है।

ड) फायरी एवं गैर-फायरी कोयले के लिए इनका अलग-अलग भंडार किया जाता है।

**ढ) फायर एवं नन-फायर जोन कोयले के लिए सीम/कोलियरी का ग्रेडेशन अलग-अलग किया जाता है।**

ण) बरोरा, गोविंदपुर, कतरास, सिजुआ, कुसुंडा, बस्ताकोला, लोदना, पूर्वी झरिया, एवं चांच विक्टोरिया क्षेत्र की प्रयोगशालाओं में एफएसए के अनुसार कोयले की जीसीवी पता करने के लिए 10 (दस) बॉम्ब कैलोरी मीटर स्थापित किए गए हैं।

त) उपभोक्ताओं की संतुष्टि को बढ़ाने के लिए, गुणवत्ता नियंत्रण विभाग के अधिकारी उपभोक्ताओं से मिलते हैं ताकि उनकी समस्याओं को जान सकें और उनकी शिकायतों को दूर किया जा सके।

# 18. ऊर्जा संरक्षण

## 18.1. ऊर्जा संरक्षण के लिए उठाए गए कदम

**परंपरागत लाइटों के स्थान पर एलईडी लाइटों का प्रयोग**

1. बीसीसीएल ने जीएलएस लैंप, ट्यूब फिटिंग, ट्यूब लाइट, जीएलएस लैंप एवं अन्य परंपरागत लाइट फिटिंग की खरीद को रोक दिया है और इनके स्थान पर सभी कार्यालय/ औद्योगिक परिसरों में एलईडी लाइट फिटिंग का लगाया जा रहा है।

2. बीसीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों एवं मुख्यालय में पारंपरिक लाइटों की फिटिंग को बदल कर उनके स्थान पर लगभग 17,000 एलईडी आधारित लाइटों को लगाया जा चुका है। विभिन्न वाट की लगभग 5060 एलईडी लाइटें पहली ही खरीदी जा चुकी है और चरणबद्ध तरीके से बीसीसील के विभिन्न क्षेत्रों और टाउनशिप में इनको लगाया जा रहा है।

**बिजली चोरी के लिए उठाए गए कदम :** बीसीसीएल ने गैर-कोयला धारित क्षेत्रों में कंपनी के कर्मचारियों के लिए केंद्रीकृत कॉलोनियों का निर्माण किया है, और कॉलोनियों में कर्मचारियों के शिफ्ट होने के बाद खाली की गई कॉलोनियों में बिजली का कनेक्शन पूरी तरह से काट दिया जायगा।

ऊर्जा संरक्षण के लिए बीसीसीएल की क्षेत्रीय कॉलोनियों में प्रत्येक दिन समय-समय पर बिजली की कटौती की जाती है।

**कैपेसिटर बैंक:** बीसीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों के लिए कैपेसिटर बैंक एवं कैपेसिटर यूनिट क्रय किए जा चुके हैं। कैपेसिटर बैंक लगने के बाद, अधिकतम मांग एवं विद्युत क्षति में कमी आएगी, जिससे भविष्य में बिजली-बिल पर बचत होगी।.

## 18.2. वर्ष 2018-19 एवं 2019-20 में बीसीसीएल की कुल ऊर्जा खपत एवं विशिष्ट ऊर्जा खपत

| विवरण | 2019-20 | 2018-19 |
|---|---|---|
| विशिष्ट ऊर्जा खपत (कि. वाट/टन) (कोयले के लिए) | 29.50 | 26.50 |
| विशिष्ट ऊर्जा खपत (कि. वाट/क्यू.मी.) (कोयले एवं ओबी के लिए) | 7.97 | 6.57 |
| कुल ऊर्जा खपत (एमकेडब्ल्यूएच) | 818.14 | 820.37 |

## 18.3 बीसीसीएल में सोलर प्लांट/ परियोजनाएं लगाने के लिए उठाए गए/प्रस्तावित कदम

| क्र. सं. | कार्य का नाम | स्थिति | अपेक्षित समय |
|---|---|---|---|
| i. | कोयला भवन एवं केंद्रीय चिकित्सालय, धनबाद की छत पर ग्रिड कनेक्टेड रूफ टॉप 350 KWp SPV संयंत्रों की आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण एवं चालू करने का कार्य | स्वीकृति पत्र जारी किया गया है। शीघ्र ही कार्य आदेश जारी किया जाएगा। | अगस्त, 2020 |
| ii. | क्षेत्रीय कार्यालय भवनों की छत पर ग्रिड कनेक्टेड रूफ टॉप 297 KWp SPV संयंत्रों की आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और एवं चालू करने का कार्य (तेतुलमारी, सिजुआ के नए क्षेत्रीय कार्यालय भवन; बस्ताकोला क्षेत्रीय कार्यालय भवन और पश्चिमी झरिया क्षेत्रीय कार्यालय भवन) | स्वीकृति पत्र जारी किया गया है। शीघ्र ही कार्य आदेश जारी किया जाएगा। | अगस्त, 2020 |
| iii. | कोयला नगर नर्सरी में एलईडी लाइटों के साथ 6 KWp सौर ऊर्जा आधारित रोशनी की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण चालू करने का कार्य | जून, 2019 में संस्थापित कर चालू कर दिया गया है। | |
| iv. | बीसीसीएल की 19 इमारतों पर 1.2 मेगावाट सोलर रूफ टॉप पावर प्लांट लगाने का कार्य | एसईसीआई द्वारा निविदा प्रक्रिया शुरू कर दी गई है (सीआइएल के समन्वय से) | मार्च, 2021 |

| क्र. सं. | कार्य का नाम | स्थिति | अपेक्षित समय |
|---|---|---|---|
| v. | बीसीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों के बारूद घरों में 210 KWp क्षमता के पावर प्लांट (ग्राउंड माउंटेड/रूफ टॉप) एवं सोलर ट्री (हाइब्रिड) प्रणाली की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं उसे चालू करने की योजना। | अनुमोदन की प्रक्रिया में | दिसंबर, 2020 |
| vii. | भोजूडीह, पश्चिम बंगाल में ग्राउंड माउंटेड सोलर पावर (25मेगावाट) की संस्थापना | एसईसीआई द्वारा तैयार डीपीआर के अनु-मोदन की प्रक्रिया में | मार्च, 2022 |

## 18.4. बजिली की खपत




**वित्तीय वर्ष 2018-19 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2019-20 में ऊर्जा में 2.23 मिलियन यूनिट की कमी आयी।**

## 18.5 ऊर्जा खपत

| विवरण | 2019-20 | 2018-19 | % वृद्धि/कमी |
|---|---|---|---|
| खरीदी गई यूनिट (एमकेडब्लूएच) | 818.14 | 820.37 | (-) 2.23 |
| कुल बिल राशि (रु. करोड़ में) | 395.55 | 364.87 | 30.68* |

* डीवीसी द्वारा जून, 2019 से शुल्क में वृद्धि और जनवरी, 2019 से विद्युत कर को सम्मिलित करने के कारण बिल राशि में वृद्धि हुई है।

## 18.6 वित्तीय वर्ष 2019-20 और वित्तीय वर्ष 2018-19 में विशिष्ट ऊर्जा खपत

| विवरण | 2019-20 | 2018-19. |
|---|---|---|
| विशिष्ट ऊर्जा खपत (कि. वाट/टन) (कोयले के लिए) | 29.50 | 26.50 |
| विशिष्ट ऊर्जा खपत (कि. वाट/क्यू.मी.) (कोयले एवं ओबी के लिए) | 7.97 | 6.57 |
| कुल ऊर्जा खपत (एमकेडब्ल्यूएच) | 818.14 | 820.37 |

## 19. सुरक्षा

### 19.1. पिछले 3 वर्षों के दौरान सुरक्षा संबंधी कार्यों के आंकड़े

| दुर्घटना का विवरण | 2019-20 | 2018-19 | 2017-18 |
|---|---|---|---|
| प्राणघातक दुर्घटनाओं की संख्या | 5 | 3 | 1 |
| मृतकों की संख्या | 5 | 3 | 1 |
| गंभीर रूप से घायलों की संख्या | 13 | 10 | 8 |
| मृत्यु दर/एमटी | 0.18 | 0.09 | 0.03 |

### 19.2. रॉक मास रेटिंग

रॉक रूफ के आरएमआर को निर्धारित करने एवं डंप स्लोप की निगरानी के लिए मुख्यालय एवं क्षेत्रीय स्तर पर एक भूगर्भ तकनीकी सेल स्थापित किया गया है। वर्तमान में मुख्य प्रबंधक (खनन), आइएसओ इसके प्रमुख हैं।

### 19.3. स्टील सपोर्ट

2019-20 एवं 2018-19 के दौरान रूफ सपोर्ट के लिए स्टील सामग्रियों की खपत का ब्यौरा निम्नलिखित है :

| | मद | 2019-20 | 2018-19 |
|---|---|---|---|
| क | 20 एमएम टॉर स्टील | 241.95 टन | 461.94 टन |
| ख | होलो स्क्वायर स्टील ट्यूब | शून्य | शून्य |
| ग | स्टील चॉक | शून्य | शून्य |
| घ | 1.6 एमएम एमएस शीट | 7.08टन | 9.31टन |
| ड. | 6 एमएम एमएस प्लेट | 25.72 टन | 24.27 टन |
| च | 6 एमएमX150 एमएम एमएस फ्लैट | 35.45 टन | 126.75 टन |

टिप्पणी : होलो स्क्वायर स्टील ट्यूब का प्रयोग फैब्रीकेटिंग स्टील कॉग के लिए किया जाता है।

### 19.4. सुरक्षा अंकेक्षण

बीसीसीएल की खानों के सुरक्षा मानक को सुधारने और दुर्घटना की वर्तमान प्रवृत्ति को रोकने के लिए उचित उपचारात्मक उपाय करने के लिए, बहु-विषयक अंतर क्षेत्रीय दल द्वारा सुरक्षा-जांच की गई है और इसे सभी क्षेत्रों की सभी कार्यशील खानों में किया गया है।

### 19.5. सह-संबंध सर्वेक्षण

सरफेस के साथ भूमिगत खानों में सही समन्वय/संबंध की जांच एवं स्थापना के उद्देश्य से सीएमपीडीआईएल द्वारा गाइरो थियोडीलाइट (Gyro-theodolite) जैसे आधुनिक प्रणाली का प्रयोग करते हुए सह संबंध सर्वेक्षण कराने का निर्णय लिया गया। मार्च, 2015 तक 42 खदानों के 71 सीम/होरिजन के 69 पिटों में पूरा कर लिया गया है।

### 19.6. जांच सर्वेक्षण

69 खदानों के जांच सर्वेक्षण पूरा कर लिया गया। आवश्यकतानुसार नियमित जांच सर्वेक्षण प्रगति पर है। बाहरी एजेंसियां द्वारा किए गए जांच सर्वेक्षण का विवरण निम्नलिखित है:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | बर्रागढ़ | आई. एस. एम द्वारा |
| 2. | कनकनी | सीएमपीडीआईएल द्वारा |
| 3 | केबी5/6 | - वही - |
| 4. | हुरलाडीह | - वही - |
| 5 | पूर्वी भगतडीह | - वही - |
| 6 | भौंरा (द.) | - वही - |

## 19.7. सर्वे उपकरण

कुल 11 इलेक्ट्रॉनिक स्टेशनों की खरीद की जा चुकी है और इसे क्षेत्रों के बीच वितरित किया जा चुका है। आधुनिक सर्वे उपकरण तथा सर्वे प्रक्रिया के लिए मानव संसाधन विकास विभाग, बीसीसीएल में 3 चरणों में प्रशिक्षण दिया जा चुका है। अक्टूबर, 2019 में 2 डीटीएलएस क्रय किए गए हैं और वर्तमान में ये केंद्रीय सर्वेक्षण विभाग, मुख्यालय में हैं।

## 19.8 खदानों के सुरक्षा मानक में सुधार लाने के लिए किए गए अन्य सुरक्षात्मक उपाय

### क. सुरक्षा संबंधी सामान्य सावधानियां

i. फेस से 0.6 मीटर की दूरी तक उचित तरीके से एवं पर्याप्त मजबूती के साथ रूफ बोल्ट फिक्स करने से पहले फेस में कोई ड्रिलिंग न करना।

ii. ऑडियो-विजुअल सूचक के बिना कोई भी यातायात संबंधी मशीन न चलाना।

iii. सार्वजनिक रोड से पृथक कोयला परिवहन के लिए हॉल रोड बनाना और छोटे वाहनों के लिए अलग सड़कों की व्यवस्था करना।

iv. डंप में उचित निर्धारित स्थान पर सीमित व्यक्तियों को नियोजित करना सुनिश्चित किया जाना।

v. प्रतिष्ठापित किए गए बाइंडिंग को चरणबद्ध तरीके से हटाना सुनिश्चित किया जाना।

vi. प्रतिष्ठापित किए गए बाइंडिंग की जांच/परीक्षण कोलियरी इंजीनियर द्वारा दैनिक आधार पर, क्षेत्रीय प्रबंधक (ई एंड एम), क्षेत्रीय प्रबंधक (सुरक्षा), कोलियरी इंजीनियर से मिलकर बनी समिति द्वारा मासिक आधार पर और मुख्यालय की टीम द्वारा त्रैमासिक आधार पर किया जाना सुनिश्चित करना।

vii. सक्षम प्राधिकारी की निगरानी में अनुभवी ऑपरेटरों का नियोजन करें और गर्म ओबी/कोयला निकालने से पहले उसे पानी से बुझाना सुनिश्चित करना।

viii. चार्जिंग से पहले विस्फोट छिद्रों को उचित तरह से 80 डिग्री से नीचे के तापमान तक ठंडा करना और इसे पाइरोमीटर/डिजिटल थर्मामीटर द्वारा सुनिश्चित करना।

ix. ऊँचाई एवं अन्य असुरक्षित स्थानों पर काम करते समय सुरक्षा बेल्ट एवं पीपीई का प्रयोग।

x. निर्माण कार्यों द्वारा चरणबद्ध तरीके से आने-जाने वाले रास्तों में नियमित रूप से **स्टेप कटिंग** एवं सुधार किया जाना ।

xi. हॉलेज सड़कों में अधिकृत व्यक्तियों को छोड़कर कोई अन्य व्यक्ति न आए-जाए और टब राइडिंग को रोकने (टब पर सवारी) के लिए प्रबंधक/उप प्रबंधक/माइनिंग सुपरवाईजर द्वारा औचक जांच को बढ़ाया जाना ।.

xii. पाली के शुरूआत में **सुरक्षा संबंधी विषयों पर नियमित रूप से चर्चा** करना ।

xiii. श्रमिकों द्वारा खदान के अंदर **प्रतिदीप्ति वाला फीता/जैकेट** का प्रयोग सुनिश्चित करना ।

xiv. उचित आकार के पोर्टेबल **विश्राम स्थल** मुहैया कराना और प्रत्येक बेंच में इसका रख-रखाव करना।

xv. ऑपरेटरों द्वारा **सीट बेल्ट** को पहनना सुनिश्चित करना।

xvi. विद्युत मरम्मत एवं उँचाई पर काम करने के दौरान **हाइड्रोलिक सीढ़ियों** का प्रयोग करना।

xvii. **अल्कोहलमीटर/ब्रीद एनालाइजर** का प्रयोग सुनिश्चित करना ताकि किसी भी व्यक्ति द्वारा काम के दौरान शराब का प्रयोग नहीं किया जा सके।

xviii. काम पर लगाए गए एजेंसी के प्रतिनिधियों को भी सुरक्षा समितियों में शामिल करना।

xix. हाथ में रहने वाला गैस डिटेक्टर, सुरक्षा बत्ती द्वारा भूमिगत खदानों के पर्यावरण की नियमित रूप से जांच करना। बीसीसीएल के उच्च गैसीय खदानों के पर्यावरण की नियमित जांच के लिए 45 एलएमडी उपलब्ध कराये गए है और प्रतिस्थापित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, ज्वलनशील एवं खतरनाक गैसों की नियमित जांच के लिए मुनीडीह खान में इटीएमएस प्रतिस्थापित किए गए हैं। मुनिडीह सीम XVI एवं सीम XV में मैन राइडिंग प्रणाली लगाए गए हैं।

### ख. दुर्घटनाओं से बचने के लिए सावधानियां:

दुर्घटनाओं को कम करने के लिए बीसीसीएल में निम्नलिखित कार्रवाई की गई है :-

i. मुख्यालय के वरीय अधिकारियों को समय-समय पर रात्रि पाली में निरीक्षण का निर्देश दिया गया है, ताकि रात्रि पाली में निरीक्षण की संख्या बढ़ाया जा सके।

ii. प्रत्येक मानसून के पहले प्रत्येक खान में सरफेस तथा भूमिगत दोनों स्रोतों से होने वाले जलप्लावन के खतरों की जांच की जाती है।

iii. बीसीसीएल की सभी खानों में **जोखिम आकलन** का कार्य पूरा कर लिया गया है और एसएमपी तैयार कर लिया गया है।

iv. बीसीसीएल की खानों में विद्युत आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था की गई है।

v. आपातकालीन उद्देश्य के लिए पंपों तथा अन्य संबंधित सामग्रियों को मध्य स्थल पर रखा गया है।

vi. भूमिगत नक्शे और भूमिगत चालू कार्य स्थलों में **बचकर निकलने** के मार्गों को चिन्हित किया गया है।

vii. प्रत्येक वर्ष मानसून आने के पहले **पूर्वाभ्यास** किया जाता है।

### ग. छत एवं किनारों के गिरने से बचाव :

i. चट्टानों की भू-यांत्रिकी विशेषताओं का अध्ययन किया जा रहा है और डीजीएमएस द्वारा विधिवत अनुमोदन और आरएमआर के आधार पर सपोर्ट सिस्टम को वैज्ञानिक रूप से अभिकल्पित किया जा रहा है।

ii. भूमिगत खदानों में सपोर्ट के लिए ग्राउटेड रूफ बोल्ट में तुरंत जमने वाले सीमेंट कैप्सूल के स्थान पर रेसिन कैप्सूल का प्रयोग किया जा रहा है।

iii. लकड़ी के सपोर्ट के स्थान पर स्टील सपोर्ट का प्रयोग किया जा रहा है। लांगवाल फेस पर पावर सपोर्ट प्रदान किया जा रहा है।

iv. कामगारों को ग्रीन रूफ पर एक्सपोजर से बचाने के लिए मैनुअल लोडिंग के स्थान पर एसडीएल/एलएचडी को लाया गया है। सभी हस्तचालित क्षेत्रों को एसडीएल/एलएचडी क्षेत्र में बदला गया है।

v. उत्पादन के साथ ही रूफ बोल्टिंग का रिकार्ड प्रत्येक खदान में रजिस्टर में रखा जाता है।

vi. डिपिलरिंग पैनल में डीजीएमएस की अनुमति की शर्तों का पूर्ण अनुपालन किया जाता है।

vii. स्ट्राटा कंट्रोल पर विशेष सुरक्षा अभियान/संगोष्ठी की गयीं।

## 19.9. खदानों में सुरक्षा मानकों में सुधार के लिए सुरक्षा विभाग द्वारा किए गए विशेष प्रयास

1. 41वीं कंपनी स्तरीय त्रिपक्षीएय सुरक्षा समिति की बैठक दिनांक 30.07.2019 को तल-3 सभागार, कोयला भवन में डीजीएमएस अधिकारियों, प्रबंधन और सुरक्षा बोर्ड के सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित की गयी। इस बैठक में खदानों में कार्यरत कर्मचारियों से संबंधित सुरक्षा के मुद्दों और मानसून के खतरों पर व्यापक विचार-विमर्श हुआ।
2. खदान में विद्युत सुरक्षा पर दिनांक 11.11.2019 को एक कार्यशाला आयोजित की गयी। इस कार्यशाला में आईएसओ, डीजीएमएस अधिकारियों की उपस्थिति में कामगार और बरोरा, ब्लॉक-2 व गोविंदपुर क्षेत्र के कामगार व पर्यवेक्षक मौजूद रहे।
3. आईएसओ, डीजीएमएस अधिकारियों की उपस्थिति में बरोरा क्षेत्र के कामगारों व पर्यवेक्षकों के लिए दिनांक 06.12.2019 को सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
4. बीसीसीएल के सभी समूह व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्रों में कोलियरी के कर्मचारियों के लिए विभिन्न अनुषंगी कम्पनियों में हुई दुर्घटनाओं पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन और इस पर विचार-विमर्श किया गया। यह कार्यक्रम अभी भी जारी है। .

5. बीसीसीएल सुरक्षा बोर्ड और मुख्यालय के अधिकारियों व खदान के अधिकारियों से मिलकर बनी हुई द्विपक्षीय निरीक्षण टीम द्वारा बीसीसीएल की खदानों/वाशरियों निम्नलिखित विवरण के अनुसार निरीक्षण किया गया:- :

| 2019-20 | |
|---|---|
| **निरीक्षण की तारीख** | **निरीक्षण की गयी खदानें** |
| 26.06.2019 | दुग्दावाशरी |
| 12.07.2019 | चांच विक्टोरिया क्षेत्र की खदान |
| 27.07.2019 | सिजुआ क्षेत्र की खदान |
| 06.08.2019 | कुसुंडा क्षेत्र की खदान |
| 16.08.2019 | गोविंदपुर क्षेत्र क्षेत्र की खदान |
| 30.08.2019 | कतरास क्षेत्र की खदान |
| 18.09.2019 | सुदामडीह व भोजूडीह वाशरी |
| 04.10.2019 | पुटकी बलिहारी क्षेत्र की खदान |
| 30.10.2019 | लोदना क्षेत्र की खदान |
| 27.11.2019 | बरोरा क्षेत्र की खदान |
| 09.12.2019 | पूर्वी झरिया क्षेत्र की खदान |
| 24.12.2019 | पश्चिमी झरिया क्षेत्र की खदान |
| 05.03.2020 | बस्ताकोला क्षेत्र की खदान |
| 18.03.2020 | ब्लॉक -2 क्षेत्र की खदान |

6. सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के लिए डीजीएमएस अधिकारियों, प्रबंधन और क्षेत्रीय सुरक्षा समिति की उपस्थिति में क्षेत्रीय स्तर की त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयीं, जिनका विवरण निम्नलिखित है:-

| बैठक की तारीख | क्षेत्र का नाम |
|---|---|
| 30.09.2019 | सिजुआ |
| 16.11.2019 | कतरास |
| 19.11.2019 | बरोरा |
| 11.12.2019 | पश्चिमी झरिया |
| 20.12.2019 | लोदना |
| 21.12.2019 | पुटकी बलिहारी |
| 17.01.2020 | चांच विक्टोरिया |
| 06.02.2020 | बस्ताकोला |
| 18.02.2020 | कुसुंडा |
| 18.03.2020 | ब्लॉक-2 |

7. महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं बचाव) और आईएसओ के अन्य नोडल अधिकारियों द्वारा किए औचक निरीक्षणों का विवरण निम्नलिखित है: -

| औचक निरीक्षण की तारीख | खदान का नाम | निरीक्षण करने वाले अधिकारी का नाम |
|---|---|---|
| 20.08.2019 | आरओसीपी | श्री बी के सिन्हा, श्री ए यादव, श्री एस राय |
| 06.09.2019 | आरओसीपी | महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं बचाव),श्री ए यादव |
| 09.09.2019 | एना ओसीपी | महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं बचाव) |
| 11.09.2019 | सलानपुर कोलियरी | श्री के यादव |
| 21.09.2019 | केशलपुर कोलियरी | श्री बी के सिन्हा, श्री के यादव |
| 30.09.2019 | एनटीएसटी जीनागोरा | श्री एस मितर, श्री एस राय |
| 16.10.2019 | भौरा (दक्षिण) | श्री एस मितर, श्री एस राय |

| औचक निरीक्षण की तारीख | खदान का नाम | निरीक्षण करने वाले अधिकारी का नाम |
|---|---|---|
| 16.10.2019 | तेतुलमारी कोलियरी | महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं बचाव) |
| 21.10.2019 | जोगिडीह कोलियरी | श्री के यादव |
| 28.10.2019 | एकेडब्ल्युएमसी | महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं बचाव), श्री के यादव |
| 05.11.2019 | बस्ताकोला 3 सीम | श्री ए यादव |
| 09.11.2019 | बेरा कोलियरी | श्री ए यादव |
| 11.11.2019 | एनटीएसटी पैच-बी | श्री एस मितर, श्री एस राय |
| 16.11.2019 | एनटीएसटी पैच-एफ | श्री एस मितर, श्री एस राय |
| 21.11.2019 | एकेडॅब्ल्युएमसी | श्री के यादव, श्री बी के बिमल |
| 03.12.2019 | एनटीएसटी जीनागोरा | महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं बचाव), श्री एस मितर |
| 03.12.2019 | आरओसीपी | श्री ए यादव |
| 05.12.2019 | बस्ताकोला कोलियरी तीसरी सीम | श्री ए यादव |
| 09.12.2019 | बस्ताकोला कोलियरी विक्ट्री सेक्शन | श्री ए यादव |
| 12.12.2019 | सी के साइंडिंग कुया कोलियरी | श्री ए यादव |
| 14.12.2019 | लोदना क्षेत्र की 09 नंबर साइडिंग | श्री एस मित्तर, श्री सोमेन रॉय |
| 02.01.2020 | एनटीएसटी | श्री एस मित्तर, श्री सोमेन रॉय |
| 09.01.2020 | एनएअकेसी | श्री किशोर यादव |
| 14.01.2020 | केशलपुर | श्री किशोर यादव, श्री मुकेश कुमार |
| 04.02.2020 | आरओसीपी हायर्ड पैच | महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं बचाव), श्री आदिश यादव |
| 26.02.2020 | आरओसीपी हायर्ड पैच एवं कुया | महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं बचाव), श्री आदिश यादव |
| 27.02.2020 | एकेडब्ल्युएमसी | महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं बचाव), श्री किशोर यादव |
| 03.03.2020 | एबीओसीपी | महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं बचाव), श्री एस डी ध्रुव |

8. सुरक्षा बोर्ड के सदस्यों और बीसीसीएल प्रबंधन के बीच कंपनी स्तरीय द्विपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक दिनांक 19.07.2019 और 22.10.2019 को तल-3 सभागार, कोयला भवन में खदानों की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के उद्देश्य आयोजित की गयी। इस बैठक में सभी क्षेत्रों के महाप्रबंधक/ क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी और संबंधित विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

9. आकस्मिक स्थिति की तैयरियों की जांच के लिए कंपनी और डीजीएमएस द्वारा विभिन्न खदानों और सब-स्टेशनों में पूर्व अभ्यास किये गए। इसके विवरण निम्नलिखित हैं:

| पूर्व अभ्यास की तारीख | खदान व उप केंद्र का नाम | आयोजक |
|---|---|---|
| 28.05.2019 | ए एस पी कोलियरी | कोलियरी प्रबंधन |
| 14.06.2019 | सलानपुर कोलियरी | कोलियरी प्रबंधन |
| 26.06.2019 | एना कोलियरी | कोलियरी प्रबंधन |
| 27.06.2019 | बस्ताकोला कोलियरी | कोलियरी प्रबंधन |
| 11.07.2019 | एबीओसीपी | कोलियरी प्रबंधन |
| 13.07.2019 | एनजीके कोलियरी | कोलियरी प्रबंधन |
| 17.07.2019 | ईस्ट बसुरिया कोलियरी | कोलियरी प्रबंधन |
| 09.08.2019 | महेशपुर कोलियरी | डीजीएमएस |
| 14.08.2019 | एडीआई कोलियरी | डीजीएमएस |
| 16.08.2019 | शताब्दी विद्युत उपकेंद्र | डीजीएमएस |
| 26.08.2019 | फुलारीटांड कोलियरी | कोलियरी प्रबंधन |
| 30.08.2019 | पुटकी बलिहारी परियोजना | डीजीएमएस |

10. **बीसीसीएल की कॉलोनियों में सुरक्षा चौपाल/सुरक्षा जागरूकता संगोष्ठी निम्नलिखित विवरण के अनुसार सफलतापूर्वक आयोजित की गयीं-**

| 2019 | |
|---|---|
| **सुरक्षा चौपाल/कॉलोनी संगोष्ठी की तारीख** | **कॉलोनी का नाम (क्षेत्र)** |
| 09.08.2019 | तिलाटांड कॉलोनी (कतरास क्षेत्र) |
| 20.01.2020 | बालूडीह कॉलोनी (पश्चिमी झरिया क्षेत्र) |
| 21.01.2020 | 2 पिट के मैरिन कॉलोनी (बस्ताकोला क्षेत्र) |
| 22.01.2020 | भीमकनाली कॉलोनी (ब्लॉक-2 क्षेत्र) |
| 23.01.2020 | अवाशिया कॉलोनी म.प्र. कार्यालय, कतरास क्षेत्र |
| 25.01.2020 | निचितपुर कॉलोनी (सिजुआ क्षेत्र) |
| 25.01.2020 | एमओसीपी कॉलोनी (लोदना क्षेत्र) |
| 21.02.2020 | रिवरसाइड कॉलोनी (पूर्वी झरिया क्षेत्र) |

11. दुर्घटनाओं के लिए उत्तरदायी असुरक्षित कार्यों और असुरक्षित गतिविधियों और इनसे निपटने के सुरक्षात्मक उपाय से अवगत कराने के लिए सभी संबंधित लोगों को नियमित तौर पर व्हाट्सएप समूह के माध्यम से समूह के सदस्यों को संदेश भेजे जाते हैं। .

12. बीसीसीएल की सभी इकाइयों में दिनांक 28.04.2018 को कार्यस्थल पर विश्व सुरक्षा और स्वास्थ्य दिवस आयोजित किया गया।

13. दिनांक 04.07.2018 को कल्याण भवन में विद्युत सुरक्षा पर एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी। इस कार्यशाला में श्री अजय कुमार सिंह, निदेशक खान सुरक्षा (विद्युत), मध्य क्षेत्र, डीजीएमएस, धनबाद ने विद्युत संस्थापना से संबंधित मुद्दों पर व्याख्यान दिया।

14. दिनांक 03.09.2018 को निदेशक (तकनीकी)/संचालन, उप महानिदेशक, उप महानिदेशक (विद्युत), निदेशक खान सुरक्षा (विद्युत) और डीजीएमएस मध्य क्षेत्र के अन्य अधिकारी गण की मौजूदगी में खान सुरक्षा महानिदेशालय के साथ एक द्विपक्षीय बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में विद्युत संस्थापना में सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर विचार-विमर्श को सुनने के लिए सभी सहायक प्रबंधक (ई एंड एम), ई एंड एम विभाग के अन्य अधिकारी और आईएसओ के अधिकारी मौजूद थे।

15. सुरक्षा बैठकों की बांरबारता/संख्या बढ़ा दी गई है।
    - मुख्यालय में द्विपक्षीय सुरक्षा समिति बैठक-दो महीने में एक बार
    - मुख्यालय में एएसओ समन्वय की बैठक-महीने में एक बार
    - खान पर महीने में दो बार सुरक्षा समिति की बैठक-(एक बैठक क्षेत्रीय महाप्रबंधक द्वारा की जा रही है) किराए के एचईएमएम पैचों के ठेका मजदूरों को सुरक्षा समिति की बैठक में नामित किया गया है।

## 19.10. (क) प्रशिक्षण कार्यक्रम (प्रतिभागियों की संख्या)

| क्र. सं. | प्रशिक्षण के प्रकार | 2019-20 | 2018-19 |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रबंधन प्रशिक्षण एवं तकनीकी प्रशिक्षण | 6354 | 5564 |
| 2 | आईआईसीएम | 435 | 690 |
| 3 | विदेश में कुल प्रशिक्षण | 04 | 01 |
| | **कुल** | **6793** | **6255** |

## (ख) प्रशिक्षण कार्यक्रम (प्रतिभागियों की संख्या)

| क्र. सं. | प्रशिक्षण के प्रकार | 2019-20 | 2018-19 |
|---|---|---|---|
| 1 | बुनियादी | 340 | 294 |
| 2 | पुनश्चर्या | 6493 | 6821 |
| 3 | विशेष एवं अन्य | 1884 | 1555 |
| 4 | सुरक्षा सम्मेलन के अनुसार | 1994 | 1423 |
| | **कुल** | **10711** | **10093** |

# 20. कार्मिक

## 20.1. श्रमशक्ति से संबंधित सामान्य आंकड़े

बीसीसीएल की श्रमशक्ति 1 अप्रैल, 2019 को 46019 और 31 मार्च, 2020 को 43425 थी। वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान इसमें 2594 (5.64%) की कमी आयी है।

**श्रमशक्ति की स्थिति:**

**31.03.2019 की तुलना में 31.03.2020 को कंपनी की तुलनात्मक श्रमशक्ति निम्नलिखित है:-**

| क्र.सं. | श्रेणी | स्थिति | | वृद्धि/ह्रास |
|---|---|---|---|---|
| | | | 31.03.2020 | अप्रैल,2019से मार्च, 2020 तक |
| I | अधिकारी | 2091 | 1989 | -102 |
| II | मंथली रेटेड | 7342 | 6779 | -563 |
| III | डेली रेटेड | 35497 | 34073 | -1424 |
| IV | पीस रेटेड | 15 | 15 | 0 |
| V | अन्य | 1074 | 569 | -505 |
| **कुल** | | **46019** | **43425** | **-2594** |

**01.04.2019 की तुलना में मौजूदा श्रमशक्ति में 2594 (5.64 %) की शुद्ध कमी**






| श्रमशक्ति में हुई कमी का विवरण | |
|---|---|
| **विवरण** | **1 अप्रैल,2019 से 31 मार्च, 2020 तक** |
| सेवानिवृत्त | 2490 |
| कंपनी से अलग होना (बर्खास्त एवं सेवा समाप्ति के कारण) | 44 |
| त्यागपत्र | 26 |
| मृत्यु | 406 |
| चिकित्सकीय अयोग्यता | 1 |
| महिला वीआरएस | 0 |
| अन्य कंपनी मेंस्थानांतरण | 106 |
| निदेशक के रूप में नियुक्ति | 1 |
| **कुल कमी** | **3074** |

| श्रमशक्ति में हुई वृद्धि का विवरण | |
|---|---|
| **विवरण** | **1 अप्रैल,2019 से 31 मार्च, 2020 तक** |
| नई नियुक्ति | 39 |
| एनसीडब्लूए 9.3.0 | 322 |
| एनसीडब्लूए 9.4.0 | 7 |
| जमीन के बदले नियोजन | 14 |
| पुनर्बहाली/काम पर पुनः योगदान | 18 |
| महिला वी आर एस | 46 |
| अन्य कंपनी से स्थानांतरित होकर आना | 34 |
| | |
| **कुल वृद्धि** | **480** |

**शुद्ध कमी (2019-20 के दौरान) = 2594**

कंपनी की श्रमशक्ति के आंकड़े को अद्यतन रखा जाता है एवं इसकी सूचना सीआइएल, कोयला मंत्रालय, सांविधिक निकायों एवं अन्य को नियमित रूप से भेजी जाती है। उपर्युक्त आंकड़ों के आधार पर वार्षिक कार्य-योजना, श्रमशक्ति अनुमान योजना, दीर्घकालिक योजना आदि जैसी योजना प्रक्रियाओं के लिए

समय-समय पर संश्लेषित आंकड़े तैयार किए जाते हैं। क्षेत्र-वार अनुपस्थिति आंकड़ों की मासिक निगरानी की जाती है तथा क्षेत्रों की अनुपस्थिति के प्रतिशत को स्वीकार्य/अनुमत सीमा (यानि 20%) के भीतर रखने के उद्देश्य से विवेचनात्मक विश्लेषण किया जाता है।

## 20.2. श्रमशक्ति बजट

**2019-20 के लिए स्वीकृत श्रमशक्ति बजट का सारांश निम्नलिखित है:**

| क्र.सं. | मद | संख्या |
|---|---|---|
| (i) | 31.01.2019 को वर्तमान में कुल श्रमशक्ति (अधिकारी को छोड़कर) | 44464 |
| (ii) | वर्ष 2019-20 में स्वीकृत कुल श्रमशक्ति | 40957 |
| (iii) | वर्ष 2018-19 में बजट में कुल श्रमशक्ति आधिक्य | 3507 |

लक्षित उत्पादन कार्यक्रमों के लिए आने वाले वर्षों में खानों में मशीनीकरण के विस्तार को ध्यान में रखते हुए उपलब्ध मशीनों एवं श्रमशक्ति स्रोतों पर श्रमशक्ति बजट आधारित होता है। प्रत्येक परियोजना अथवा स्थापना में श्रमशक्ति की आवश्यकता के अनुसार **शून्य आधारित बजट** की अवधारणा का पालन किया जाता है।

उत्पादन लक्ष्य और सहयोगी गतिविधियों को पूरा करने के लिए सांविधिक, पैरामेडिकल प्रमुख एवं आवश्यक पदनामों/श्रेणियों के लिए श्रमशक्ति का आवश्यकता आधारित प्रावधान बनाया जाता है। श्रमशक्ति बजट बनाते समय कंपनी में कम्प्यूटरीकरण के स्तर पर भी विचार किया जाता है।

## 20.3 नियुक्ति एवं चयन

i. कंपनी में सांविधिक पदों और ओवरसियर (सिविल) की कमी को भरने के लिए वर्ष 2018-19 एवं 2019-20 के दौरान निम्नलिखित संख्या में भर्तियां की गई:-

| क्र. सं. | पदनाम | 2019-20 | 2018-19 |
|---|---|---|---|
| 1 | कनिष्ठ ओवरमैन | 07 | 73 |
| 2 | माइनिंग सरदार | 05 | 35 |
| 3 | ओवरसियर (सिविल) | Nil | 23 |
| **कुल** | | **12** | **131** |

ii. वर्ष 2019-20 के दौरान पदोन्नत किए गए कर्मचारियों कुल संख्या – 2658

**iii. अनुसूचित जाति/जनजाति एवं अन्य पिछड़ी जातियों के लिए: आरक्षण/ रियायत/छूट एवं अन्य सुविधाएं**

**iv. 01.01.2020 को श्रम शक्ति:**

अनुसूचित जाति- 18.31%, अनुसूचित जनजाति- 26.32% एवं अन्य पिछड़ा वर्ग.- 18.99%

**v. प्रशिक्षण एवं कौशल विकास सुविधाएं:**

- केंद्रीय अस्पताल धनबाद में संचालित स्कूल ऑफ नर्सिंग, तकनीकी स्कूल द्वारा तीन वर्षीय नर्सिंग एंड मिडवाइफ का डिप्लोमा प्रदान किया जाता है।
- झारखंड राज्य के आरक्षित अनु. जा./अनु. ज. जा. के छात्रों के लिए यह पूरा पाठ्यक्रम प्रति छात्र रू. 30,000/- के मामूली शुल्क पर प्रदान किया जाता है।
- माइनिंग सरदार " प्रशिक्षुओं " का प्रशिक्षण: बीसीसीएल ने एससी/एसटी उम्मीदवारों में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए माइनिंग सरदार के प्रशिक्षण हेतु झारखंड राज्य एवं बंगाल से 10 अ.जा. एवं 10 अ.ज. जाति के छात्रों (उममीदवारों) का चयन किया है, ताकि उन्हें सक्षम बनाने हेतु चार वर्ष का माइनिंग सरदार का प्रशिक्षण दिया जा सके। खनन प्राधिकरणों के लिए " प्रशिक्षुओं " के तैयार करने के लिए सीआईएल की योजना के अनुसार सक्षम पदाधिकारी द्वारा गैस-परीक्षण एवं फर्स्ट-एड प्रमाण पत्र दिया जाता है। यह केंद्र बीसीसीएल के पुटकी बलिहारी क्षेत्र में अवस्थित है।

| | | |
|---|---|---|
| क | बीसीसीएल द्वारा प्रशिक्षण पर होने वाले कुल खर्च का वहन किया जाता है, जिसमें निम्नलिखित सम्मिलित हैं- | |
| | (i) | छात्रावास |
| | (ii) | खाद्य सामग्री (खाना) |
| | (iii) | पठन/पाठन सामग्री |
| | (iv) | प्रवेश लेने के लिए यात्रा-भत्ता |
| ख | प्रशिक्षण की अवधि के दौरान " प्रशिक्षुओं " को जेब खर्च हेतु निम्नलिखित दरों पर " मासिक भत्ते " का भुगतान किया जाता है: | |
| | (i) | प्रथम वर्ष के दौरान रू. 1000.00/- प्रतिमाह |
| | (ii) | द्वितीय वर्ष के दौरान रू. 1250.00/- प्रतिमाह |
| | (iii) | तृतीय वर्ष के दौरान रू. 1500.00/- प्रतिमाह |
| | (iv) | चौथे व अंतिम वर्ष के दौरान रू. 1750.00/- प्रतिमाह |

- अ.जा./अ.ज.जा. एवं अन्य पिछड़े वर्ग के कर्मचारियों के कैरियर में विकास के लिए आवश्यक कौशल विकास हेतु मानव संसाधन विकास विभाग (एचआरडी) द्वारा अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संचालित किए जा रहे हैं।

### vi. शिकायत निवारण तंत्र:

- अ.जाति/अ.जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग के (ओबीसी) कर्मचारियों की शिकायतों के निवारण के लिए एससी/एसटी/ओबीसी प्रकोष्ठ कंपनी मुख्यालय में चल रहा है। इसके अलावा प्रत्येक क्षेत्रों/प्रतिष्ठानों में एसटी कर्मचारियों की शिकायतों के समाधान के लिए सक्षम पदाधिकारियों को नामित किया गया है।
- प्रभावी और समयबद्ध तरीके से अ.जा./अ.ज.जा./ओबीसी समेत सभी कर्मचारियों की समस्याओं के उचित समाधान हेतु एक शिकायत निवारण प्रकोष्ठ भी मुख्यालय में कार्यरत है।
- मुख्यालय में उनकी समस्याओं के समाधान हेतु एसोसिएशन/फेडरेशन के साथ संरचित बैठकें भी आयोजित की जाती है। इसके अलावा मुख्यालय में संपर्क अधिकारियों द्वारा अ.जा./अ.ज.जा./ओबीसी कर्मचारियों की शिकायतों की निपटान के लिए उनके साथ नियमित संवाद एवं वार्ता भी आयोजित की जाती है।

### vii. वार्षिक बैठकें:

शिकायतों के निपटान के लिए अ.जा./अ.ज.जा. के संघ/ महासंघों के साथ मुख्यालय एवं क्षेत्रीय स्तर पर वार्षिक संरचित बैठकों का आयोजन किया जाता है।

वर्ष 2019-20 के दौरान अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि. परिषद के संघ/महासंघों के साथ आयोजित बैठकों की संख्या- 10

बैठक में उठाए गए प्रमुख मुद्दे: स्थानांतरण, पोस्टिंग, नया भुगतान-निर्धारण, वेतन-विसंगति, सिविल कार्य, जन्म तिथि से संबंधित, आवास आवंटन इत्यादि।

### viii. कंपनी के सीएसआर के माध्यम से विकासपरक गतिविधियां:

बीसीसीएल उन क्षेत्रों में स्थित है जहां के अधिकांश इलाके अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गों के हैं। सीएसआर की तमाम योजनाओं का विस्तार अनुसूचित जाति/जनजातियों तक किया जाता है। सीएसआर के तहत की गई सभी गतिविधियों में समुदाय आधारित कार्यक्रम होते हैं जिससे बड़ी संख्या में लोगों को लाभ मिलता है। बीसीसीएल ने सीएसआर कार्यक्रमों को ज्यादातर उन इलाकों में कार्यान्वित किया है जहां अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गों के लोगों की आबादी अधिक है।

बीसीसीएल ने इन क्षेत्रों में विकासपरक गतिविधियां जैसे- सामुदायिक केंद्र/मसाला चक्की केंद्र/ स्वास्थ्य उपकेंद्र/प्राथमिक विद्यालय/बहुउद्देशीय सभागार/ सार्वजनिक शौचालय/चिल्ड्रेन पार्क/पीसीसी सड़के और नालियां आदि की हैं। ऐसी योजनाओं से लाभान्वित होने वालों व्यक्तियों का विवरण नहीं रखा गया है इसलिए लाभुकों में से एससी/एसटी लाभुकों का विवरण उपलब्ध नही है। कोविड 19 के दौरान अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजातियों वाले ग्रामीण इलाकों में खाद्य पैकेजों का वितरण भी किया गया है।

**ix. भर्ती/पदोन्नति में छूट:**

- कर्मचारियों की पदोन्नति के लिए (तकनीकी एवं गैर-तकनीकी) विभागीय पदोन्नति समिति का गठन किया गया है, जिसमें अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति श्रेणी के एक सदस्य को अनिवार्य रूप से शामिल किया गया है ताकि अनुसूचित जातियों के रिक्तियों में आरक्षण एवं अन्य रियायतों से संबंधित विभिन्न आदेशों और निर्देशों का अनुपालन किया जा सके।
- इस विषय पर दिए गए आदेशों के अनुसार सभी पदों पर सीधी भर्ती एवं पदोन्नति के लिए रोस्टर का प्रयोग किया जा रहा है।
- सीधी भर्ती प्रक्रिया में लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार शामिल है। साक्षात्कार विधिवत रूप से गठित बोर्ड द्वारा आयोजित किया जाता है जिसमें अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के सदस्य, राज्य सरकार के सदस्य एवं तकनीकी विशेषज्ञ शामिल रहते हैं।
- अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति श्रेणी के उम्मीदवारों का साक्षात्कार सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों से अलग ब्लॉक/बैठकों में लिया जाता है।.
- अन्य छूट एवं आरक्षण का प्रतिशत नीचे दिया गया है-
  - सीधी भर्ती के मामले में अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. को निम्नानुसार छूट/ रियायत दी गयी:
    1. सीधी भर्ती में आयु में छूट अनुसूचित जाति/जनजाति - 5 वर्ष और अन्य पिछड़ा वर्ग-03 वर्ष
    2. परीक्षा शुल्क में छूट - अनुसूचित जाति/जनजाति के लिए कोई शुल्क नही
    3. लिखित परीक्षा में अर्हता अंक में छूट
    4. अनुसूचित जाति/जनजाति अभ्यर्थियों को उनके निवास स्थान से साक्षात्कार स्थल तक द्वितीय श्रेणी रेल किराया (आने और जाने) की प्रतिपूर्ति
  - सीधी भर्ती के मामले में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग को दी जाने वाली छूट/रियायतें झारखंड सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (DOPTs) के कार्यालय द्वारा ज्ञापन सं.- 36017/2/2004-Estt(Res), दिनांक 05.07.2005 के अनुसार समूह ग एवं घ के लिए, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए जो आरक्षण निर्धारित है जैसे- अ.ज.12%, अ.ज.जा.- 26% एवं अ.पि. वर्ग- 12% के अनुसार उन्हें भर्ती में आरक्षण दिया जा रहा है।

| समूह | सीधी भर्ती में आरक्षण का प्रतिशत | | |
|---|---|---|---|
| | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.वर्ग |
| समूह- अ | अधिकारियों की भर्ती सीआईएल स्तर पर की जाती है | | |
| समूह- ब | 15.0 | 7.5 | 27 |
| समूह- घ | 12.0 | 26.0 | 12 |

- पदोन्नति में आरक्षण की प्रतिशत- अ.जा.के लिए 15% अनुसूचित ज.जा. के लिए- 7.5%

**x. मुख्यालय एवं क्षेत्रीय स्तर पर आवास आवंटन समिति में सदस्यता:**

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति श्रेणी के एक सदस्य को कर्मचारी के हितों की रक्षा के लिए आवास आवंटन समिति में शामिल किया जाता है।

**xi. अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति या किसी अन्य वीआईपी संदर्भों से प्राप्त अभिवेदन का त्वरित उत्तर** और कार्यान्वयन भी आयोग के आदेशानुसार लिखित रूप से सुनिश्चित किया गया है। इसके लिए उनसे कोई भी अतिरिक्त शुल्क या जुर्माना नहीं लिया जाता है।

**xii. वार्षिक उत्सव:** डा. भीमराव रामजी अंबेडकर को कृतज्ञता एवं श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बीसीसीएल द्वारा प्रतिवर्ष 14 अप्रैल को अंबेदकर जयंती और 6 दिसंबर को महापरिनिर्वाण दिवस मनाया जाता है।

## 20.4. वर्ष 2019-20 के दौरान प्राप्त एमओयू मानदंड

| क्र.सं. | मानदंड | उत्कृष्ट लक्ष्य (100%) | उपलब्धि |
|---|---|---|---|
| 8(i) | **परिशिष्ट 'क'** (नीचे दिए गए) की सूची के अनुसार नियमित प्रकृति के मानव संसाधन (एचआर) मानकों की उपलब्धि। | 8 | 8 (100%) |
| 8(iii) | **परिशिष्ट 'ख'** (दिए गए) की सूची के अनुसार महिला कर्मचारियों की नेतृत्व क्षमता में विकास एवं संतुलित कामकाजी जीवन में सुधार करने के लिए कम से कम 15 पहल। | 31.01.2020 | 31.01.2020 (100%) |

### परिशिष्ट- क:

### नियमित प्रकृति के एचआर मानकों की सूची निम्नलिखित है-

| क्र.सं. | मानक |
|---|---|
| i. | एसीआर/एपीएआर को लिखित रूप में निर्धारित समय सीमा का अनुपालन करते हुए सभी अधिकारियों (ई0 एवं उससे ऊपर) की एसीआर/एपीएआर नियमित रूप से ऑनलाइन जमा करना। |
| ii. | वरिष्ठ अधिकारियों (ई-5 एवं उससे ऊपर) के त्रैमासिक सतर्कता मंजूरी को नियमित रूप से ऑनलाइन अद्यतन करना। |
| iii. | सीआईएल अधिकारियों के प्रतिभा प्रबंधन नीति के अनुसार उत्तराधिकारी योजना का संचालन। |
| iv. | दिनांक 30.09.2019 से 30.10.2019 तक दी गयी (कट-ऑफ-डेट) अंतिम तारीख तक विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) के सभी योग्य उम्मीदवारों के बायोडाटा का सत्यापन एवं अद्यतन। |
| v. | प्रतिभा प्रबंधन एवं व्यवसायिक कैरियर में विकास के लिए कम से कम 5% अधिकारियों (ई0 एवं उससे ऊपर) के लिए भारत के उत्कृष्ट संस्थानों, जैसे- आईआई_ टी, आईआईएम, एनआईटी, आइसीएआई में एक सप्ताह का नियमित प्रशिक्षण। |
| vi. | मानव संसाधन प्रबंधन पद्धति (एचआरएमएस) का नियमित रूप से ऑनलाइन अद्यतन। |
| vii. | 30 सितंबर, 2019 तक, जनवरी, 2020 से मार्च, 2020 के तिमाही तक 50 से 55 वर्ष की आयु वाले अधिकारियों से संबंधित मामलों के लिए प्रारंभिक समीक्षा समिति की सिफारिश जमा करना। |
| viii. | एचआर (मानव संसाधन) लेखा सिफारिशों का कार्यान्वयन। |

### परिशिष्ट- ख

### महिला कर्मचारियों के कामकाजी जीवन में संतुलन एवं नेतृत्व क्षमता में विकास हेतु पहल।

| क्र.सं. | पहल | विवरण | समय सीमा | सीआईएल मुख्यालय को सूचना |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कामकाजी एवं घरेलू मोर्चे पर संतुलन कैसे बनाया जाए, इसे प्रोत्साहित करने के लिए बेहतर हेतु संतुलन विषयवस्तु (अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, 2019 की विषयवस्तु के समान)। | कामकाजी जीवन एवं घर में संतुलन बनाने संबंधी विषय पर सभी महिलाओं को अपने-अपने कहानियों को साझा करने की विषयवस्तु पर अनुषंगी कंपनी (व्यवहार्यता के अनुसार मुख्यालय एवं क्षेत्रों में) द्वारा दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन। | 1 नवंबर, 2019 को कंपनी के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक महोदय द्वारा तीन सबसे बेहतर कहानियों का चयन (स्थापना दिवस के अन्य कार्यक्रमों के साथ) | 25 अक्टूबर, 2019 तक विवरण प्रेषित करना। |
| 2. | महिला शौचालयों/प्रसाधनों का रखरखाव एवं नवीनीकरण (जहां आवश्यक हो) | महिला शौचालय स्वच्छता दिवस मनाए जाने से पहले शौचालयों के आस-पास सफाई एवं सौंदर्यीकरण। | 30 अक्टूबर, 2019 को मुख्यालय एवं सभी अनुषंगी इकाईयों में महिला शौचालय स्वच्छता दिवस मनाया गया। | 15 नवंबर,2019 को इस दिवस की सभी तस्वीरें प्रेषित करना। |
| 3. | सेनेटरी नैपकिन के निपटान के लिए सभी मुख्यालयों में सेनेटरी वेंडिंग मशीनों की स्थापना। | मुख्यालय में समुचित स्थान पर मशीन की स्थापना और इसकी निपटान व्यवस्था को सुनिश्चित करना | 31 दिसंबर, 2019 तक | 31 दिसंबर, 2019 तक मुख्यालय को विवरण प्रेषित करना। |
| 4. | लैगिक जागरूकता पर कार्यक्रम | महिला कर्मचारियों के साथ व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक मोर्चे पर पुरूषों द्वारा जोर-जबरदस्ती के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम। | 31 दिसंबर, 2019 के पहले | फोटो के साथ 31 दिसंबर, 2019 तक विवरण प्रेषित करना। |

| क्र.सं. | पहल | विवरण | समय सीमा | सीआईएल मुख्यालय को सूचना |
|---|---|---|---|---|
| 5. | शारीरिक स्वस्थता के लिए योगा, मेडिटेशन एवं मार्शल आर्ट पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन। | बीसीसीएल द्वारा निर्धारित तौर तरीके। | उसी महीने के 15 तारीख तक, तथा दिसंबर, 2019 के पहले। | महीने की 30 तारीख तक मुख्यालय एवं सभी इकाईयों से फोटो प्रेषित करना। |
| 6 | तनावरहित जीवन प्रबंधन हेतु मानसिक स्वास्थ्य कल्याण कार्यक्रम का आयोजन। | बीसीसीएल द्वारा निर्धारित तौर तरीके। | उसी महीने के 15 तारीख तक, तथा दिसंबर, 2019 के पहले। | महीने की 30 तारीख तक मुख्यालय एवं सभी इकाईयों से फोटो प्रेषित करना। |
| 7 | महिला कर्मचारियों के लिए दो स्वास्थ्य परीक्षण शिविर (नियमित जांच) का आयोजन। | अनुषंगी इकाईयों में पदस्थापित सभी महिला कर्मचारियों का नियमित स्वास्थ परीक्षण। | 31 दिसंबर, 2019 तक। | फोटो के साथ सभी विवरण 31 दिसंबर, 2019 तक प्रेषित करना। |
| 8 | महिलाओं की जीवन शैली से जुडी बीमारियों जैसे महिलाओं के स्तन कैंसर पीसीओएस, गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर या किसी अन्य स्त्री रोग संबंधित बीमारियों के बारे में जागरूकता कार्यक्रम। | अनुषंगी इकाईयों द्वारा कम से कम दो कार्यशाला का आयोजन। | 30 नवंबर, 2019 तक की समय सीमा निर्धारित। | फोटो के साथ प्रतिपुष्टि विवरण सीआईएल मुख्यालय को 5 नवंबर, 2019 तक प्रेषित करना। |
| 9 | सभी अनुषंगी इकाईयों में ई-5 से नीचे की प्रबंधकीय महिला कर्मचारियों के लिए व्यवहारिक कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन। | प्रतिभागियों में अंतर क्षेत्रीय एवं अंतर विभागीय ई-5 एवं उससे नीचे की महिला कर्मी । | कार्यशाला आयोजित करने की अंतिम तारीख 30 नवंबर, 2019 | 5 दिसंबर, 2019 तक प्रतिभागियों की संक्षिप्त प्रतिक्रिया फोटो सहित एक फार्म के माध्यम से प्रेषित करना। |
| 10 | ई-6 एवं उससे ऊपर की प्रबंधकीय महिला अधिकारियों के लिए व्यवहारिक कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम। | प्रतिभागियों में अंतर क्षेत्रीय एवं अंतर विभागीय ई-6 एवं उससे ऊपर की महिला कर्मी। | कार्यशाला आयोजित करने की अंतिम तारीख 30 नवंबर, 2019 | 5 दिसंबर, 2019 तक प्रतिभागियों की प्रतिक्रिया फोटो सहित संक्षेप में प्रेषित करना। |
| 11 | आपात स्थिति में प्रयोग आने वाले महिला सुरक्षा एप की शुरूआत। | इस सुरक्षा एप की तैयारी और संचालन को पूर्ण करना जिसमें महिलाएं अपनी समस्याओं की जानकारी दो आकस्मिक नंबर पर भेज सकती हैं। | 30 नवंबर, 2019 तक | 15 दिसंबर, 2019 तक विवरण सीआईएल मुख्यालय को प्रेषित करना। |
| 12. | अनुषंगी मुख्यालय में महिलाओं के लिए न्यूरो भाषाई प्रोग्रामिंग कार्यशाला का आयोजन। | संपूर्ण अनुषंगी से प्रतिभागी। कार्यशाला में भाग लेने के लिए सभी अनुषंगी कंपनियां कर्मचारी एवं अधिकारियों के लिए दो अलग-अलग समूह बनाएं। | कार्यशाला आयोजित करने की अंतिम तारीख 30 सितंबर, 2019 | 5 अक्टूबर, 2019 तक प्रतिभागियों की प्रतिक्रिया फोटो सहित संक्षेप में प्रेषित करना। |
| 13 | महिला कर्मचारियों में नेतृत्व क्षमता का विकास। | एक कार्यक्रम का आयोजन करना। | नवंबर,2019 के तीसरे सप्ताह में। | सीआईएल की नीति प्रकोष्ठ को सूचना देना। |
| 14. | महिला कर्मचारियों के कामकाजी जीवन में संतुलन के लिए कार्यशाला का आयोजन। | एक कार्यक्रम का आयोजन करना। | 31 दिसंबर, 2019 तक | सीआईएल की नीति प्रकोष्ठ को सूचना देना। |
| 15. | गैर-अधिकारी महिला कर्मचारियों के लिए कंप्यूटर प्रवीणता कौशल विकास कार्यक्रम। | तीन दिवसीय कार्यक्रम। | अगस्त, 2019 तक। | सीआईएल की नीति प्रकोष्ठ को सूचना देना। |

## 21. मानव संसाधन वकिास

### प्रशिक्षण विवरण-मानव संसाधन विकास विभाग, बीसीसीएल

### 1. सारांश

| स्थान | लक्ष्य | | अर्जित | | % उपलब्धि | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2019-20 | 2018-19 | 2019-20 | 2018-19 | 2019-20 | 2018-19 |
| मानव संसाधन विकास विभाग | 3714 | 3564 | 4940 | 5564 | 133% | 156% |
| समूह व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्र | 9536 | 10065 | 11609 | 10988 | 122% | 109% |
| कुल | 13250 | 13629 | 16549 | 16552 | 125% | 121% |







**2. वर्ष 2019-20 के लिए एमओयू निष्पादन रिपोर्ट :**

1. **सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (आईआईटी/एएससीआई) में 5% अधिकारियों का प्रशिक्षण**

   - दिनांक 30.06.2019 को अधिकारियों की संख्या = 2080
   - लक्ष्य : 104 अधिकारी (5%)
   - उपलब्धि: आई आई टी-84 तथा ए एस सी आई-24:कुल-108

| लक्ष्य | उपलब्धि |
|---|---|
| 104 | 108 (104%) |

2. **कार्य संतुलन के साथ ही नेतृत्व विकास हेतु महिला कर्मियों के लिए न्यूनतम 15 पहलों के प्रशिक्षण कार्यक्रम**

   15 पहल कार्यक्रम में से 09 प्रशिक्षण कार्यक्रम मानव संसाधन विकास विभाग को सौंपे गए। इनका सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। उपलब्धि 100% रही।

3. **सांविधिक पदों के लिए प्रशिक्षित किए गए कर्मचारियों की संख्या**

| विवरण | 2019-20 | 2018-19 | 2017-18 | 2016 - 17 | 2015-16 |
|---|---|---|---|---|---|
| माइन मैनेजरशिप | 66 | 61 | 48 | 119 | 234 |
| ओवरमैनशिप | 39 | 36 | 33 | 50 | 80 |
| माइनिंग सरदारशिप | 41 | 70 | 105 | 128 | 190 |
| सर्वेयरशिप | 09 | 23 | 18 | 13 | 21 |
| बाइंडिंग इंजन ऑपरेटर | 48 | 18 | 33 | 30 | 19 |
| गैस टेस्टिंग | 327 | 33 | 290 | 69 | 69 |
| इलेक्ट्रिकल सुपरवाईजर | 250 | 140 | 65 | 60 | 88 |
| **कुल** | **780** | **381** | **592** | **469** | **701** |

4. **वर्ष 2019-20 के दौरान आंतरिक प्रशिक्षण कार्यक्रम**

| प्रशिक्षित किए गए लोगों की सं. | 2019-20 | 2018-19 | 2017-18 | 2016-17 | 2015 -16 |
|---|---|---|---|---|---|
| | 4940 | 5564 | 5787 | 6811 | 7040 |

5. **वर्ष 2019-20 के दौरान प्रशिक्षित की गई महिला कर्मचारियों की संख्या**

| विवरण | 2019-20 | 2018-19 | 2017-18 | 2016-17 | 2015 -16 |
|---|---|---|---|---|---|
| अधिकारी | 251 | 188 | 127 | 182 | 185 |
| सुपरवाइजर | 91 | 53 | 67 | 61 | 93 |
| श्रमिक | 498 | 225 | 184 | 538 | 143 |
| **कुल** | **840** | **466** | **378** | **781** | **421** |

6. **वर्ष 2019-20 में वार्षिक कार्य योजना के अनुसार आयोजित आंतरिक प्रशिक्षण कार्यक्रम**

| संस्थान का नाम | 2019-20 | 2018-19 | 2017-18 | 2016-17 | 2015 -16 |
|---|---|---|---|---|---|
| एम.डी.डी. | 2434 | 2404 | 1957 | 1818 | 3161 |
| एस.डी.डी. | -- | - | 1562 | 1144 | 1097 |
| एम.टी.डी. | 836 | 906 | 527 | 748 | 902 |
| इ.एम.टी.डी. | 1670 | 2254 | 1741 | 1527 | 1880 |
| **कुल** | **4940** | **5564** | **5787** | **5237** | **7040** |

(टिप्पणी:-एसडीडी को बंद कर दिया गया है और इसके प्रशिक्षण कार्यक्रमों को एमडीडी, एमटीडी और ईएमटीडी में मिला दिया गया है।)

## बाह्य प्रशिक्षण

7. **आईआईसीएम, रांची में बाह्य प्रशिक्षण**

| 2019-20 | 2018-19 | 2017-18 | 2016-17 | 2015-16 |
|---|---|---|---|---|
| 435 | 690 | 338 | 475 | 365 |

8. **देश के अंदर बाह्य प्रशिक्षण**

| 2019-20 | 2018-19 | 2017-18 | 2016-17 | 2015-16 |
|---|---|---|---|---|
| 621 | 508 | 763 | 881 | 1310 |

9. **विदेश में प्रशिक्षण**

| 2019-20 | 2018-19 | 2017-18 | 2016-17 | 2015-16 |
|---|---|---|---|---|
| 04 | 01 | 02 | 11 | 05 |

**कुल बाह्य प्रशिक्षण (7+8+9)**

| 2019-20 | 2018-19 | 2017-18 | 2016-17 | 2015-16 |
|---|---|---|---|---|
| 1060 | 1199 | 1103 | 1367 | 1680 |

10. **जीवीटीसी में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम**

| विवरण | 2019-20 का वार्षिक लक्ष्य | 2019-20 | 2018-19 | 2017-18 | 2016-17 | 2015-16 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बुनियादी | आवश्यकतानुसार | 340 | 294 | 370 | 731 | 895 |
| पुनश्चर्या | 5929 | 6493 | 6821 | 7528 | 7975 | 11916 |
| 5 दिवसीय कार्य आधारित प्रशिक्षण (एमओयू के अंतर्गत) | - | -- | - | -- | - | 5840 |
| विशेष एवं अन्य प्रशिक्षण | 1195 | 1884 | 1555 | 1366 | 1199 | 882 |
| सुरक्षा सम्मेलन की अनुशंसा के अनुसार | 1987 | 1994 | 1423 | 1806 | 1614 | 1794 |
| ठेका मजदूरों का प्रशिक्षण | 425 | 898 | 895 | 1272 | 2765 | 3361 |
| **कुल** | **9536** | **11609** | **10988** | **12342** | **14284** | **24688** |

11. **जीवीटीसी में ठेका मजदूरों का प्रशिक्षण**

| 2019-20 | 2018-19 | 2017-18 | 2016-17 | 2015-16 |
|---|---|---|---|---|
| 898 | 895 | 1272 | 2765 | 3361 |

12. **तकनीकी एवं प्रबंधन पाठ्यक्रम में विभिन्न शैक्षिक संस्थानों के विद्यार्थियों को नि:शुल्क व्यावसायिक/ग्रीष्मकालीन/शीतकालीन औद्योगिक प्रायोगिक प्रशिक्षण**

| 2019-20 | 2018-19 | 2017-18 | 2016-17 | 2015-16 |
|---|---|---|---|---|
| 875 | 1055 | 1179 | 1230 | 1165 |

13. **अप्रेन्टिस - 2019-20**

| अप्रेन्टिस | अनुमोदित सीट | प्रस्ताव | कार्य योगदान |
|---|---|---|---|
| ग्रेजुएट अप्रेंटिस (पीजीपीटी) पोस्ट ग्रेजुएट प्रायोगिक प्रशिक्षण | गैर-माइनिंग : 110 | 1454 | 46 |
| | माइनिंग : 10 | 10 | 01 |
| | कुल : 120 | 1464 | 47 |
| टेक्निशियन एप्रेंटिस (पीडीपीटी) पोस्ट डिप्लोमा प्रायोगिक प्रशिक्षण | गैर-माइनिंग : 169 | 2367 | 86 |
| | माइनिंग : 250* | 250 | 155 |
| | कुल : 419 | 2617 | 241 |
| ट्रेड अप्रेन्टिस (आईटीआई धारियों के लिए प्रायोगिक प्रशिक्षण) | कुल : 863 | 4101 | 1019 |
| **कुल** | **1302** | **8182** | **1307** |

अप्रेन्टिस - 2019-20 : लक्ष्य- 1302; अर्जित- 1307 (100%)

* टिप्पणी: 1. बीसीसीएल कर्मियों के पुत्र/पुत्रियों के लिए पीडीपीटी हेतु 30 सीटों में से 23 पर कार्य योगदान किया।

2. खुली खदान परियोजना के लिए 100 सीटों में से, 12 पीडीपीटी ने कार्य योगदान दिया।

3. उपर्युक्त 130 सीटें कुल लक्ष्य में सम्मिलित नही हैं।

14. **अप्रेंटिस अधिनियम के तहत पीडीपीटी (खनन) प्रशिक्षण**

| 2019 - 20 | 2018 - 19 | 2017 - 18 | 2016 - 17 | 2015 - 16 |
|---|---|---|---|---|
| 155 | 120 | 120 | 185 | 55 |

15. **सीआईएल की विशेष महिला वीआरएस योजना के तहत, इलेक्ट्रिशियन, फिटर, वेल्डर आदि ट्रेड में आईटीआई प्रमाणपत्र प्राप्त करने वाले और बीसीसीएल में नियोजित आश्रित** : 39

16. **एनसीएल में डंपर ऑपरेटरों को दिया गया सिम्युलेटर प्रशिक्षण** : 96

**विद्युत पर्यवेक्षकों की संख्या** : 75

**तैयार एलटी/एचटी इलेक्ट्रिशियन** : 97

ड्राइवर/डोज़र/ड्रिल ऑपरेटर को विकसित करने पर और अधिक केंद्रित किया गया - पीडीपीटी, पीजीपीटी और ट्रेड अप्रेन्टिस को 1414 आरंभिक, अभिविन्यास और सुरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

17. **एनसीडब्ल्युए 9:4:0 ((चिकित्सीय रूप से अयोग्य) के अंतर्गत प्राप्त आवेदन और महाप्रबंधक (कार्मिक), मुख्यालय को संदर्भित**

| 2019-20 | 2018-19 | 2017-18 | 2016-17 | 2015-16 |
|---|---|---|---|---|
| 10 | 36 | 108 | 157 | 170 |

18. **सीआईएल के दिशा-निर्देश के अनुसार माइनिंग सरदार "प्रशिक्षु" की तैयारी हेतु बने प्रशिक्षण योजना** के तहत पुटकी बलिहारी क्षेत्र में 19 अ.जा./ अ.ज.जा. श्रेणी के अभ्यर्थियों (20 आवंटन के बदले) को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

**मानव संसाधन विकास विभाग, कल्याण भवन में आयोजित महत्वपूर्ण कार्यशालाएं**

1. **कार्यक्रम का नाम :** मैनेजमेंट ऑफ इमोशनल कोशंट एंड हाउ टू एक्सेल इन डिफरेंस सिचुएशंस.

**दिनांक:** 07-05-2019

**गणमान्य अतिथि:** श्री रामशंकर महापात्र, निदेशक (कार्मिक), बी.सी.सी.एल

**संकाय:** श्री एस पी सिंह, पूर्व निदेशक (तकनीकी) परियोजना एवं योजना, बीसीसीएल

2. मानव संसाधन विकास विभाग, बीसीसीएल द्वारा 93 सुरक्षा प्रशिक्षुओं को सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया है ताकि उनका नियमितीकरण सुरक्षा गार्ड संवर्ग में हो सके। इस कार्यक्रम के संकाय बीसीसीएल, सीआईएसएफ और पुलिस विभाग के अधिकारी थे।

3. **कार्यक्रम का नाम:** आईएसओ 9001: 2015, आईएसओ 14001: 2015 और 45001: 2018 पर जागरूकता कार्यक्रम

   **दिनांक:** 28 व 29 जनवरी 2020

   **गणमान्य अतिथि**: श्री रामशंकर महापात्र, निदेशक (कार्मिक), बी.सी.सी.एल

   **संकाय:** सीएमपीडीआईएल, रांची से विशेषज्ञ।

4. **कार्यक्रम का नाम:** ऑपरेशनल एक्सिलेंस - लीन एंड सिक्स सिग्मा

   **दिनांक:** 22-05-2019

   **गणमान्य अतिथि:** निदेशक (तकनीकी) परियोजना एवं योजना, बी.सी.सी.एल

   **संकाय:** श्री मनीष कुमार, यूके, ग्रेट ब्रिटेन

5. कार्यक्रम का नाम: हायर्ड एचईएमएम अनुबंध निष्पादन के समय सामान्य अनियमितताओं पर सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम

   **दिनांक:** 10-07-2019, 17-07-2019, 24-07-2019 और 30-07-2019

   **गणमान्य अतिथि:** निदेशक (तकनीकी) परियोजना एवं योजना, बीसीसीएल एवं मुख्य सतर्कता पदाधिकारी बीसीसीएल।

   **संकाय:** सतर्कता, कार्मिक एवं सर्वेक्षण विभाग के अधिकारी।t

6. **कार्यक्रम का नाम:** इंटर्नल कॉस्ट कंट्रोल सिस्टम (ICCS) रिव्यू ऑडिट एट बीसीसीएल

**दिनांक:** 21-01-2020 और 22-01-2020

**गणमान्य अतिथि:** निदेशक (वित्त), बी.सी.सी.एल

**संकाय:** श्री ए के दास, पूर्व सीएमडी, एन.सी.एल एवं श्री सी वाधवा

7. सीआईएल और इसकी अनुषंगी कंपनियों के बीच एमओयू 2019-20 को अंतिम रूप देते समय एचआर पैरामीटरों से संबंधित लक्ष्य पर बीसीसीएल द्वारा सहमति दी गई थी । सक्षम प्राधिकारी द्वारा एमओयू में महिला कर्मचारियों के कामकाजी जीवन को संतुलित करने के साथ-साथ कंपनी में नेतृत्व विकास के लिए 15 सराहनीय पहलों को शामिल किया गया था। कुल 15 पहलों में से 9 मानव संसाधन विकास विभाग, बीसीसीएल को सौंपी गयी थी और प्रत्येक को निर्धारित समय सीमा के अंदर पूरा करने का निर्देश दिया गया था।

   मानव संसाधन विकास विभाग, बीसीसीएल को सौंपी गई सभी 9 एमओयू पहलों को पूरा कर लिया गया है, जिसकी रिपोर्ट यथा समय संबंधित अधिकारियों को विधिवत रूप से सौंपी दी गई है।

8. **कार्यक्रम का नाम:** बीसीसीएल के सर्वेक्षकों और सर्वे अधिकारियों के लिए '3डी टेरेस्ट्रियल लेजर स्कैनर' पर प्रशिक्षण कार्यक्रम
   **दिनांक:** 03.12.2019 से 07.12.2019 और 03.02.2020 से 07.02.2020

**9. अतिरिक्त गतिविधियां**

(क) दिनांक 03.10.2019 को सिंगल यूज प्लास्टिक को रोकने के लिए शपथ

(ख) दिनांक 28.10.2019 को सत्यनिष्ठा की शपथ

**10. दिनांक 17.03.2020 से 20.03.2020 के दौरान एनसीएल सिंगरौली में खुली खदान में और प्रशिक्षण केंद्र में अनुभव प्राप्त करने के लिए बीसीसीएल के जीवीटीओ और खदान पर्यवेक्षक कर्मी द्वारा फील्ड विजिट**

## 22 . कल्याण एवं सामुदायिक विकास गतिविधियां

### शैक्षिक सुविधाएं

शैक्षिक सुविधाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से बीसीसीएल ने डीएवी स्कूलों, दिल्ली पब्लिक स्कूलों एवं सरस्वती विद्या मंदिर जैसी प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थानों के साथ करार करके अनेक प्रोजेक्ट/सेमी प्रोजेक्ट स्कूलों की स्थापना की है। जहां बीसीसीएल द्वारा आधारभूत संरचनात्मक सुविधाएं एवं वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। ये संस्थान स्कूल को अपने शिक्षकों एवं स्टाफ की मदद से चलाते हैं। तदनुसार, बीसीसीएल रु. 1.00 करोड़ प्रतिवर्ष की वित्तीय सहायता निम्नलिखित 08 प्रोजेक्ट स्कूलों को प्रदान करती है।

## प्रोजेक्ट स्कूल

| क्र. सं. | स्कूल का नाम | स्थान | वित्तीय सहायता प्रतिवर्ष |
|---|---|---|---|
| 1 | डीएवी पब्लिक स्कूल | कुसुन्डा | 7,50,000/- |
| 2 | डीएवी पब्लिक स्कूल | अलकुसा | 17,50,000/- |
| 3 | डीएवी पब्लिक स्कूल | लोदना | 950,000/- |
| 4 | डीएवी पब्लिक स्कूल | मुनीडीह | 15,50,000/- |
| 5 | डीएवी पब्लिक स्कूल | दुग्दा | 11,23,158/- |
| 6 | डीएवी पब्लिक स्कूल | कोयला नगर | 20,36,420/- |
| 7 | सरस्वती विद्या मंदिर | भूली | 10,57,826/- |
| 8 | सरस्वती विद्या मंदिर | गोविंदपुर | 7,82,596/- |
| | **कुल** | | **1,00,00,000/-** |

## सेमी प्रोजेक्ट स्कूल

| क्र. सं. | स्कूल का नाम | स्थान |
|---|---|---|
| 1 | डीएवी पब्लिक स्कूल | बरोरा |
| 2 | डीएवी पब्लिक स्कूल | महुदा |
| 3 | दिल्ली पब्लिक स्कूल | धनबाद |

## शिक्षण शुल्क की माफी

केंद्रीय परामर्श समिति (सीएसी) के अध्यक्ष की अनुशंसा के आधार पर निर्धन परिवार के मेधावी विद्यार्थियों का शिक्षण-शुल्क माफ कर दिया जाता है और उन्हें बीसीसीएल के प्रोजेक्ट स्कूलों में निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाती है।

## निजी समिति द्वारा प्रबंधित स्कूलों को दी जाने वाली वित्तीय सहायता

वर्तमान में, सीआईएल द्वारा निर्गत परिपत्र सं. CIL/C-5C/5513 (A) (COOM.PTTN)/56 दिनांक 23 जून, 2011 के अनुसार 75 (पचहत्तर) निजी समिति प्रबंधित स्कूल बीसीसीएल से वित्तीय सहायता प्राप्त कर रहे हैं।

## कर्मचारियों के बच्चों को वित्तीय सहायता

वेज-बोर्ड कर्मचारियों के जिन बच्चों ने आइआइटी, एनआईटी या किसी भी सरकारी संस्थान में बी. टेक या एमबीबीएस में प्रवेश प्राप्त कर लिया है, उन्हें वर्ष 2009-10 से ट्यूशन फीस और छात्रावास शुल्क की प्रतिपूर्ति हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है।

## पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रदान की गई वित्तीय सहायता

| वर्ष | संवर्ग | छात्रों की संख्या | व्यय राशि |
|---|---|---|---|
| 2017-18 | मेडिकल/इंजीनियरिंग | 114 | 44,96,560.00 |
| 2018-19 | मेडिकल/इंजीनियरिंग | 85 | 39,16,070.00 |
| 2019-20 | मेडिकल/इंजीनियरिंग | 71 | 36,86,047.00 |

## कर्मचारी हितग्राही निधि सोसायटी (2019-20)

- बीसीसीएल इम्पलाइज बिनेवोलेंट फंड सोसाइटी स्कीम के तहत बीसीसीएल लम्बी बीमारी के दौरान एवं मृत्यु हो जाने के मामले में छात्रवृति एवं वित्तीय सहायता प्रदान करती है।
- मृत्यु के मामले में 216 लाभार्थियों को रु. 1,16,90,000/- की वित्तीय सहायता प्रदान की गई।
- कर्मचारियों के 255 बच्चों को रु. 3,59,600/- की छात्रवृति प्रदान की गई।

- सेवानिवृति पर प्रत्येक कर्मचारी को रु. 1000/- का मानदेय प्रदान किया गया।
- लंबी बीमारी के मामले में वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

## कोल इंडिया छात्रवृत्ति

कर्मचारी प्रत्येक शैक्षिक-सत्र में अपने बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए निम्नलिखित आवेदन कर सकते हैं:-

(क) मेधा छात्रवृत्ति (ख) सामान्य छात्रवृत्ति

### (क) मेधा छात्रवृत्ति

i) यह छात्रवृत्ति उन अभ्यर्थियों को प्रदान की जाती है, जिन्होंने माध्यमिक/ हाईस्कूल या अन्य राज्य बोर्ड परीक्षा में 1 से 20वें स्थान के बीच रैंक प्राप्त की हो।

ii) आईसीएसई/सीबीएसई/आईएससी (X या XI) बोर्ड के वैसे छात्रों को जिन्होंने 95% या उससे अधिक अंक प्राप्त किया हो, जहां मेधा सूची घोषित नहीं की जाती है वहां अधिकतम साढ़े चार वर्ष अथवा अध्ययन पूरा होने की अवधि तक, इनमें से जो भी कम हो की शर्त के आधार पर।

### (ख) सामान्य छात्रवृत्ति

- यह छात्रवृत्ति कक्षा-V से ऊपर स्नातक/स्नातकोत्तर तक किसी भी विद्या के अध्ययन में लगे विद्यार्थियों के लिए मान्य है।
- अ.जा./अ.ज.जा. वर्ग के विद्यार्थियों को इस छात्रवृत्ति को प्राप्त करने के लिए शिक्षा के विभिन्न क्लास/स्टैण्डर्ड में निर्धारित अंकों में 10% की छूट दी जाती है। .

## खेलकूद एवं मनोरंजन

कर्मचारियों के समग्र विकास के लिए उनके मनोरंजन के साथ-साथ उनके शारीरिक स्वास्थ्य को बनाये रखने के लिए खेलकूद को कंपनी का एक अभिन्न अंग बनाया गया है।

खेल-कूद को बढ़ावा देने के लिए न केवल कर्मचारियों एवं उनके बच्चों को लाभान्वित करने पर विशेष ध्यान दिया जाता है, बल्कि स्थानीय लोगों एवं उनके बच्चों के साथ-साथ खदानों के आस-पास रहने वाले को भी इसमें शामिल किया जाता है। संबंधित विभाग विभिन्न प्रकार के कोचिंग शिविर का आयोजन करता है, खेल-कूद का सामान/उपकरण मुहैया कराता है तथा वित्तीय सहायता प्रदान करता है। बीसीसीएल के अनेक कर्मचारियों ने राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेलों में भाग लिया है और विजयी होकर कंपनी की प्रतिष्ठा बढ़ाई है।

ऐसे प्रत्येक आयोजनों में कर्मचारियों को व्यापक रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है और इनमें जो सफल होते हैं, वे बीसीसीएल या अन्य अनुषंगी कंपनियों द्वारा द्वारा आयोजित सीआईएल/अखिल भारतीय पब्लिक सेक्टर प्रतियोगिताओं में बीसीसीएल का प्रतिनिधित्व करते हैं।

## शहीद स्मारक फुटबाल टूर्नामेंट

गजलीटांड खदान में हादसे में मारे गए 64 खनिकों की स्मृति में दिनांक 19.09.2019-26.09.2019 तक गजलीटांड मैदान में फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित करने के लिए रु. 45,000/- की वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

## सिजुआ एजुकेशनल ऐंड स्पोर्ट क्लब

बीसीसीएल द्वारा कोल इंडिया फुटबॉल अकादमी के लिए सिजुआ फुटबॉल स्टेडियम के मैदान को तैयार करने और मैदान के माली पर खर्च के लिए रु. 1.50 लाख की राशि की मंजूरी प्रदान की गई।

### अखिल क्षेत्रीय अंचल खेलकूद प्रतियोगिता दिनांक 10 जनवरी, 2020 से निम्नलिखित विवरण के अनुसार आयोजित की गयी:

| क्रम सं. | अंचल | दिनांक | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | अंचल-I | 10 से 11 जनवरी, 2020 | ब्लॉक-2 |
| 2. | अंचल-II | 10 से 11 जनवरी, 2020 | कुसुंडा |
| 3. | अंचल-III | 15 से 16 जनवरी, 2020 | सिजुआ |
| 4. | अंचल-IV | 17 से 18 जनवरी, 2020 | चांच विक्टोरिया |

## अंतर क्षेत्रीय प्रतियोगिता 2019 : खेलकूद की सूची

| क्रम सं. | खेल | दिनांक | स्थान | विजेता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | टेबल टेनिस | 25 अक्तूबर, 2019 | पश्चिमी झरिया | कोई टीम चैंपियनशिप नही |
| 2. | कैरम | 03 से 04 दिसंबर, 2019 | कुसुंडा क्षेत्र | -वही- |
| 3. | ब्रिज | 23 से 24 अक्टूबर, 2019 | बस्ताकोला क्षेत्र | -वही- |
| 4. | लॉन टेनिस | 30 अक्टूबर, 2019 | ब्लैक डायमंड क्लब, कोयला नगर | -वही- |
| 5. | बैडमिंटन | 6-7 नवंबर, 2019 | नेहरू कॉम्प्लेक्स कोयला नगर | -वही- |
| 6. | हॉकी (चयन ट्रायल) | 8-9 नवंबर, 2019 | चांच विक्टोरिया | -वही- |
| 7. | क्रिकेट | 19-27 नवंबर, 2019 | लोदना | लोदना |
| 8. | कबड्डी | 28-29 नवंबर, 2019 | कतरास | कतरास |
| 9. | शतरंज | 6-7 जनवरी, 2020 | बरोरा | कोई टीम चैंपियनशिप नही |
| 10. | वॉलीबाल | 26-27 दिसंबर, 2019 | पूर्वी झरिया | कतरास |
| 11. | केंद्रीय खेलकूद | जनवरी, 2020 का अंतिम सप्ताह | लोदना | अंचल-1 |

बीसीसीएल के अंतर क्षेत्रीय प्रतियोगिताओं की झलकियां

बीसीसीएल अंतर क्षेत्रीय बैडमिंटन/हॉकी प्रतियोगिता

बीसीसीएल अंतर क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता/बीसीसीएल अंतर क्षेत्रीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता का शुभारंभ

बीसीसीएल अंतर क्षेत्रीय शतरंज प्रतियोगिता

बीसीसीएल अंतर क्षेत्रीय ब्रिज प्रतियोगिता

**कल्याण बोर्ड की बैठकें:**

वर्ष 2019-20 में कल्याण बोर्ड की बैठकें

| क्र. सं. | दिनांक | स्थल | टिप्पणियां/एजेंडा |
|---|---|---|---|
| 1 | 05.02.2019 | निदेशक (का.) कार्यालय में अवस्थित मिनी सभागार | कल्याण उपाय- आवास, स्वास्थ्य, सीएसआर, जल, स्कूल एवं अन्य। |
| 2 | 13.06.2019 | तल-III सभागार | कल्याण उपाय- आवास, स्वास्थ्य, सीएसआर, जल, स्कूल एवं अन्य। |

| क्र. सं. | दिनांक | स्थल | टिप्पणियां/एजेंडा |
|---|---|---|---|
| 3 | 26.06.2019 | म.प्र. (का.)/कल्याण का कार्यालय कक्ष | सामान्यत: कल्याण उपाय |
| 4 | 03.01.2020 | म.प्र. (का.)/कल्याण का कार्यालय कक्ष | सामान्यत: कल्याण उपाय |

### क्षेत्रों में कल्याण बोर्ड के सदस्यों के साथ बैठक

विभिन्न कल्याणकारी उपायों जैसे कार्यस्थल पर सुविधाएं, जल, स्वास्थ्य आदि मुद्दों पर विभिन्न क्षेत्रों में बोर्ड के सदस्यों के साथ बैठकें आयोजित की गयीं।

| क्र.सं. | दिनांक | क्षेत्र | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | 17.04.2019 | ब्लॉक-2, बरोरा | 9.00 बजे पूर्वाह्न से |
| 2 | 19.04.2019 | सीवी | 9.00 बजे पूर्वाह्न से |
| 3 | 22.04.2019 | बस्ताकोला | 9.00 बजे पूर्वाह्न से |
| 4 | 24.04.2019 | सिजुआ, कतरास | 9.00 बजे पूर्वाह्न से |
| 5 | 26.04.2019 | पूर्वी झरिया | 9.00 बजे पूर्वाह्न से |
| 6 | 03.05.2019 | पुटकी बलिहारी और पश्चिमी झरिया | 9.00 बजे पूर्वाह्न से |
| 7 | 14.05.2019 | कुसुंडा | 9.00 बजे पूर्वाह्न से |
| 7 | 28.05.2019 | गोविंदपुर | 9.00 बजे पूर्वाह्न से |
| 8 | 30.05.2019 | लोदना | 9.00 बजे पूर्वाह्न से |

### विभिन्न क्षेत्रों में कल्याणकारी उपायों जैसे कार्यस्थल पर सुविधाएं, जल, स्वास्थ्य आदि पर विभिन्न क्षेत्रों में बोर्ड सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक

| क्र.सं. | दिनांक | क्षेत्र | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | 10.01.2020(शुक्रवार) | पूर्वी झरिया, पूर्वी वाशरी जोन(भोजूडीह), लोदना | 9.00 बजे पूर्वाह्न से |
| 2 | 11.01.2020(शनिवार) | गोविंदपुर | 9.00 बजे पूर्वाह्न से |
| 3 | 13.01.2020(सोमवार) | पश्चिमी वाशरी जोज़ (दुग्दा, महुदा) | 9.00 बजे पूर्वाह्न से |
| 4 | 16.01.2020(गुरुवार) | पश्चिमी झरिया , पुटकी बलिहारी | 9.00 बजे पूर्वाह्न से |
| 5 | 18.01.2020(शनिवार) | मुख्यालय | 9.00 बजे पूर्वाह्न से |
| 6 | 20.01.2020(सोमवार) | कुसुंडा, बस्ताकोला | 9.00 बजे पूर्वाह्न से |
| 7 | 21.01.2020(मंगलवार) | चांच विक्टोरिया | 9.00 बजे पूर्वाह्न से |
| 7 | 23.01.2020(गुरुवार) | ब्लॉक -II, बरोरा | 9.00 बजे पूर्वाह्न से |
| 8 | 24.01.2020(शुक्रवार) | सिजुआ, कतरास | 9.00 बजे पूर्वाह्न से |

### वर्ष 2019 में कल्याणकारी उपायों पर क्षेत्रीय उप समिति के साथ विभाग द्वारा क्षेत्रवार आयोजित अन्य बैठकें

| क्र. सं. | दिनांक | क्षेत्र |
|---|---|---|
| 1 | 16.07.2019(मंगलवार) | चांच विक्टोरिया |
| 2 | 19.07.2019 (शुक्रवार) | बरोरा, ब्लॉक-II, गोविंदपुर |
| 3 | 22.07.2019(सोमवार) | कतरास, सिजुआ |
| 4 | 26.07.2019(शुक्रवार) | पुटकी, पश्चिमी झरिया, पश्चिमी वाशरी जोन |
| 5 | 29.07.2019(सोमवार) | लोदना, पूर्वी झरिया, पूर्वी वाशरी जोन |
| 6 | 13.08.2019(मंगलवार) | बस्ताकोला और कुसुंडा |

## मई दिवस समारोह

पिछले वर्षों की तरह इस साल भी बीसीसीएल ने 1 मई, 2019 को मई दिवस को धूमधाम से मनाया गया। श्रमिक चौक, रांगाटांड़ पर स्थित खनिक मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। कोयला नगर स्थित शहीद स्मारक स्थल पर प्रात: 08.30 बजे से सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गयी, जिसमें सभी क्षेत्रों के शहीद हुए कर्मियों के परिवार के सदस्यों को भी आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित बीसीसीएल के प्रकार्य निदेशकगण, उपमहानिरीक्षक, के.औ.सु.ब, बीसीसीएल इकाई और क्षेत्रों व मुख्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गयी।

## बीसीसीएल में स्वतंत्रता दिवस, 2019 का उत्सव

इस साल भी बीसीसीएल के सिजुआ स्टेडियम में स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। बीसीसीएल के विभिन्न परियोजना स्कूलों के स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्ति नृत्य, नाटक का प्रदर्शन किया गया। सीआइएसएफ, बीसीसीएल इकाई द्वारा भी प्रस्तुति दी गयी।

## सीआइएल स्थापना दिवस, 2019 का आयोजन

बीसीसीएल में 1 नवंबर, 2019 को सीआइएल स्थापना दिवस, 2019 का आयोजन बहुत ही शानदार तरीके से पूरे कंपनी में किया गया।

कोयला भवन में ध्वजारोहण

सर्व धर्म प्रार्थना सभा

## अंबेडकर जयंती

बीसीसीएल द्वारा कोयला नगर में डॉ. भीम राव अम्बेडकर की 128 वीं जयंती 14 अप्रैल, 2019 को मनायी गयी। इस अवसर पर अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, निदेशकगण एवं बीसीसीएल के अन्य अधिकारियों द्वारा डॉ. भीम राव अम्बेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। सिस्टा (कोल इंडिया एससी/एसटी एम्प्लाइज एसोसिएशन) के प्रतिनिधि भी इस अवसर पर उपस्थित थे और इसका आयोजन बहुत उत्साह के साथ किया गया।

### क्षेत्र वार दौरा / निरीक्षण (17 अप्रैल-30 मई, 2019)

कल्याण बोर्ड के सदस्यों द्वारा जल उपचार संयंत्रों और अस्पतालों/औषधालयों के निरीक्षण के साथ-साथ कैंटीन, पेयजल आपूर्ति, शौचालय, रैम्प और अन्य कार्यस्थल सुविधाओं के निरीक्षण के लिए फील्ड का दौरा किया गया। इस दौरे का आयोजन दिनांक 17.04.2019 से 30.05.2019 तक किया गया था।

### सभी क्षेत्रों में कल्याण उपायों पर चर्चा के लिए चरणबद्ध जागरूकता समीक्षा बैठकें

महाप्रबंधक (कार्मिक) की अध्यक्षता में कल्याण विभाग ने उन सभी क्षेत्रों में चरणबद्ध जागरूकता बैठकें आयोजित की थी, जहाँ कल्याणकारी उपायों के तहत विभिन्न प्रावधानों पर चर्चा की गई और साथ ही साथ विशिष्ट मुद्दों का विश्लेषण भी किया गया था। इस सत्र में संबंधित क्षेत्र की क्षेत्रीय कल्याण उप-समिति के साथ महाप्रबंधक ने भाग लिया था।

### प्रोजेक्ट और सेमी-प्रोजेक्ट स्कूलों का निरीक्षण (नवंबर-दिसंबर, 2019)

महाप्रबंधक (कार्मिक)-कल्याण की अध्यक्षता में कल्याण विभाग द्वारा बीसीसीएल के समझौता ज्ञापन के अंतर्गत चलने वाले प्रोजेक्ट और सेमी प्रोजेक्ट स्कूलों में दौरा किया गया। इसमें 08 डीएवी, 02 सरस्वती विद्या मंदिर और 01 डीपीएस सम्मिलित है। निरीक्षण के दौरान स्कूल प्राधिकारियों से स्कूलों के संपूर्ण विकास और कल्याण से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गयी।

## महिला कर्मियों के लिए योग व मार्शल आर्ट (20-21 दिसंबर, 2019)

समझौता ज्ञापन 2019-20 के अनुसार, महिला कर्मियों के लिए 15 पहल के अंतर्गत कल्याण विभाग द्वारा महिला कर्मियों के लिए मार्शल आर्ट, योग आदि पर विशेष ध्यान देते हुए शारीरिक स्वास्थ्य हेतु एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## मुख्यालय में सैनिटरी वेंडिंग मशीन की स्थापना और सैनिटरी नैपकीन के निपटान के लिए व्यवस्था

समझौता ज्ञापन लक्ष्य 19-20 में उपलब्धि के लिए बीसीसीएल द्वारा स्वीकार की गयी महिला कर्मियों के लिए 15 सराहनीय पहल के रूप में कोयला भवन के तल-1 में महिलाओं के सामूहिक कक्ष में 19 मार्च, 2020 को एक सैनिटरी - नेपकिन वेंडिंग मशीन स्थापित की गयी है।

**कल्याणकारी उपायों पर अंतर क्षेत्रीय प्रतियोगिता**

## क्षेत्रवार दौरे/शोधन संयंत्र और अस्पताल/डिस्पेंसरियों का निरीक्षण

कल्याणकारी उपायों पर एक अंतर क्षेत्रीय प्रतियोगिता आयोजित की गयी, जिसमें कामगारों के कार्यस्थल और निवास स्थान की स्थिति के मूल्यांकन हेतु जल शोधन संयंत्र, अस्पताल/डिस्पेंसरियों, एम्बुलेंस आदि के निरीक्षण के लिए क्षेत्रों के दौरे/निरीक्षण किये गये। यह दौरे सभी 12 क्षेत्रों, वाशरी और मुख्यालय में दिनांक 10.01.2020 से 24.01.2020 के दौरान किए गए। निरीक्षण दल में बीसीसीएल कल्याण बोर्ड के सदस्य (यूनियन) महाप्रबंधक (का./कल्याण) के साथ ही संबंधित क्षेत्र के महाप्रबंधक, क्षेत्रीय प्रबंधक (कार्मिक), क्षेत्रीय प्रबंधक (सिविल), क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी सम्मिलित थे। सभी क्षेत्रों को अच्छा कार्य करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से निरीक्षण के पश्चात पहले व दूसरे स्थान पर आने वाले क्षेत्रों को **गणतंत्र दिवस, 2020** के अवसर पर सम्मानित किया गया।

### प्रतियोगिता में क्षेत्रों की श्रेणीवार स्थिति

| क्र.सं. | श्रेणी | स्थान | क्षेत्र का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | सर्वेश्रेष्ठ क्षेत्र (समस्त मानकों में ) | **प्रथम** | **पश्चिमी झरिया** |
| | | द्वितीय | चांच विक्टोरिया |
| 2 | जल शोधन संयंत्र | **प्रथम** | **ब्लॉक-2** |
| | | द्वितीय | पुटकी बलिहारी |
| 3 | अस्पताल | **प्रथम** | **बरोरा- क्षेत्रीय अस्पताल बाघमारा** |
| | | द्वितीय | कोयला नगर अस्पताल |
| 4 | डिस्पेंसरी | **प्रथम** | **लायकडीह चांच विक्टोरिया** |
| | | द्वितीय | गोविंदपुर डिस्पेंसरी |
| 5 | एम्बुलेंस | **प्रथम** | **भीमकनाली डिस्पेंसरी ब्लॉक-2** |
| | | द्वितीय | गोविंदपुर डिस्पेंसरी |
| 6 | शौचालय | **प्रथम** | **बरोरा** |
| | | द्वितीय | सिजुआ |
| 7 | स्वच्छता | **प्रथम** | **बस्ताकोला** |
| | | द्वितीय | कतरास |

## 23. पेंशन

### 1. बीसीसीएल द्वारा सीएमपीएफ ऑफिस में जमा किए गए पेंशन दावों के आंकड़े

| **2019-20 में प्रस्तुत किये जाने वाले पेंशन दावे** | **2019-20 में प्रस्तुत किये जाने वाले पेंशन दावे** |
|---|---|
| **2961** | **3922*** |

*** इनमें 2019-20 से पूर्व के कुछ मामलें शामिल हैं**

### 2. सीएमपीएफ ऑफिस द्वारा निपटाए गए पेंशन दावों के आंकड़े

| 2019-20 के दौरान प्रस्तुत पेंशन दावे | वर्ष के दौरान पेंशन दावों का निपटान |
|---|---|
| 3922 | 4206* |

### 3. उपलब्धियां

| | वर्ष 2018-19 | वर्ष 2019-20 |
|---|---|---|
| उपलब्धि % (प्रस्तुतिकरण बनाम निपटान) | **91.47%** | **97.29%** |

### पेंशन लागू होने की तिथि से मार्च, 2020 तक हुई प्रगति

(क) मार्च, 2020 तक उत्तरोत्तर प्रस्तुत : 124047

(ख) मार्च, 2020 तक उत्तरोत्तर निपटान : 123928

### 5. विशेष उपलब्धियां

(क) सभी इकाइयों/क्षेत्रों से संबंधित सीपीई 03/19 का वाईवाई स्टेटमेंट संबंधित क्षेत्रों को उनके कर्मचारियों में वितरण के लिए भेजा जा चुका है।

**(ख) सेमिनार/कार्यशालाएं/समन्वय बैठकें:**

सीएमपीएफओ की समन्वय बैठक के अलावा पेंशन प्रकोष्ठ ने क्षेत्रीय स्तर पर 3 (तीन) समन्वय बैठकों का आयोजन किया है, जिसमें क्षेत्रीय स्तर के सभी शंकाओं एवं शिकायतों का समाधान पेंशन प्रकोष्ठ दल द्वारा किया गया।

पेंशन प्रकोष्ठ द्वारा क्षेत्रों एवं प्रतिष्ठानों में पीएफ एवं पेंशन संबंधी मामलों में मदद के लिए 13 (तेरह) क्षेत्रीय दौरा किया गया।

पेंशन प्रकोष्ठ के अधिकारियों ने सीएमपीएफओ के अंचल कार्यालयों एवं मुख्यालय का नियमित दौरा कर सीएमपीएफ अधिकारियों के साथ समन्वय के लिए संपर्क किया है।

**(ग) पेंशन भोगियों के लिए डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट हेतु जागरूकता:**

पेंशनभोगियों को डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट के प्रति जागरूक बनाने के लिए बीसीसीएल के सभी क्षेत्रों को कहा गया। पेंशनभोगियों के डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट बनाने के लिए यूएसबी फिंगर प्रिंट स्कैनर का प्रयोग किया जा रहा है।

**(घ) 'मिशन बस्वास' के तहत सेवानिवृत्ति माह में पीएफ एवं पेंशन दावों का निपटान:**

मिशन बस्वास के तहत सेवानिवृत्त कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत 1792 पीएफ एवं पेंशन दावों का निपटान / चालू माह में सीएमपीएफओ को अग्रेषण कर दिया गया है।

**(ङ) पीएफ एवं पेंशन दावों के लिए 'सहज' प्रपत्र का प्रयोग शुरू करना:**

पीएफ एवं पेंशन दावों को केवल 'सहज' प्रपत्र के माध्यम से संसाधित किया जा रहा है।

**(च) पीएफ/पेंशन दावों के साथ "पूर्व या उत्तरजीवी" खातों का क्रियान्वयन:**

सीएमपीएफओ को भेजे जा रहे पीएफ/पेंशन के सभी दावे केवल उन संयुक्त बैंक खातों के साथ संसाधित किया जा रहा है, जिसे कर्मचारी/पूर्व कर्मचारी द्वारा अपने जीवनसाथी के साथ "पूर्व या उत्तरजीवी" परिचालन-विधि से परिचालित किया जा रहा है। दावाकर्ता के लिखित संपुष्टि के उपरांत केवल कुछ ही ऐसे दावों को भेजा गया है, जिसमें दावाकर्ता परिचालन-विधि वाले बैंक खाते को प्रस्तुत करने में असमर्थ हैं।

**(छ) सॉफ्ट कॉपी में पीपीओ जमा करना:**

सीएमपीएफओ के अंचल कार्यालय से प्रत्येक महीने सॉफ्ट कॉपी में पीपीओ प्राप्त किए जा रहे हैं, जिसे बाद में सभी क्षेत्रों को ई-मेल द्वारा पेंशन निपटारे के रिकार्ड को अद्यतन बनाये रखने हेतु भेजा जाता है।

**(ज) पेंशन में संशोधन:**

अधिकारियों एवं कर्मचारियों के वेतन संशोधन के कारण सीएमपीएफओ को पेंशन संशोधन मामले भी प्रस्तुत किये जा रहे हैं, जिन्हें सीएमपीएफओ द्वारा निपटान किया जा रहा है।

## 24 . वर्ष 2019-20 में बीसीसीएल में औद्योगिक संबंध का परिदृश्य

सम्मिलित प्रयासों के परिणाम स्वरूप वर्ष 2019-20 के दौरान बीसीसीएल में औद्योगिक संबंध मधुर सद्भाव पूर्ण तथा शांतिपूर्ण बना रहा और श्रमिकों तथा प्रबंधन के बीच परस्पर सद्भाव की समझ विकसित हुई।

परस्पर संवाद तथा उत्पादन एवं उत्पादकता, सुरक्षा, कल्याण, नियोजन तथा अन्य कार्मिक संबंधी मामलों के निराकरण के लिए प्रबंधन एवं केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों को मिलाकर एक द्विपक्षीय फोरम का गठन किया गया है। पूरे वर्ष में पहले ही ट्रेड यूनियनों के साथ संरचनात्मक बैठकों के लिए एक कलेन्डर जारी किया गया है, तदनुसार निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार इसके द्वारा कार्यस्थल पर प्रभावकारी सौहार्दपूर्ण संबंध बनाने तथा संगठनात्मक लक्ष्य व व्यक्तिगत लक्ष्य के बीच एक असाधारण संतुलन बनाने के लिए इकाई, क्षेत्र एवं कॉरपोरेट स्तर पर बैठकें आयोजित की जाती है। वर्ष 2019-20 के दौरान लक्षित 24 संरचनात्मक बैठकों की तुलना में मुख्यालय स्तर पर सेंट्रल ट्रेड यूनियनों के साथ 17 संरचनात्मक बैठकें हुई थी, जिसका इकाई, क्षेत्र तथा मुख्यालय स्तर पर यूनियनों द्वारा उठाये गए मामलों का निपटान एवं निष्पादन किया गया। कार्य के सुचारू संचालन हेतु नीतिगत मामलों पर चर्चा के लिए कॉर्पोरेट स्तर पर केंद्रीय सलाहकर समिति की 07 बैठकें आयोजित की गई है। चुनाव आचार संहिता और COVID-19 से उत्पन्न महामारी के कारण बैठकों की संख्या प्रभावित एवं स्थगित हुई। यद्यपि, विवादों एवं शिकायतों के निपटान एवं समाधान के लिए प्रबंधन की ओर से पूरी कोशिश के साथ सकारात्मक पहल की गयी है। बीसीसीएल में एक ऑनलाइन और मोबाइल अनुकूल शिकायत निवारण पद्धति प्रचलित है जहां प्राप्त शिकायतों को पंजीकृत किया जाता है तथा समय सीमा के अंदर संबंधित प्राधिकारी को भेजा जाता है। बीसीसीएल में दैनिक आईआर रिपोर्टिंग प्रणाली लागू है, जिसके तहत संबंधित क्षेत्रों से पूर्वाह्न में आई आर रिपोर्ट जमा लिया जाता है तथा किसी प्रतिकूल परिस्थिति के मामले में घटना के पहले ही उचित कदम उठाए जाते हैं ताकि दैनिक उत्पादन कार्य में किसी प्रकार का बाधा उत्पन्न नहीं हो।

## 25. चिकित्सा

**बीसीसीएल के चिकित्सा विभाग की गतिविधि एवं उपलब्धियां:**

**मिशन: स्वस्थ कार्यबल स्वस्थ समाज**

- वर्ष 2019 में 13,364 कर्मचारियों का आवधिक चिकित्सा परीक्षण (पीएमई) किया गया।

- पिछले 7 वर्षों से कोयला श्रमिकों में 'न्यूमोकोनियोसिस' का कोई नया मामला नहीं पाया गया है।
- रक्त दान शिविर: दिनांक 14.06.2019 को क्षेत्रीय चिकित्सालय बाघमारा, बरोरा क्षेत्र में एक रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। केंद्रीय चिकित्सालय , धनबाद और पीएमसीएच, धनबाद की ओर से दो टीमों का गठन किया गया था, प्रत्येक टीम में एक पैथोलॉजिस्ट और एक तकनीशियन को शामिल किया गया था। इस शिविर का आयोजन बीसीसीएल द्वारा किया गया था। बीस (20) लोगों ने रक्त दान किया। रक्त दाताओं को हॉर्लिक्स, बिस्कुट, फल और कोल्ड ड्रिंक प्रदान किए गए। दिनांक 26.06.2019 को मूनिडीह अस्पताल, पश्चिमी झरिया क्षेत्र में दूसरे शिविर का आयोजन किया गया, लाभुकों की सं. 15 थी।
- स्कूल स्वास्थ्य शिविर: 30.04.2019 को क्षेत्रीय चिकित्सालय बाघमारा, बरोरा क्षेत्र में एक स्कूल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर बीसीसीएल द्वारा आयोजित किया गया था। पंचानवे (95) स्कूली लड़कियों की जांच, उचित उपचार और मुफ्त दवा वितरित की गई।
- बहुजन हिताय (स्वास्थ्य शिविर): बीसीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में बीसीसीएल के चिकित्सा विभाग द्वारा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच और स्वास्थ्य जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया है। इससे लगभग 3,256 लोग लाभान्वित हुए।

  1. मधुमेह-जांच
  2. उच्च रक्तचाप-जांच
  3. न्यूरोपैथी-जांच
  4. 203 लोगों को 'नि:शुल्क चिकित्सा' प्रदान की गई।
  5. नवंबर, 2019 को कोल डंप कम्यूनिटी हॉल, कुसुंडा क्षेत्र में स्तन कैंसर एवं पीसीओएस जागरूकता शिविर आयोजित की गई थी। इस शिविर में लगभग 92 लाभार्थियों ने भाग लिया।
  6. बीसीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में अब तक 3 मेगा कैंपों का आयोजन किया जा चुका है। इससे लगभग 1062 लोग लाभान्वित हुए हैं। केंद्रीय चिकित्सालय धनबाद के अलग-अलग विशेषज्ञ चिकित्सकों ने इन शिविरों में लाभार्थियों की जांच एवं उपचार किया।
  7. ग्राम स्वास्थ्य जांच शिविर: बीसीसीएल के कमान क्षेत्रों में 3 शिविरों का आयोजन किया गया है, जिनमें लाभार्थियों की संख्या 329 थी।
  8. बीसीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता एवं सामान्य स्वच्छता शिविर का आयोजन किया गया है। लाभार्थियों की संख्या 351थी ।
  9. बीसीसीएल के विभिन्न अस्पतालों में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के सहयोग से बच्चों को एमएमआर टीकाकरण किया जा रहा है।
  10. बंदे मातरम- प्रत्येक माह के 7 एवं 21 तारीख को मुनिडीह अस्पताल, पश्चिमी झरिया क्षेत्र नि:शुल्क एएनसी किया जाता है।

**केंद्रीय चिकित्सालय, धनबाद में निम्नलिखित सुधार किये गए हैं।**

- ईएनटी सर्जिकल माइक्रोस्कोप की खरीद की गई है।
- 7 पीएफटी मशीन स्पाइरोमीटर की खरीद की गई है और संबंधित क्षेत्र के अस्पताल / औषधालयों को उपलब्ध करा दी गई है।
- सीएचडी में 1 डेंटल एक्स-रे मशीन लगाई गई है।
- पीएमई / आईएमई केंद्र के लिए 7 प्योर टोन ऑडोमीटर की खरीद की गई है।
- विकसित आरवीजी सेंसर की खरीद की गई है और इसे सीएचडी में प्रतिष्ठापित कर दिया गया है।
- कार्य को सुचारू रूप से परिचालित करने के लिए 19 एचपी लेज़रजेट प्रिंटर सहित 35 एसीईआर (ACER) कंप्यूटर सिस्टम की खरीद की गई है।
- मेडिसिन, सर्जरी और गायनोकोलॉजी के क्षेत्र में डीएनबी कोर्स शुरू करने की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है।

## 26. राजभाषा

### बीसीसीएल में राजभाषा नीति का कार्यान्वयन

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, हमारी कंपनी ने भारत सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के बारे में उल्लेखनीय प्रगति की। राजभाषा अधिनियम और नियमों की विभिन्न वैधानिक आवश्यकताओं के अनुपालन के अलावा, हमारी कंपनी ने सभी के साथ बेहतर संपर्क स्थापित करने और सर्वोत्तम संभव सेवाओं को सुनिश्चित करने के लिए हिंदी को एक उपकरण के रूप में बढ़ावा देने और उपयोग करने की पहल की है। हमारी कंपनी ने अपने वार्षिक

कार्यान्वयन कार्यक्रम 2019-20 के तहत भारत सरकार द्वारा निर्धारित विभिन्न लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए एक अच्छी तरह से संरचित वार्षिक कार्य योजना तैयार की। हमारी कंपनी विभिन्न स्तरों पर निरंतर निगरानी और नियमित प्रयासों के माध्यम से वार्षिक कार्यक्रम के सभी प्रमुख लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल रही। कंपनी के सभी कंप्यूटर सिस्टम पूरी तरह से यूनिकोड मानक के साथ समर्थित हैं और द्विभाषी टाइपिंग सुविधायुक्त हैं। हर साल विभाग द्वारा एक विस्तृत वार्षिक राजभाषा कैलेंडर तैयार किया जाता है, जिसमें सभी कार्यक्रम पूर्व नियोजित होते हैं।

### त्रैमासिक समीक्षा बैठकें

कंपनी के कॉर्पोरेट स्तर की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की सभी बैठकें अपने निर्धारित समय पर आयोजित की गई। समीक्षा वर्ष 2019-20 के तहत कुल चार नियमित बैठकें 04 मई 2019, 30 जुलाई 2019, 12 नवंबर 2019 और 04 फरवरी 2020 को तिमाही आधार पर आयोजित की गई। ये बैठकें आमतौर पर अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक या निदेशक (कार्मिक) की अध्यक्षता में होती हैं । राजभाषा कार्यान्वयन समिति से प्राप्त मार्गदर्शन और सुझावों के तहत, वर्ष के दौरान कई नई पहलों की शुरुआत की गई। इनमें से एक मुख्य पहल के रूप में हमारी कंपनी द्वारा नए शामिल सभी अधिकारियों / कर्मचारियों को हिंदी में प्रशिक्षित किया गया। हमने सभी संवर्गों के लिए मानव संसाधन विकास (प्रशिक्षण केंद्र) द्वारा संचालित अभिप्रेरण/आरम्भिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में राजभाषा प्रशिक्षण का एक सत्र अनिवार्य रूप से रखने का निर्णय लिया है। राजभाषा कैलेंडर के अनुसार प्रत्येक तिमाही में प्रत्येक क्षेत्र के कार्यालय में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें आयोजित की गई।

### कार्यशालाएं

हमने अपने अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के लिए 1 अप्रैल, 19 से 31 मार्च, 20 तक कुल 62 हिंदी कार्यशालाएं आयोजित की हैं ताकि वे आसानी से हिंदी में अपना नियमित काम कर सकें। 50 कार्यशालाएँ बीसीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों आयोजित की गईं तथा शेष 12 मानव संसाधन विकास विभाग और कंपनी मुख्यालय में आयोजित की गई। मानव संसाधन विकास विभाग में आयोजित कार्यशालाएँ विशेष रूप से नए भर्ती किए गए डाटा एंट्री ऑपरेटर, क्लर्क और नए शामिल अधिकारियों के लिए थीं। इन कार्यशालाओं के माध्यम से लगभग 2000 कर्मचारियों को हिंदी में काम करने के लिए प्रशिक्षित किया गया । इन सभी कार्यशालाओं में हिंदी में उपलब्ध तकनीकी सुविधाओं का गहन प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें यूनिकोड समर्थित हिंदी टाइपिंग, बोलकर टाइप करने, हिंदी ओसीआर, फ़ॉन्ट परिवर्तक, मशीन अनुवाद, ई-शब्दकोश आदि शामिल हैं।

### सेमिनार और सम्मेलन

इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय हिंदी दिवस के अवसर पर, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, धनबाद के सहयोग से कंपनी के राजभाषा विभाग द्वारा दिनांक 16-17 जनवरी, 2020 को एक दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की राजभाषा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विभिन्न सरकारी संगठनों और कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनियों के लगभग 200 प्रतिभागियों ने इस संगोष्ठी में भाग लिया। यह सम्मेलन पांच सत्रों में आयोजित किया गया था जिसमें प्रसिद्ध हिंदी विद्वानों और शिक्षाविदों ने अपने व्याख्यान दिए थे।

अंतरराष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस के अवसर पर दिनांक 21 फरवरी 2020 को एक अन्य विशेष कार्यक्रम विभागीय 'कवि सम्मेलन' का आयोजन किया गया। बीसीसीएल विभिन्न विभागों और क्षेत्रों से कुल आठ हिंदी कवियों ने इस कार्यक्रम में अपना काव्य पाठ प्रस्तुत किया। चार घंटे तक चले इस कार्यक्रम में 250 से अधिक श्रोता उपस्थित थे।

### प्रकाशन

हमारी कंपनी द्वारा अपनी अर्ध-वार्षिक हिंदी गृह पत्रिका 'कोयला भारती' का प्रकाशन नियमित रूप से किया जाता है। कोयला भारती देश में कॉर्पोरेट पत्रिकाओं के बीच बेहद लोकप्रिय है। हमने वर्ष 2019-20 के दौरान इसके 31वें और 32वें अंक प्रकाशित किए हैं। पत्रिका के दोनों अंको का विमोचन क्रमशः 14 सितंबर 2019 और 21 फरवरी 2020 को किया गया था।

हमने वर्ष के दौरान नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की अर्ध-वार्षिक पत्रिका "धनबाद राजभाषा संदेश" के भी दो अंको का प्रकाशन किया है।

इन प्रकाशनों के अलावा, बीसीसीएल के लोदना और बस्ताकोला क्षेत्र से भी दो अन्य हिंदी पत्रिकाएँ भी प्रकाशित होती हैं । 'लोदना दर्पण' हिंदी पत्रिका हमारे लोदना क्षेत्र से और दूसरी हिंदी पत्रिका 'कोल रश्मि' राजभाषा विभाग बस्ताकोला क्षेत्र से प्रकाशित होती है।

### राजभाषा पखवारा

राजभाषा पखवारा (पखवाड़ा) 2 सितंबर '19 से 16 सितंबर '20 तक मनाया गया था। पखवारा समारोह के दौरान, विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजित किया गया; जैसे 'टिप्पण और आलेखन प्रतियोगिता' (हिंदी और गैर-हिंदी भाषी कर्मचारियों के लिए अलग-अलग), निबंध प्रतियोगिता, हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता। अधिकारियों / कर्मचारियों की गृहिणियों के लिए हिंदी निबंध प्रतियोगिता, स्व-रचित हिंदी कविता प्रतियोगिता और सबसे महत्वपूर्ण राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने के लिए धनबाद के विभिन्न स्कूलों के छात्र/छात्राओं के लिए 'हिंदी ज्ञान प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया था। राजभाषा पखवारे

का मुख्य आकर्षण हिंदी भाषा को समृद्ध बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले हमारे महान हिंदी साहित्यकारों को हर रोज श्रद्धांजलि देना था। इन प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में अधिकारियों / कर्मचारियों, उनकी गृहिणियों और उनके बच्चों ने भाग लिया। हर प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ तीन विजेताओं को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया और अन्य प्रतिभागियों को भी सांत्वना पुरस्कार और प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया।

वर्ष के दौरान अपने कार्यालयों में राजभाषा के कार्यान्वयन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तीन क्षेत्रों और कंपनी मुख्यालय के तीन विभागों को "स्वर्गीय शंकर दयाल सिंह स्मृति" से सम्मानित किया गया । इन कार्यालयों को कॉर्पोरेट स्तर की राजभाषा निरीक्षण समिति की सिफारिश के अनुसार चुना गया। बीसीसीएल के बस्ताकोला क्षेत्र को प्रथम, लोदना क्षेत्र को द्वितीय और कुसुंडा एवं सिजुआ क्षेत्र को संयुक्त रूप से तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया और इन सभी क्षेत्रों को एक कॉर्पोरेट स्तर की शील्ड से सम्मानित किया गया। कोयला भवन, मुख्यालय के कर्मचारी स्थापना विभाग, औद्योगिक संबंध विभाग और भू-संपदा विभाग को क्रमश: प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में मुख्यालय स्तर की शील्ड से सम्मानित किया गया। उपरोक्त सभी सम्मान, शील्ड और पुरस्कार 14 सितंबर 2019 को "हिंदी दिवस" के अवसर पर आयोजित राजभाषा पखवारा के समापन समारोह के मुख्य कार्यक्रम में वितरित किए गए। इस अवसर पर, रांची विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राध्यापक और प्रसिद्ध हिंदी साहित्यकार डॉ. रवि भूषण को हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के लिए उनके उत्कृष्ट योगदानों के लिए **"बीसीसीएल कोयला भारती राजभाषा सम्मान- 2020"** से सम्मानित किया गया ।

बीसीसीएल में पहली बार, इस वर्ष एक नया पुरस्कार उस छात्र के लिए शुरू किया गया जो बीबीएमके विश्वविद्यालय धनबाद से हिंदी विषय में उच्चतम अंक प्राप्त करेगें और इस अवसर पर सुश्री प्रेरणा मिश्रा को इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## केंद्रीय हिंदी पुस्तकालय

हमारी कंपनी में राजभाषा विभाग के प्रशासन के तहत एक अच्छी तरह से स्थापित केंद्रीय हिंदी पुस्तकालय है। वर्तमान में साहित्य, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, बिक्री और विपणन, कंप्यूटर, जीवन प्रबंधन एवं कई अन्य विषयों से संबंधित कुल 4577 मानक हिंदी पुस्तकें उपलब्ध हैं। हर साल सैकड़ों महत्वपूर्ण और प्रसिद्ध हिंदी पुस्तकें खरीदी जा रही हैं। इस वर्ष हमने विभिन्न प्रकाशनों से प्रसिद्ध लेखकों के कुल ₹ 2062/- मूल्य की 11 पुस्तकें भी खरीदी हैं। महत्वपूर्ण पुस्तकों के इस संग्रह के अलावा हमारे पास दैनिक समाचार पत्रों और पत्रिकाओं आदि की सदस्यता भी है।

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास):

हमारी 'कंपनी नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति – नराकास' के मंच के माध्यम से भी राजभाषा हिंदी के प्रचार और प्रसार में अग्रणी रही है। हमारी कंपनी के संयोजन में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, धनबाद के माध्यम से राजभाषा कार्यान्वयन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को भारत सरकार के राजभाषा विभाग द्वारा भी पहचान और सम्मान दिया गया है। नराकास की बैठक छमाही आधार पर निर्धारित है। वर्ष 2019-20 की पहली बैठक 24 जून 2019 को और वर्ष की दूसरी बैठक 20 नवंबर 2019 को अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक/ निदेशक (कार्मिक), बीसीसीएल की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी। वर्ष के दौरान नराकास के बैनर तले कई हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। अंतरराष्ट्रीय हिंदी दिवस के अवसर पर जनवरी 2020 को राष्ट्रीय स्तर के एक हिंदी सम्मेलन का भी आयोजन किया गया था।

## निरीक्षण

हमने नियमानुसार कंपनी में आंतरिक राजभाषा निरीक्षण भी किया है। वर्ष के दौरान आंतरिक राजभाषा निरीक्षण समिति द्वारा चांच विक्टोरिया, बस्ताकोला, कुसुंडा,बरोरा, ब्लॉक-II, कतरास, सिजुआ, पुटकी बलिहारी और मुख्यालय के 12 विभागों का राजभाषा संबंधी निरीक्षण किया गया।.

## पुरस्कार और अन्य उपलब्धियां

- बीसीसीएल की अध्यक्षता में ''नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति'', धनबाद के तहत किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यो के लिए गृह मंत्रालय, भारत सरकार के राजभाषा विभाग द्वारा नराकास, धनबाद को वर्ष 2018-19 के लिए प्रथम पुरस्कार हेतु चुना गया।
- 24 जून, 2019 को आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, धनबाद की छमाही समीक्षा बैठक के अवसर पर नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, धनबाद द्वारा भारत कोकिंग कोल लिमिटेड को राजभाषा कार्यान्वयन के लिए प्रथम पुरस्कार (राजभाषा उत्कृष्टता सम्मान) से सम्मानित किया गया।
- बीसीसीएल और नराकास, धनबाद ने 21-22 अगस्त, 2019 को नराकास (उपक्रमों), दिल्ली द्वारा आयोजित एक राष्ट्रीय स्तर के राजभाषा सम्मेलन में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर, एक राजभाषा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था और हमारी कंपनी एवं नराकास, धनबाद को सम्मानित किया गया था।

## 27. सतर्कता

### निरोधात्मक सतर्कता, दंडात्मक कार्रवाई, निगरानी का पता लगाने तथा अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर बीसीसीएल के सतर्कता विभाग द्वारा की गई कार्रवाई का संक्षिप्त विवरण:

**प्रस्तावना**

किसी भी संस्थान में सतर्कता विभाग प्रबंधन का एक अभिन्न अंग होता है तथा यह नैतिकता, सत्यनिष्ठा तथा पारदर्शिता में मूल्य आधारित उन्नयन के जरिए संस्था को इसके उद्देश्य को प्राप्त करने में मदद करता है। इससे समाज में संस्था/कंपनी की बेहतर सार्वजनिक छवि निखारने में मदद मिलती है। केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा ट्रांसपैरेंसी इंडेक्स को वर्तमान में विशेष महत्व दिए जाने के कारण यह किसी संस्था के लिए आवश्यक हो जाता है कि वह अपने लेनदेन या कार्यो में साफ सुथरी छवि के सूचक के रूप में अति उच्च पैमाने पर अपनी पहचान बनाए। कंपनी के ध्येय एवं मिशन को पूरा करने के खयाल से सतर्कता विभाग/बीसीसीएल ने केंद्रीय सतर्कता आयोग एवं कोयला मंत्रालय के मार्गदर्शन तथा पर्यवेक्षण के अंतर्गत भ्रष्टाचार से लड़ने, इसकी रोकथाम, अनियमितताओं को दूर करने और समता, सत्यनिष्ठा एवं पारदर्शिता के उन्नयन के लिए तीन स्तरीय रणनीति अपनायी है। जो इस प्रकार है : -

1. **निरोधात्मक-** जैसा कि यह शब्द स्वयं संकेत करता है यह एक ऐसी पहल है जिससे सतर्कता के दृष्टिकोण से भविष्य में घटित होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए कदम उठाया जा सके। इस प्रविधि में जागरूक करने तथा अन्य व्यावहारिक उपाय जैसे जहां आवश्यक हो प्रबंधन के साथ मिलकर प्रणाली विकास के लिए समुचित दिशानिर्देश जारी कर भ्रष्टाचार से बचने के रास्ते बंद करना, विभिन्न स्तरों पर संस्था के अधिकारियों को प्रशिक्षित करना, परामर्श देना शामिल है।
2. **दण्डात्मक-** इस पहल के अंतर्गत उन अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की जाती है जो भी "सतर्कता" के दृष्टिकोण से किसी गलत कार्य के लिए दोषी पाये जाते हैं। दण्डात्मक कार्रवाई प्रायः समुचित अनुशासनात्मक कार्रवाई की शुरूआत है।
3. **निगरानी-** यह तरीका समाचार पत्र आदि विश्वसनीय स्रोतों से प्राप्त सूचना पर आधारित औचक निरीक्षण करने से संबंधित है। ऐसे निरीक्षण का बड़ा व्यापक प्रभाव पड़ता है और इससे भ्रष्ट कार्यो को रोका जा सकता है।

वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान बीसीसीएल के सतर्कता विभाग द्वारा अपने उपर्युक्त क्षेत्रों में की गई गतिविधियों का संक्षेप में नीचे वर्णन दिया गया है :-

### 1. निरोधात्मक सतर्कता

**क. औचक जांच:**

वित्तीय वर्ष 2019-20 (01.04.2019 से 31.03.2020) के दौरान बीसीसीएल के सतर्कता विभाग ने बत्तीस (32) औचक जांच किए। औचक निरीक्षण के प्रमुख क्षेत्र निम्नलिखित हैं:-

i. रेलवे साइडिंग से कोयले के परिवहन में अनियमितताएं
ii. सिविल टेंडरिंग/मरम्मत कार्यों में अनियमितताएं
iii. वजन घर (वे-ब्रिज)
iv. कोल स्टॉक का मापन
v. डीजल की चोरी
vi. आउटसोर्सिंग पैच/सी एम सी में निविदा प्रक्रिया
vii. आईटी (IT) कार्यों का क्रियान्वयन

**ख. गहन जांच:**

कार्यों के सी टी ई प्रकार की गहन जांच का महत्व एक प्रभावी निरोधात्मक सतर्कता तथा प्रणाली सुधार का उपाय है। सतर्कता विभाग ने सीटीई प्रकार की 8 जांच पूरी की। ये सभी विवेचनाधीन हैं।

**ग. जागरूकता लाने के लिए सतर्कता संबंधी आयोजन:**

सचिव, सीवीसी द्वारा निर्गत केंद्रीय सतर्कता आयोग के कार्यालय ज्ञापन सं. 019/VGL/029 दिनांकित 02.08.2019 के अनुसार सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2019 दिनांक 28.10.2019 से 02.11.2019 तक मनाया गया। इस जागरूकता सप्ताह की थीम "ईमानदारी- जीवन जीने का एक तरीका" थी।

बीसीसीएल की कॉर्पोरेट पर्यावरण नीति का उद्देश्य सतत विकास की अवधारणा पर पर्यावरण प्रबंधन है, जो कंपनी के कर्मचारियों और समर्पित प्रबंधन प्रणाली के ठोस प्रयासों द्वारा प्राप्त किया जाता है। चूंकि कामकाजी वातावरण में परिवर्तन गतिशील हैं, वर्तमान आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्यावरण नीति को इस वर्ष संशोधित किया गया है और उसी के अनुसार पहल की जा रही है।

बीसीसीएल ने पर्यावरण सुधारने के लिए सतत और बड़े स्तर पर प्रयास किए है। पर्यावरणीय स्थिति/ गतिविधियों का सारांश निम्न प्रकार है:-

### क. बीसीसीएल की खदानों एवं वाशरियों के लिए पर्यावरण संबंधी अनुमति

बीसीसीएल ने पर्यावरण संबंधी अनुमति प्राप्त करने के लिए अपनी सभी चालू, परित्यक्त एवं प्रस्तावित (पिट हेड वाशरियों सहित) खदानों को 17 क्लस्टरों का समूह बनाकर क्लस्टर की अवधारणा प्रतिपादित किया है। बीसीसीएल कोयला उद्योग में ई आई ए-ई एम पी तैयार करने तथा पर्यावरण संबंधी अनुमति की स्वीकृति के लिए क्लस्टर की अवधारणा प्रतिपादित करने वाली अग्रणी कंपनी है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एम ओ ई एफसीसी)

ने इस क्लस्टर अवधारणा का अनुमोदन दिसम्बर, 2009 में किया है तथा पर्यावरण संबंधी अनुमति की मंजूरी के लिए अपने सभी क्लस्टरों हेतु ई आई ए-ई एम पी की तैयारी के साथ आगे बढ़ने की सलाह दी है।

**खदानों की पर्यावरण मंजूरी की स्थिति:** आज की तारीख में

- झारखंड में अवस्थित सभी चालू, बंद तथा प्रस्तावित खदानों के 16 क्लस्टरों की पर्यावरण संबंधी अनुमति प्राप्त है।
- वर्ष के दौरान क्लस्टर- IV की 3.706 एमटीपीए से 9.55 एमटीपीए तक क्षमता वृद्धि तथा क्लस्टर- VII की 8.161 एमटीवाई से 11.42 एमटीवाई तक की वृद्धि प्राप्त की।
- प्रत्येक खदान की ईसी क्षमता अपेक्षाओं को पूरा करने के उद्देश्य से सेंद्रा बांसजोड़ा, कनकनी, कुइंया, दोबारी ओसी, एकीकृत जयरामपुर कोलियरी (ओसी), अविभाजित सुदामडीह पाथरडीह ओसी, भौंरा (एस) ओसी, गोपालीचक ओसी एवं केन्दुआडीह ओसी को फैसिलिटेट करने के लिए क्लस्टर – V,VIII,IX,X,XI के ईसी में संशोधन करवाया गया।
- 16 क्लस्टरों के लिए कुल उच्चतम क्षमता अभी 89.17 एमटीपीए है।
- शेष एक क्लस्टर (क्लस्टर XVII सहित प्रस्तावित कल्याणेश्वरी ओपेनकॉस्ट) ईसी प्रक्रिया में है।




**खदानों के कलस्टर की पर्यावरण मंजूरी क्षमता (एमटीपीए)**

**वाशरियों की पर्यावरण मंजूरी की स्थिति:** आज की तारीख में

- क्लस्टर अवधारणा के तहत मुनिडीह वाशरी, सुदामडीह वाशरी एवं दहीबाड़ी वाशरी की पर्यावरण मंजूरी प्रत्येक की नियामक क्षमता 1.6 एमटीपीए के लिए प्राप्त की गयी।
- पाथरडीह कोल वाशरी 5.0 एमटीपीए, प्रस्तावित पाथरडीह कोल वाशरी 2.5 एमटीपीए, मधुबन कोल वाशरी 5.0 एमटीपीए, दुग्धा कोल वाशरी 2.5 एमटीपीए, भोजूडीह कोल वाशरी 2 एमटीपीए के लिए पहले ही पर्यावरण मंजूरी दे दी गयी है। पाथरडीह 5.0 एमटीपीए परिचालित है और मधुबन वाशरी 5.0 एमटीपीए के लिए पर्यावरण मंजूरी (ईसी) की वैधता का विस्तार कर दिया गया है।

**पर्यावरणीय अनुपालन:**

बीसीसीएल द्वारा पर्यावरण की मंजूरी की सभी शर्तों के अनुपालन के लिए कार्रवाई की गई है और अनुपालन रिपोर्ट नियामक प्राधिकारियों को नियमित रूप से भेजी जा रही है। इसे बीसीसीएल की आधिकारिक वेबसाइट पर मंजूरी पत्रों के साथ अपलोड किया जाता है।

- ईसी की शर्तों के अनुसार, जेएसपीसीबी, रांची के परामर्श के आधार पर मॉनिटरिंग लोकेशन क्लस्टर आधार पर तय की जाती है। सीएमपीडीआई, आरआई-II को खदान/वाशरियों की पर्यावरणीय निगरानी का काम सौंपा गया है।

- पर्यावरण संबंधी अनुपालन, खान बंदी योजना का अनुपालन, सुनिश्चित करने के लिए पर्यावरण विभाग के अधिकारियों द्वारा इकाई और क्षेत्र को सुग्राही बनाने तथा पर्यावरण मंजूरी अनुपालन के उपायों को लागू करने में सहायता प्रदान करने के लिए क्षेत्रों का नियमित रूप से दौरा किया जाता है। पर्यावरण प्रबंधन में बेहतर ताल-मेल के लिए सभी क्षेत्रीय नोडल अधिकारियों की नियमित बैठक की जाती है।
- ईसी के तहत आवश्यक अध्ययन किए जा रहे हैं। भूजल की निगरानी, उपग्रह आधारित भूमि उपयोग, वनस्पति आवरण मानचित्रण, सड़क परिवहन को कम करके प्रदूषण में कमी आदि का काम सीएमपीडीआई को सौंपा गया है।
- एनआइओएच, अहमदाबाद द्वारा व्यावसायिक स्वास्थ्य निगरानी अध्ययन पूरा कर लिया गया है।
- एनईईआरआई, नागपुर द्वारा स्रोत अपीलीय अध्ययन का क्षेत्र कार्य शुरू कर दिया गया है, रिपोर्ट प्रतीक्षित है।
- भू-जल मॉनिटरिंग के लिए बीसीसीएल के नियंत्रणाधीन क्षेत्र की खानों की क्लस्टर के लिए 23 पियोजोमीटर कुओं को स्थापित करने हेतु ड्रिलिंग की पुनः निविदा निकाली गई, जो प्रक्रियाधीन है।
- एनआरएससी ने टाइम सीरिज कोल माइन फायर मैपिंग (थर्मल इंफ्रारेड) कर 2014 और 2018 में रिपोर्ट प्रस्तुत कर दिया है। इसे निश्चित अवधि में दोहराया जाएगा।
- वायु प्रदूषण को रोकने के लिए हरित क्षेत्र (ग्रीन बेल्ट) विकसित किया जा रहा है।

## ख. भौतिक एवं जैविक पुनर्स्थापना (पारिस्थितिकी पुनरुद्धार)

अब तक, बीसीसीएल ने 30,10,836 पौधों को लगाकर 1,404.66 हे. (294 हे. पारिस्थितिक पुनर्स्थापना सहित) भूमि पर जैविक पुनर्स्थापन का कार्य किया है। बीसीसीएल ने वर्ष 2020-21 में राज्य वन विभाग के माध्यम से 54.5 हे. ओबी डंप को वनीकरण कार्य करने के लिए चिह्नित किया हैं।

### ■ गैबियन प्लांटेशन

खनन किए जा चुके क्षेत्रों में विभागीय रूप से किए गये पारिस्थितिक पुनरुद्धार के अतिरिक्त, राज्य-वन विभाग के जरिए सड़क के किनारे गैबियन पौधरोपण किया जा रहा है। वर्ष 2019-20 में बीसीसीएल ने धनबाद क्षेत्र में सड़क किनारे 28188 गैबियन पौधरोपण किया गया है। धनबाद के आस-पास के पर्यावरण को साफ-सुथरा एवं हराभरा बनाने के लिए बीसीसीएल इस प्रकार के और अधिक पौधरोपण करने की कवायद करता रहा है।

### ■ पारिस्थितिक पुनरुद्धार

तेतुलमारी, सिजुआ क्षेत्र में पारिस्थितिक पुनरुद्धार स्थल

जीकेकेसी, कुसुंडा क्षेत्र में पारिस्थितिक पुनरुद्धार स्थल

मुरलीडीह, पश्चिमी झरिया क्षेत्र में पारिस्थितिकि पुनरुद्धार स्थल

एबीओसीपी, ब्लॉक-II क्षेत्र में पारिस्थितिक पुनरुद्धार स्थल

बीसीसीएल अपने विकृत एवं उत्खनित भूमि पर पारिस्थितिकी पुनरुद्धार का काम करने के लिए खनन उद्योग की अग्रणी कंपनी है। पारिस्थितिकी पुनरुद्धार में त्रिस्तरीय वृक्षारोपण प्रक्रिया अपनायी जाती है, जिसमें सबसे निचले स्तर पर देशी प्रजाति के घास, मध्यम स्तर पर छोटे पौधे एवं सबसे ऊपरी स्तर पर वृक्ष होते है। इसका उद्देश्य जैव-विविधता तथा पारिस्थितिकी तंत्र के कार्य, बनावट, क्षमता, सेवा एवं प्रक्रिया को पिछले मूल स्थिति में लाने के साथ वन पारिस्थितिकी तंत्र को प्राकृतिक रूप से स्थापित करना है, जैसा कि वह खनन से पहले की स्थिति में थी। इसलिए, उत्खनित भूमि का पारिस्थितिकी पुनरुद्धार करना पारिस्थितिक एवं सामाजिक-आर्थिक दृष्टि से सबसे उपयुक्त उपाय है। बीसीसीएल ने जुलाई, 2011 में अपने विकृत एवं उत्खनित भूमि पर पारिस्थितिकी पुनरुद्धार के लिए वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआइ), देहरादून के माध्यम से एक खाका तैयार कर इसके सफल कार्यान्वयन के लिए एक समर्पित टीम का गठन किया है।

वर्ष 2011 में वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआइ),देहरादून के माध्यम से 8 हेक्टेयर के एक ओबी डंप पर एक आदर्श पारिस्थितिकी पुनरुद्धार की परियोजना शुरू की गई थी, जो जुलाई, 2014 में पूरी हुई। ठीक उसी समय, विकृत पारिस्थितिकी प्रणाली की पर्यावरणीय प्रबंधन केन्द्र (सीइएमडीई), दिल्ली विश्वविद्यालय और पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के परियोजना निदेशक प्रो. सी आर बाबू के कुशल नेतृत्व में दामोदा कोलियरी के लगभग 7 हे. ओबी डंप पर एक अन्य महत्वाकांक्षी (पायलट) परियोजना शुरू की गई है। परियोजना स्थल के इन दोनों जगहों पर पुनः हरियाली लाने के काफी बेहतर परिणाम प्राप्त हुए है।

उपर्युक्त पायलट परियोजनाओं की सफलता के बाद, पारिस्थितिक पुनरुद्धार के लिए इस प्रक्रिया को विभिन्न पुनरुद्धार स्थलों पर दोहराया जा रहा है, जिसमें वन अनुसंधान संस्थान, (एफआरआइ), देहरादून एक तकनीकी विशेषज्ञ/सलाहकार के रूप में कार्य कर रहा है। सहमति पत्र (एमओयू) के अनुसार एफआरआइ, देहरादून बीसीसीएल के पारिस्थितिक पुनरुद्धार स्थलों की सतत मॉनिटरिंग करता आ रहा है तथा बीसीसीएल के पारिस्थितिक पुनरुद्धार स्थलों के स्थापन एवं बढ़ोतरी के लिए तकनीकी इनपुट मुहैया करता है। एफआरआइ, देहरादून भौतिक-रसायन, गुण एवं कार्बन पृथक्करण माइक्रोबियल विश्लेषण आदि जैसे अन्य वैज्ञानिक अनुसंधानों की सतत मॉनिटरिंग करता आ रहा है। इन अनुसंधानों के परिणाम ने बीसीसीएल के कोयला क्षेत्रों में विकृत हो चुकी है खनिक भूमि के पुनरुद्धार के सकारात्मक संकेत दिये है।

- **ईको पार्क:**

बीसीसीएल द्वारा विकृत उत्खनित भूमि क्षेत्रों तथा ओबी डंप पर प्राकृतिक वनरोपण करने के साथ-साथ कुछ विकृत उत्खनित भूमि क्षेत्रों तथा ओबी डंप पर ईको-पार्क को भी विकसित किया जा रहा है। खनन क्षेत्रों के आस-पास रहने वाले स्थानीय समुदायों से जुड़ने, स्टेक होल्डरों के बीच कंपनी की छवि को बदलने तथा लोगों के मनोरंजन एवं कायाकल्प कर उन्हें एक उपयुक्त स्थान प्रदान करने के उद्देश्य से बीसीसीएल में ईको-पार्क विकसित

किए जा रहे हैं। बीसीसीएल ने गोकुल ईको-कल्चरल पार्क, लोदना क्षेत्र; पारसनाथ उद्यान, कतरास क्षेत्र; जीकेकेसी ईको-रीस्टोरेशन साइट, कुसुंडा क्षेत्र; पंचवटी ईको-पार्क, कोयला नगर तथा तेतुलमारी जैव-विविधता पार्क, सिजुआ क्षेत्र नामक ईको-पार्क को विकसित किया है।

**1. गोकुल ईको-कल्चरल पार्क, लोदना क्षेत्र:**

क्षेत्र के स्थानीय लोगों को लाभान्वित करने तथा सामाजिक-सांस्कृतिक पहलुओं को विकसित करने के लिए एक ईको-कल्चरल पार्क को विकसित किया जा रहा है। वर्ष 2014-15 में लोदना क्षेत्र के नार्थ तिसरा, साउथ तिसरा-जीनागोरा परियोजना में 10 हे. खनन की गयी भूमि पर पार्क का निर्माण किया गया था। पार्क विकसित करने का उद्देश्य स्थानीय लोगों को पार्क समर्पित करना है। स्थानीय लोगों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करने और उन्हें पारिस्थितिक कार्य से जोड़ने के उद्देश्य से यहां सबसे ऊपरी भाग पर माँ काली तथा अन्य देवताओं के मंदिर का निर्माण किया गया है। मंदिर परिसर में एक यज्ञशाला तथा पूजा-पाठ में प्रयोग होने वाले पेड़-पौधे तथा फुलवारी को भी विकसित किया गया है। इसके अलावा फल का बगीचा, बांस, देशी प्रजातियों के पेड़, लिली तालाब, शैल, फूलों का बगीचा, पिकनिक स्थल तथा पार्क का निर्माण स्थानीय लोगों के मनोरंजन, शांति प्रदान करने के उद्देश्य हेतु विकसित किया गया है। यह पार्क अब स्थानीय लोगों के लिए विभिन्न धार्मिक और सामाजिक समारोहों के केंद्र के रूप में काम करता है।

**2. पारसनाथ उद्यान, कतरास क्षेत्र:**

पार्क को स्थानीय समुदायों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है और आस-पास के क्षेत्रों तथा कतरास शहर के पास रहने वाले लोगों के लिए मनोरंजन और कायाकल्प के लिए एक स्थान प्रदान किया गया है। पार्क में एक जलाशय भी है। इसमें इको-हट, चिल्ड्रन्स प्ले एरिया जैसे स्विंग और आइड्स जैसे विभिन्न प्रकार के मनोरंजन के साधनों को स्थापित किया गया है। पैदल चलने के रास्ते, बेंच, फूलों का बगीचा, हेजेज ग्रीन टनल आदि भी स्थापित किए गए हैं। यह भी देखा गया है और बताया गया है कि इस इको-पार्क का उपयोग स्थानीय लोगों द्वारा मनोरंजन और कायाकल्प के अलावा योग और ध्यान के अभ्यास के लिए भी किया जाता है। वेस्ट-टू-वेल्थ की अवधारणा पर खदानों के स्क्रैप का उपयोग करके फूलों के बगीचे का विकास किया जा रहा है।

**3. जीकेकेसी ईको-रीस्टोरेशन साइट, कुसुंडाः**

शुरू में इस ईको-पार्क को पारिस्थितिक पुनरुद्धार स्थल के तौर पर विकसित किया गया था, परंतु अब इसे ईको-पार्क में बदल दिया गया है, जहां आस-पास के लोगों का मनोरंजन करते हुए तरोताजा हो सकते हैं। इस स्थल को क्षेत्र की विभिन्न देशी प्रजातियों का प्राकृतिक वृक्षारोपण के साथ विकसित किया गया है। इस ईको-पार्क में नर्सरी, मचान, ईको-कुटीर, वाकिंग ट्रेल तथा बेंच लगाया गया है।

उत्खनित क्षेत्रों में पारिस्थितिक पुनरुद्धार के लिए पौधे उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कोयला नगर में एक केंद्रीकृत नर्सरी विकसित की गयी है। देशी प्रजातियों के बीज जैसे शिरिस, पलाश, आंवला, कटहल, बैर, शीशम, बेल, गम्हार को पास के जंगल से इकट्ठा कर नर्सरी में उगाया जाता है, जिसके फलस्वरूप प्रति वर्ष लगभग 10 लाख रुपये की बचत होती है। पौधों को सभी क्षेत्रों, विभिन्न संस्थानों और स्थानीय लोगों में वितरित किए जाते हैं। वर्ष 2018-19 में, लगभग 75000 पौधे उगाये गए हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न क्षेत्रों/पारिस्थितिक पुनरुद्धार स्थलों पर प्रति वर्ष 100000 पौधे लगाने की कुल क्षमता वाली 13 नर्सरी स्थलों को भी स्थापित किए गए हैं। केंद्रीय नर्सरी, कोयला नगर के दूसरी तरफ एक ईको-पार्क भी विकसित किया जा रहा है। इसमें जॉगिंग ट्रैक, गुलाब का उद्यान, लिली तालाब, शैल इत्यादि होंगे, जिससे कोयला नगर और आस-पास के क्षेत्र के लोग लाभान्वित होंगे। इस ईको-पार्क में विभिन्न प्रकार के फूलों की वाटिका, कैक्टस, ईको-हट इत्यादि है। इस स्थान को आस-पास के क्षेत्रों में रहने वाले शहरी आबादी के योग और ध्यान के लिए एक केंद्र विकसित करने के उद्देश्य से तैयार किया जा रहा है। यह ईको-पार्क सौर ऊर्जा से संचालित है और इसकी सभी विद्युत जरूरतों को 6 किलोवाट क्षमता वाले सौर पैनल से पूरा किया जाता है।

**4. तेतुलमारी जैव विविधता पार्क, सिजुआ क्षेत्र:**

देशी किस्म के तीन स्तरीय वृक्षारोपण को शामिल करते हुए पारिस्थितिक पुनरुद्धार को सफलता पूर्वक लागू करने के बाद बीसीसीएल ने सिजुआ क्षेत्र के तेतुलमारी में मॉडल पारिस्थितिक पुनरुद्धार स्थल पर जैव विविधता को बढ़ाने के लिए एफ आर आई, देहरादून के जरिए काम प्रारंभ किया है। इस परियोजना की अवधि दो वर्षों की थी। एफआरआई, देहरादून ने परियोजना की जुलाई, 2018 में प्रस्तुत अंतिम रिपोर्ट में यह पाया गया है कि कुल 103 पौधों की प्रजातियां जिसमें 37 पेड़, 15 झाड़ियां, 27 जड़ी बूटियां, 9 घास, 2 बांस, 2 फर्न, 1 लता है। साइट पर 10 आरोही लताएं भी देखी गई है। इन सभी

में, दर्ज की गई 80 प्रजातियों के पौधों का एक या अन्य तरह से औषधीय उपयोग होता है। परियोजना स्थल पर पक्षियों (20), तितलियां (14), कीट-पतंगे (27), सरीसृप (1) तथा कुछ जानवरों के विभिन्न प्रजातियों को भी देखा गया है। इसी तरह कार्बन पृथक्करण के परिमाणन के संदर्भ में, 205.09 टन/हे. के बराबर CO2 पृथक्करण का भी अनुमान लगाया गया था जबकि 2015 में आइआइटी-आइएसएम, धनबाद के एक अध्ययन में तेतुलमारी पारिस्थितिक पुनरुद्धार स्थल में 215.09 टन/हे. के बराबर CO2 का पृथक्करण था।

## ग. वन्य मंजूरी:

बीसीसीएल द्वारा राज्य वन विभाग, राज्य भू-राजस्व वभिाग के रिकॉर्ड के अनुसार वन भूमि की पहचान की जा रही है और आवश्यकतानुसार वानिकी मंजूरी प्राप्त की जा रही है।

- भाग-IV को भरने तथा राज्य सरकार को अनुशंसा हेतु कुईयां कोलियरी, बस्ताकोला क्षेत्र में 16.49 हेक्टेयर वन भूमि के लिए परिवेश पोर्टल पर जमा किया गया ऑनलाइन आवेदन राज्य वन विभाग के पास प्रक्रियाधीन है।
- मुराईडीह कोलियरी, बरोरा क्षेत्र के लिए दिनांक 09.03.2020 को परिवेश पोर्टल में 133.69 हे. वन भूमि के वन भूमि मंजूरी से संबंधित प्रस्ताव की स्वीकृति प्रतिक्षाधीन है।
- मुनिडीह कोलियरी, प.झ. क्षेत्र में 80.55 हे. वन भूमि; अविभाजित ब्लॉक-II ओसीपी, ब्लॉक-II क्षेत्र में 179.36 हे. वन भूमि; दहिबाड़ी बसंतिमाता ओसीपी, सीवी क्षेत्र में 62.6 हे. वन भूमि के लिए परिवेश पोर्टल पर जमा किया गया ऑनलाइन आवेदन प्रक्रियाधीन है।
- मुरलीडीह कोलियरी, प.झ. क्षेत्र में 6.41 हे. वन भूमि की स्टेज II वन्य मंजूरी (फॉरेस्ट क्लीयरेंस) का प्रस्ताव आरओ, पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, रांची के पास है और जल्द ही इसकी उम्मीद है।

## घ. खदान बंदी योजना का कार्यान्वयन

बीसीसीएल ने खानों/खानों के समूह के लिए 56 खान बंदी योजनाएं तैयार की है तथा इन्हें क्रमिक कार्यान्वयन के लिए रखा है। इस उद्देश्य के लिए खोले गए एस्क्रो खाते में वार्षिक बंदी लागत को जमा रखा जा रहा है। वार्षिक बंदी लागत को इस उद्देश्य के लिए खोले गए एस्क्रो खाते में नियमित रूप से जमा किया जा रहा है और खान बंदी के कार्य के कार्यान्वयन के लिए एस्क्रो खाते में प्रतिभूति जमा के रूप में 455.62 करोड़ रुपये उपलब्ध है जो इस विषय में बीसीसीएल की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। सीसीओ को नियमित वार्षिक रिटर्न फाइल किया जाता है। आइआइइएसटी, शिबपुर द्वारा थर्ड पार्टी ऑडिट किया जा रहा है। आइआइइएसटी, शिबपुर द्वारा कुल 20 खदानों का ऑडिट किया जा चुका है, रिपोर्ट प्रतिक्षाधीन है। आइआइइएसटी, शिबपुर द्वारा दूसरे चरण में 23 और खदानों का ऑडिट किया जाना है।

## ङ. पर्यावरण संबंधी जागरूकता

बेहतर पर्यावरण विकसित करने हेतु बीसीसीएल द्वारा सभी स्टेक होल्डरों को जागरूक करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:

### (क) बीसीसीएल का पर्यावरण संबंधी न्यूज-लेटर:

पर्यावरण पर बीसीसीएल की तिमाही न्यूज-लेटर " पर्यावरण दर्पण" का प्रकाशन लोगों में पर्यावरण एवं खनन की विविध संकल्पनाओं के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए किया जाता है। यह वर्ष 2015 से सर्वोत्तम कार्य अभ्यास तथा पर्यावरण संरक्षा को लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जागरूकता फैलाने का मंच प्रदान कर रहा है। यह न्यूज-लेटर कोयला मंत्रालय, पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, कोल इंडिया लिमिटेड की सभी अनुषंगी कंपनियों, नियामक प्राधिकारियों को भेजा जा रहा है तथा बीसीसीएल के वेबसाइट पर अपलोड भी किया जा रहा है।

(ख) पर्यावरण संबंधी जागरूकता लाने के लिए, आस-पड़ोस के लोगों तथा अन्य स्टेक होल्डरों को संवेदनशील बनाने तथा कंपनी की छवि पर्यावरण मित्र की बनाने के लिए बीसीसीएल का पर्यावरण विभाग सामाजिक मीडिया पर सक्रिय रहता है तथा सेमिनारों एवं कार्यक्रमों में भाग लेता है। कर्मचारियों एवं उनके परिवारों, स्कूली बच्चों की सक्रिय सहभागिता में विश्व पर्यावरण दिवस, वन महोत्सव का आयोजन किया गया।

(ग) ईको-माइनिंग परिभ्रमण **(Eco Mining Tourism)**: वर्ष 2016-17 से बीसीसीएल अपने खनन क्षेत्रों और पारिस्थितिक पुनरुद्धार स्थलों पर ईको माइनिंग पर्यटन को बढ़ावा दे रहा है, जिसका उद्देश्य कंपनी और अन्य हित धारकों के बीच खाई को पाटना तथा खनन गतिविधियों को प्रदर्शित कर कंपनी की सकारात्मक छवि बनाना और पारिस्थितिक पुनरुद्धार स्थलों/ ईको पार्क को विकसित करना है। प्रत्येक वर्ष विभिन्न स्कूल, कॉलेज तथा व्यावसायिक संस्थानों से लोग इस पारिस्थितिक पुनरुद्धार स्थल तथा ईको-पार्क को यह जानने के लिए देखने आते हैं कि विकृत हो चुकी खनित क्षेत्रों को किस तरह से मनोरम भू-दृश्य में पुनरुद्धारित किया गया है।

वर्ष 2019-20 में भी, बीसीसीएल ने अपनी खदानों तथा पारिस्थितिक पुनरुद्धार/ईको पार्क के लिए धनबाद के विभिन्न स्कूलों तथा कालेजों के लिए परिभ्रमण दौरे का आयोजन किया है। ईको-माइनिंग पर्यटन कार्यक्रम के तहत दिल्ली पब्लिक स्कूल, धनबाद; डीएवी, मुनिडीह, धनबाद; पब्लिक स्कूल, धनबाद; गुरू गोविन्द सिंह पब्लिक स्कूल, धनबाद; सैंमबॉसिस पब्लिक स्कूल, धनबाद एवं आइआइटी-आइएसएम धनबाद के विद्यार्थियों ने ज्ञानवर्धन के लिए और बीसीसीएल के खनन एवं उनके द्वारा किए जा रहे पारिस्थितिक पुनरुद्धार कार्य के बारे में जानने के लिए खदानों का भ्रमण किया।

दिनांक 29.11.2019 को दिल्ली पब्लिक स्कूल, धनबाद के विद्यार्थियों का जीकेकेसी ईको पार्क, कुसुंडा क्षेत्र का भ्रमण

दिनांक 05.12.2019 को जीजीपीएस, धनबाद के विद्यार्थियों का जीकेकेसी ईको पार्क, कुसुंडा क्षेत्र का भ्रमण

दिनांक 12.12.2019 को आइआइटी-आइएसएम धनबाद के विद्यार्थियों का गोकुल ईको कल्चरल पार्क, लोदना क्षेत्र का भ्रमण

दिनांक 07.12.19 को डीएवी, मुनिडीह के विद्यार्थियों का मुरलीडीह ईको रेस्टोरेशन साईट, पश्चिमी झरिया क्षेत्र का भ्रमण

दिनांक 09.12.19 को सैंमबॉसिस पब्लिक स्कूल, धनबाद के विद्यार्थियों का पारसनाथ उद्यान, कतरास क्षेत्र का भ्रमण

दिनांक 05.12.19 को जीजीपीएस, धनबाद के विद्यार्थियों का जीकेकेसी ईको पार्क, कुसुंडा क्षेत्र का भ्रमण

(घ) सभी पर्यावरणीय मंजूरी, पर्यावरणीय मंजूरी अनुपालनों को जन सूचना के लिए बीसीसीएल की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया जाता है। इसे क्षेत्रीय एवं मुख्यालय स्तरों पर लगे सूचनापटों पर प्रदर्शित भी किया जाता है। बीसीसीएल की वेबसाइट पर बीसीसीएल प्रबंधन की विभिन्न पर्यावरण संबंधी गतिविधियों को प्रदर्शित किया जाता है।

### ङ. आईएसओ प्रमाणन

एकीकृत प्रबंधन प्रणाली के कार्यान्वयन के लिए संशोधित एकीकृत परिचालन मैनुअल, एकीकृत रखरखाव मैनुअल और एकीकृत प्रबंधन प्रणाली मैनुअल को सीएमडी, बीसीसीएल द्वारा अनुमोदित किया गया है जो एक साथ अंतर्राष्ट्रीय मानकों- आईएसओ 9001, आईएसओ 14001 और आईएसओ 45001 का अनुपालन करता है।

## च. कॉर्पोरेट पर्यावरण नीति

बीसीसीएल ने वित्त वर्ष 2019-20 में अपनी कॉर्पोरेट पर्यावरण नीति को संशोधित किया है। यह नीति को प्रचलित स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखकर सीआइएल की नीति के अनुसार तैयार की गई है। इस नीति में कोयला खनन उद्योग पर लागू पर्यावरणीय विधियों के 100% अनुपालन के लिए ग्रीन माइनिंग और मिशन का दृष्टिकोण है। इससे पहले, सीआइएल पर्यावरण नीति 2012 के आधार पर झरिया मास्टर प्लान को शामिल करते हुए बीसीसीएल के सीइपी को दिनांक 21.04.2012 को बीसीसीएल बोर्ड द्वारा अपनी 28वीं बैठक में अनुमोदित किया गया था। संशोधित बीसीसीएल नीति-2019 वर्ष 2012 के बाद से प्राप्त अनुभव का परिणाम है, जो पर्यावरणीय नीतियों में समय-समय पर किए गए संशोधनों / संशोधनों को ध्यान में रखते हुए और एसओइएफ ऐंड सीसी (पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय) और खान बंदी, विकृत भूमि पुनरूद्धार, पर्यावरणीय मंजूरी आदि से संबंधित अन्य संगठनों द्वारा अधिसूचित अतिरिक्त शर्तों को ध्यान में रखकर और साथ ही कॉर्पोरेट नीति को समय-समय पर संशोधित करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

## छ. पेशाजन्य बीमारियों की निगरानी के संबंध में अध्ययन

बीसीसीएल में खनन कार्यों में लगे सभी कामगारों के स्वास्थ्य की नियमित जांच होती है। कर्मचारियों के स्वास्थ्य की मॉनिटरिंग के लिए उनकी प्रारंभिक चिकित्सा जांच (आई एम इ) तथा आवधिक चिकित्सा जांच (पी एम ई) की जा रही है। अपने श्रमिकों को नियमित आवधिक स्वास्थ्य जांच के अलावा सक्रिय खनन परिचालनों में लगाए गए श्रमशक्ति में से 10 प्रतिशत श्रमिकों की पहचान कर पेशाजन्य बीमारियों एवं श्रवण-क्षति के लिए एनआईओएच, अहमदाबाद के जरिये स्वास्थ्य की जांच की गयी। यह भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के तहत आइसीएमआर के अंतर्गत प्रमुख संस्थान है। इस अध्ययन की सिफारिशें लागू की जा रही हैं।

## ज. स्रोत विभाजन अध्ययन-

निलंबित पर्टिकुलेट मैटर (PM10 एवं PM2.5) की खनिज संरचना के अध्ययन सहित झरिया कोल फील्ड्सस (गैस, धुंआ, धूल उत्सर्जन आदि) में वायु प्रदूषण के स्रोतों एवं सीमा का अध्ययन करने के लिए, बीसीसीएल ने "झरिया कोल फील्ड्स में परिवेशी वायु कणों के पदार्थो का प्रसारस्रोत" के अध्ययन के लिए नेरी (NEERI) नागपुर को शामिल किया है। गर्मियों एवं सर्दियों दोनों मौसमों के लिए डेटा संग्रह फरवरी 2020 तक पूरा हो गया है, रिपोर्ट प्रतीक्षित है।

## झ. प्रदूषण नियंत्रण के उपाय

### क. वायु प्रदूषण नियंत्रण के उपाय

i. पर्यावरण संरक्षण के लिए कोयले के परिवहन के दौरान उड़ने वाली धूल को कम से कम करने के लिए ट्रकों में लदे कोयले के उपर पानी का छिड़काव करने के उद्देश्य से ओवरहेड स्प्रिंकलर की स्थापना की गई है, जो एक अनूठी पहल है। ये स्प्रिंकलर विभिन्न क्षेत्रों में मौजूद रेलवे साइडिंग्स के प्रवेश एवं निकास द्वार पर स्थापित किए गए हैं। इस स्थान पर ओवरहेड स्प्रिंकलर की स्थापना का उद्देश्य परिवहन के दौरान ट्रकों से उड़ने वाली कोयले की धूल को कम एवं नियंत्रित करके साइडिंग एवं सीएचपी तक गीले कोयले का परिवहन करना है। इसके अलावा, जब कोई ट्रक आग लगे हुए कोयले को लेकर इन पानी के फव्वारे के नीचे से गुजरता है तो कोयले में लगी आग पूरी तरह से बुझ जाती है, जिससे कोयले की धूल (कोल डस्ट) हवा में नहीं उड़ती है और इससे अंततः वायु प्रदूषण कम हो जाता है। वर्तमान में, बीसीसीएल में अपनाई गई यह प्रणाली धूल एवं आग के रोकथाम हेतु एक बेहद ही कारगर एवं प्रभावकारी प्रणाली में से एक है।

ii. परिसर में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए रेलवे साइडिंग में हरी चादर का उपयोग किया जा रहा है।

iii. परिवहन वाले रास्तों (हॉल रोड) पर उड़ने वाली धूल को कम करने के उद्देश्य से इसपर नियमित रूप से पानी का छिड़काव करने के लिए मोबाइल वाटर स्प्रिंकलर को लगाया जाता है। वर्ष 2019-20 में, फुहारे लगे 10 वाटर स्प्रिंकलर की खरीद की गई है।

iv. सीएचपी से बाहर उड़ने वाले कोयले के धूल (कोल डस्ट) की राकथाम के लिए कोल हैंडलिंग संयंत्रों (सीएचपी) की घेराबंदी की जा रही है।

v. डस्ट इक्स्ट्रैक्टर युक्त ड्रिल/गीला ड्रिलिंग प्रणाली का इस्तेमाल किया जाता है।

vi. धूल उत्सर्जन के रोकथाम के लिए निष्क्रिय ओवर बर्डेन (ओबी) पर घास उगाया जाता है।

रेलवे साइडिंग, सेंद्रा बांसजोरा में हरित आवरण

ओवरहैड स्प्रिंकलर

कोल क्रसिंग स्थल पर स्थायी स्प्रिंकलर

कतरास क्षेत्र में फुआरा वाला पानी टैंकर

vii. वायु-गुणवत्ता की निगरानी के लिए नियमित रूप से परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी की जा रही है और कोई भी प्रतिकूल रिपोर्ट प्राप्त होने पर सुधारात्मक कार्रवाई की जा रही है।

**ख. जल प्रदूषण नियंत्रण के उपाय**

i. बीसीसीएल की विभिन्न खानों के कार्मशालाओं से निकलने वाले तेल एवं ग्रीस के रोकथाम से जल प्रदूषण नियंत्रण किया जा रहा है।

ii. बहते हुए तेल एवं ग्रीस के अवशेष से तेल को इकट्ठा करने के लिए अवशेष को ड्रमों में एकत्र किया जाता है और उसे एक उंची एवं पक्की जगह पर रखा जाता है और उसके बाद इसके तलछट वाले तेल को जमा किया जाता है। वाहनों एवं एचइएमएम के रखरखाव के दौरान उपयोग किए गए तेल एकत्र किए जाते हैं और इसे लीक प्रूफ ड्रम में ढक्कन बंद करके रखा जाता है। उपयोग किए गए तेल, जो हानिकारक अपशिष्ट (श्रेणी 5.1) की श्रेणी में आता है, के भंडारण के लिए राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से प्रत्येक परियोजना के लिए अलग-अलग विधिवत रूप से प्राधिकार-पत्र लिया जाता है। इस्तेमाल किये गए इस तेल को ई-नीलामी के माध्यम से अधिकृत रिसायकलरों को नीलाम किया जाता है, ताकि इसका किसी न किसी रूप में पुन: प्रयोग हो सके।

iii. बीसीसीएल में 10 रैपिड ग्रेविटी फिल्टर, 6 स्लो सैंड फिल्टर और 53 प्रेशर फिल्टर स्थापित किए गए हैं ताकि खदान के पानी को इलाके में आपूर्ति से पहले इसे उपचारित किया जा सके। स्थापित किये गए 69 फिल्टरों की कुल क्षमता 13.11 एमजीडी (मिलियन गैलन प्रति दिन) है।

iv. बीसीसीएल ने सिंफर, धनबाद के सहयोग से पुटकी बलिहारी क्षेत्र में 4000 लीटर प्रति घंटे की क्षमता का एक जल उपचार संयंत्र स्थापित किया है, ताकि खदान के पानी को आवश्यक उपचार के उपरांत इसे आरओ (RO) के पानी जैसा पीने योग्य बनाया जा सके।

**ग. तेलयुक्त खतरनाक ठोस अपशिष्ट का निपटान**

यह खतरनाक अपशिष्ट श्रेणी 5.2 के तहत आता है और इन अपशिष्टों को खास तौर पर बनाए गए शेडों में रखा जाता है और राज्य में उपलब्ध अधिकृत सार्वजनिक संग्रह एवं निपटान स्थल के माध्यम से निपटान किया जाता है।

**घ. ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के उपाय**

उपकरणों से निकलने वाली ध्वनियों को नियमित रखरखाव द्वारा नियंत्रित किया जाता है। ब्लास्टिंग का कार्य केवल 14:00 से 15:00 बजे के बीच, यानी पाली परिवर्तन के दौरान किए जाते हैं। कर्मचारियों को जहां भी आवश्यकता होती है वहां ईयर-मफ और ईयर-प्लग दिए जाते हैं।

### (ट) विविध:

- सभी हितधारकों को लाभ सुनिश्चित करने के लिए एक संधारणीय विकास प्रकोष्ठ का भी गठन किया गया है। यह प्रकोष्ठ खनन के दौरान तथा खनन के बाद के परिदृश्य में समुदायों के लाभ के लिए नई पहलों की पहचान कर रहा है।

- कोयला खदान की आग से प्रभावित भौरा (साउथ) कोलियरी में ठेकेदार को दिये गए ठेका कार्य के निष्पादन की प्रारंभिक चरण में खदान के आसपास रहने वाले स्थानीय लोगों ने खदान परिसर में प्रवेश कर कार्य को बाधित किया था, जिसके कारण ठेकेदार और स्थानीय लोगों के बीच संघर्ष हुआ था।

- राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने एक स्थानीय दैनिक “हरिभूमि” में प्रकाशित अखबार की रिपोर्ट के आधार पर इस पर स्वत: संज्ञान लिया और बीसीसीएल, राज्य सरकार एवं जेएसपीसीबी, रांची को नोटिस दिए।

- जेएसपीसीबी ने एक औचक निरीक्षण किया और परिचालन की सहमति (सीटीओ) को रद्द करते हुए भौरा (दक्षिण) कोलियरी के काम को रोकने का निर्देश दिया। बीसीसीएल ने जेएसपीसीबी द्वारा जारी किए गए सभी निर्देशों का पालन करते हुए अपने खनन कार्यों को बंद कर दिया और बाद में जेएसपीसीबी द्वारा जारी किए गए कारण बताओ नोटिस के खिलाफ एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। जेएसपीसीबी ने ईसी एवं सीटीओ शर्तों के अनुपालन के निरीक्षण के लिए एक छह सदस्यीय समिति का गठन किया। समिति से संतोषजनक रिपोर्ट प्राप्त होने पर, जेएसपीसीबी ने अपने आदेश को वापस ले लिया किंतु जुर्माना लगाया।

- इस बीच, बीसीसीएल ने जारी नोटिस के खिलाफ माननीय एनएचआरसी में एक हलफनामा भी दायर किया। एनएचआरसी मामले के निपटारे से संतुष्ट है।

- बीसीसीएल ने आंशिक भुगतान के साथ जेएसपीसीबी द्वारा लगाए गए जुर्माने के खिलाफ अपीलीय प्राधिकरण के पास एक अपील दायर की और जुर्माना के आदेश को रोकने का अनुरोध इस आधार पर किया कि समिति ने अनुपालन से संबंधित संतोषजनक रिपोर्ट प्रस्तुत की है, जिसमें कहा गया है कि अधिकांश शर्तों का अनुपालन किया जा रहा है अथवा अनुपालन की प्रक्रिया में है। उक्त मामला अपीलीय प्राधिकरण के पास लंबित है।

- बीसीसीएल द्वारा बेहतर पर्यावरण के विकास लिए सभी कदम उठाए जा रहे हैं और इसे सुनिश्चित करने के लिए आंतरिक निगरानी तंत्र बनाई गई है।

- बीसीसीएल के विभिन्न हिस्सों में वायु प्रदूषण की वास्तविक समय की निगरानी के लिए 40 ऑनलाइन पीएम10 एनालाईजर की स्थापना हेतु एक निविदा आमंत्रित की गई है।

# 32. सिविल

**मास्टर प्लान के तहत बीसीसीएल खदानों के आस-पास जोखिम वाले क्षेत्र से गैर कोयला धारित क्षेत्र में निर्मित आवासों में कर्मचारियों का स्थानांतरण**

| क्र.सं. | मास्टर प्लान के अंतर्गत निर्मित आवासों का विवरण | निर्माण स्थल | 31.03.2010 तक ग्रहण किए गए आवासों की संख्या | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गैर कोयला धारित (एनसीबी) क्षेत्रों में बीसीसीएल के मौजूदा विभिन्न कॉलोनियों में 344 इकाइयों (96 बी टाइप तथा 248 माइनर्स क्वाटर्स) का निर्माण (मास्टर प्लान बजट) | भूली 96 बी टाइप | 96 | शिफ्टिंग पूरा हुआ |
| | | कोल डंप कालोनी कतरास- 248 माइनर्स क्वार्टर्स | 248 | शिफ्टिंग पूरा हुआ |
| 2 | एनसीबी क्षेत्रों में बीसीसीएल में मौजूदा विभिन्न कॉलोनियों में 1152 माइनर्स आवासों का निर्माण (मास्टर प्लान बजट) | कतरास- 360 माइनर्स क्वार्टर्स | 360 | शिफ्टिंग पूरा हुआ |
| | | कुसुंडा - 600 माइनर्स क्वार्टर्स | 600 | शिफ्टिंग पूरा हुआ |
| | | लोदना - 192 माइनर्स क्वार्टर्स | 192 | शिफ्टिंग पूरा हुआ |
| 3 | बीसीसीएल के मौजूदा विभिन्न कॉलोनियों के अंदर तीन साइटों पर मास्टर प्लान के तहत (प्रत्येक 12 इकाइयों के तीन मंजिला ब्लॉक में) 4080 घरों का निर्माण (माइनर्स आवास) (मास्टर प्लान बजट) | कतरास - 240 माइनर्स क्वार्टर्स | 240 | शिफ्टिंग पूरा हुआ |
| | | मुरली नगर - 396 माइनर्स क्वार्टर्स | 396 | शिफ्टिंग पूरा हुआ |
| | | जग जीवन नगर | 568 | शिफ्टिंग पूरा हुआ |
| | | कार्मिक नगर – 1268 माइनर्स क्वार्टर्स | 633 | शिफ्टिंग प्रगति पर है |
| | | गोविंदपुर - 156 माइनर्स क्वार्टर्स | शून्य | शिफ्टिंग प्रगति पर है |
| | | कुसुम विहार - 1452 माइनर्स क्वार्टर्स | 333 | शिफ्टिंग प्रगति पर है |
| 4 | बीसीसीएल के एनसीबी जमीन पर पूर्वी झरिया क्षेत्र, गोविंदपुर क्षेत्र, लोदना क्षेत्र, चांच विक्टोरिया क्षेत्र तथा बस्ताकोला क्षेत्र के अंतर्गत करमाटांड टाउनशिप पर मास्टर प्लान के अंतर्गत (प्रत्येक 12 इकाइयों के तीन मंजिला ब्लॉक में) 4020 इकाइयों माइनर्स आवासों का निर्माण (मास्टर प्लान बजट) | सीवी क्षेत्र - 420 माइनर्स क्वार्टर्स | 222 | शिफ्टिंग प्रगति पर है |
| | | लोदना क्षेत्र - 360 माइनर्स क्वार्टर्स | 90 | जलापूर्ति व्यवस्था तथा बिजली कनेक्शन किया जाना है। |
| | | गोविंदपुर क्षेत्र - 1428 माइनर्स क्वार्टर्स | 71 | विद्युत कनेक्शन कार्य प्रगति पर है। |
| | | कोयला नगर - 1116 माइनर्स क्वार्टर्स | शून्य | जलापूर्ति व्यवस्था तथा विद्युत कनेक्शन कार्य प्रगति पर है। |
| | | कुसुंडा क्षेत्र - 480 माइनर्स क्वार्टर्स | 6 | जलापूर्ति व्यवस्था तथा बिजली कनेक्शन किया जाना है। |
| | | बस्ताकोला क्षेत्र - 216 माइनर्स क्वार्टर्स | शून्य | जलापूर्ति व्यवस्था तथा बिजली कनेक्शन किया जाना है। |
| 5 | 2248 इकाई आवासों का निर्माण (एनसीबी क्षेत्र में बीसीसीएल के विभिन्न जगहों में बी, सी तथा डी टाइप आवास) (मास्टर प्लान तथा कैपिटल बजट) | बी टाइप- 1584 | 27 | 231 बी, 20 सी एवं 4 डी टाईप आवासों का आबंटित कर दिया गया है। |
| | | सी टाइप- 520 | शून्य | |
| | | डी टाइप- 144 | शून्य | |
| 6 | करमाटांड मौजा में 4008 इकाई माइनर्स आवासों का निर्माण (कैपिटल बजट) | करमाटांड- 4008 माइनर्स आवास | शून्य | कार्य प्रगति पर है (कार्य अंतिम चरण में है) |
| निर्मित कुल आवास | | 15852 इकाई | 4082 | 6938 आवास आबंटित |

**बीसीसीएल के गैर-कोयला धरित क्षेत्र में 31 मार्च, 2020 तक आवासों के पूरी तरह से मरम्मत की संपूर्ण स्थिति**

| कार्य के प्रकार | मरम्मत किये जाने वाले आवास | मरम्मत हेतु दिये गए आवास | अधिकृत आवास | मरम्मत किये गए आवास | मार्च 20 में मरम्मत किये गए आवास |
|---|---|---|---|---|---|
| संपूर्ण मरम्मत | 17810 | 17810 | 12960 | 12731 | 14 |
| टारफेल्टिंग | 11355 | 11355 | 10592 | 10592 | पूरा हुआ |

## 33. निदेशकों के उत्तरदायित्व का विवरण:

बीसीसीएल के वित्तीय विवरणों के भाग में नोट -2 के महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों और नोट-38 के वित्तीय विवरणों पर अतिरिक्त टिप्पणियों के साथ पढ़े जाने वाले कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 (5) के संदर्भ में।

**यह पुष्टि की जाती है कि:**

क. वार्षिक वित्तीय विवरणों को तैयार करने में, लागू लेखांकन मानकों का पालन किया गया है और इसमें से किसी भी प्रकार के भौतिक तथ्यों को नहीं हटाया गया है।

ख. इस प्रकार की लेखाकरण नीतियों का चयन किया एवं उनका प्रयोग लगातार कर रहे हैं एवं औचित्य पूर्ण निर्णय लिये गए है तथा प्राक्कलन तैयार किया गया है ताकि वित्तीय वर्ष के अंत में कंपनी के कार्यों की स्थिति तथा उस अवधि के दौरान कंपनी के लाभ-हानि का सत्य एवं सही चित्र प्रस्तुत हो सके।

ग. कंपनी की परिसंपत्तियों को सुरक्षित रखने तथा उनके अनुरक्षण, धोखाधड़ी और अनियमितताओं का पता करने के लिए इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार लेखाकरण के अभिलेखों का पर्याप्त अन्वीक्षण हेतु समुचित एवं भरपूर ध्यान रखा है।

घ. चालू कारोबार के आधार पर वार्षिक लेखा तैयार किया है।

ङ. 31 मार्च, 2020 समाप्त हुए वर्ष के दौरान अनुपालन किए जाने वाले आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का उल्लेख किया है, इस प्रकार के आंतरिक नियंत्रण पर्याप्त है, जिनका संचालन प्रभावी तरीके से किया जाता है।

च. लागू सभी कानूनों के प्रावधानों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए समुचित प्रणाली की खोज की है, जो पर्याप्त है और जिनका संचालन प्रभावी तरीके से होता है।

## 34 . बीसीसीएल के वार्षिक लेखा का निरीक्षण

कोल इंडिया लिमिटेड के किसी अंशधारक की मांग पर उनके निरीक्षण हेतु बीसीसीएल के कंपनी सचिवालय में वार्षिक लेखा उपलब्ध रहेगा।

## 35 . सत्यनिष्ठा समझौता का कार्यान्वयन

बीसीसीएल में सत्यनिष्ठा समझौता लागू किया गया है। सत्यनिष्ठा समझौता को लागू करने के लिए 04 मार्च 2009 को धनबाद में ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गए।

गत वित्तीय वर्ष के दौरान सत्यनिष्ठा समझौता के तहत आने वाली निविदाओं (वस्तु, सेवाओं और संविदाओं सहित) का प्रतिशत निम्नलिखित है:

| वर्ष | निविदा का कुल मूल्य (₹ लाख में) | आई.पी.के तहत निविदाओं का कुल मूल्य (₹ लाख में) | आई.पी. बनाम निविदाओं का कुल मूल्य को शामिल करते हुए निविदाओं का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 2019-20 | 122177.65 | 116197.77 | 95.10% |
| 2018-19 | 152232.64 | 136056.01 | 89.37% |

## 36 . कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 तथा कंपनी (लागत लेखाकरण अभिलेख) नियम, 2013 के नियम 2 के अनुसार वर्ष 2018-19 के लिए लागत लेखा परीक्षा प्रतिवेदन की स्थिति

वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए सेंट्रल कास्ट ऑडिटर द्वारा 06.09.2019 को लागत लेखा परीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत की गई तथा इस रिपोर्ट को 19.09.2019 को एक्सबीआरएल मोड में एम सी ए सहित दाखिल किया गया।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 (1) के तहत केंद्र सरकार द्वारा निर्दिष्ट लागत रिकॉर्ड्स कंपनी द्वारा बनाए और अनुरक्षित किए जाते हैं।

## आभार

कंपनी की लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में भारत सरकार खासकर कोयला मंत्रालय तथा कोल इंडिया लिमिटेड को उनके द्वारा दिए गए अपरिमित सहयोग तथा बहुमूल्य दिशा-निर्देश के लिए आपके निदेशकगण धन्यवाद देते हैं। आपके निदेशकगण राज्य सरकार तथा इसके जिला स्तरीय अधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों को उनके सहयोग तथा कंपनी के बहुमूल्य सहायता के लिए भी आभार प्रकट करते हैं। निदेशकगण सांविधिक लेखा परीक्षकों तथा भारत सरकार के लेखा नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक से मिले रचनात्मक परामर्श के लिए भी उनके प्रति आभार प्रकट करते हैं तथा उनके सतत सहयोग के लिए ऋणी है। वर्ष के दौरान कंपनी में उत्पादन तथा अन्य सभी गतिविधियों में अपनी पूर्ण आस्था के साथ सहयोग देने वाले कर्मचारियों एवं ट्रेड यूनियनों को भी धन्यवाद दिया जाता है।

## परिशिष्ट

इस रिपोर्ट के साथ निम्नलिखित संलग्न है :

I. सी एस आर गतिविधियों की वार्षिक रिपोर्ट।

II. अनुसंधान एवं विकास।

III. कॉरपोरेट शासन पर रिपोर्ट

IV. प्रबंधन का विश्लेषण एवं वार्ता रिपोर्ट।

V. स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट और इसके अनुलग्नक।

VI. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (6) (ख) के तहत भारत सरकार के लेखा नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां तथा भारतीय लेखा परीक्षक एवं लेखा विभाग द्वारा लेखा की समीक्षा।

VII. सचिवीय लेखा परीक्षक की रिपोर्ट।

कंपनी की वार्षिक विवरणी का संक्षिप्त संस्करण निम्नलिखित लिंक पर भी उपलब्ध है:

www.bcclweb.in

कृते, निदेशक मंडल की ओर से।

ह/-

**(पी.एम.प्रसाद)**

अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

धनबाद

# अनुलग्नक- I

## सीएसआर गतिविधियों पर वार्षिक रिपोर्ट

### संक्षिप्त रूपरेखा

आज के गतिशील कारोबारी माहौल में, संगठनों के लिए यह आवश्यक हो गया है कि वे मुख्य व्यावसायिक गतिविधियों को अंजाम देते हुए अपने बड़े हितधारकों की बेहतरी में योगदान दें।

भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) भी इस विचार को प्रतिध्वनित करता है और अपने हितधारकों को सामाजिक लाभ देने की आकांक्षा रखते हुए कंपनी के आर्थिक लाभों की दिशा में काम करता है। यह मुख्य रूप से झारखंड राज्य में स्थित अपने खनन क्षेत्रों में और इसके आसपास रहनेवाले समाज के जरूरतमंद लोगों को लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से सरकारी पहलों के साथ-साथ सीएसआर गतिविधियों को भी पूरा करता है।

बीसीसीएल कोल इंडिया लिमिटेड (सीआइएल) की एक अनुषंगी कंपनी है और इसने सीआइएल के कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) की नीति को अपनाया और लागू किया है।

सीआइएल ने एक सामुदायिक विकास आधारित सीएसआर नीति अनुमोदित की है, जो निस्संदेह, सीआइएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों में समान रूप से लागू है। कंपनी अधिनियम 2013 की विशेषताओं को शामिल करने के उपरांत और दिनांक 27.02.2014 को भारत सरकार के कंपनी मामलों के मंत्रालय द्वारा निर्गत अधिसूचना के साथ-साथ सार्वजनिक लोक उपक्रमों (DPEs) के दिशानिर्देशों के अनुसार सीआइएल की इस कारपोरेट सामाजिक दायित्व की समरूप नीति को तैयार किया गया और इसमें अंतर्गत निम्नलिखित बातों को प्रमुखता से शामिल किया गया:

I. भूख, गरीबी और कुपोषण उन्मूलन; रोग निवारण और स्वच्छता के साथ स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देना, सुरक्षित पेय जल उपलब्ध कराना और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा स्थापित 'स्वच्छ भारत कोष' में योगदान देना।

II. विशेष शिक्षा और बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगों को रोजगारोन्मुख कौशल विकास प्रशिक्षण समेत शिक्षा और आजीविका वृद्धि परियोजनाओं को बढ़ावा देना।

III. लैंगिक समानता को बढ़ावा देना और महिलाओं को सशक्त बनाना, महिलाओं और अनाथों के लिए घरों और छात्रावासों की स्थापना करना; वृद्धाश्रम, डे केयर सेंटर और वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुविधाएं मुहैया कराना और सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े समूहों के प्रति होने वाली असमानताओं को दूर करने के लिए उपाय करना।

IV. पर्यावरणीय स्थिरता, पारिस्थितिकीय संतुलन, वनस्पतियों और जीवों की सुरक्षा, पशु कल्याण, कृषि वानिकी, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और मिट्टी, वायु एवं जल की गुणवत्ता को बनाए रखने सहित गंगा नदी के कायाकल्प के लिए केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए 'स्वच्छ गंगा फंड' में योगदान देना।

V. राष्ट्रीय विरासत, कला और संस्कृति की सुरक्षा सहित ऐतिहासिक महत्व वाले इमारतों, एवं स्थलों की देख-रेख करना और कला-कार्यों सहित सार्वजनिक पुस्तकालयों की स्थापना, पारंपरिक कला और हस्तशिल्प के प्रचार और विकास करना।

VI. सेवानिवृत्त सशस्त्र बलों, युद्ध विधवाओं और उनके आश्रितों के लाभ के लिए उपाय करना।

VII. ग्रामीण खेल, राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त खेल, पैरालम्पिक्स खेल और ओलंपिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण देना।

VIII. सामाजिक-आर्थिक विकास और अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यकों और महिलाओं के राहत और कल्याण के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष या केंद्र सरकार द्वारा स्थापित अन्य कोषों में योगदान देना।

IX. ix. केंद्र सरकार या राज्य सरकार या किसी भी एजेंसी या केंद्र सरकार या राज्य सरकार के सार्वजनिक क्षेत्रक उपक्रमों के इनक्यूबेटरों और सार्वजनिक वित्त पोषित विश्वविद्यालयों, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आइसीएआर) के तत्वावधान में स्थापित राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं तथा स्वायत्त निकायों, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर), वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआइआर), परमाणु ऊर्जा

विभाग (डीएइ), रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ), जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान में लगे संस्थानों को योगदान या धन उपलब्ध कराना।

X. ग्रामीण विकास परियोजनाओं में योगदान देना।

XI. मलिन बस्ती (स्लम क्षेत्र) का विकास करना।

XII. राहत, पुनर्वास और पुनर्निर्माण गतिविधियों सहित आपदा प्रबंधन।

## सीएसआर नीति का वेबलिंक

http://www.bcclweb.in/newpdfs/CSR_Modified_2014.pdf

## कोरोना (COVID-19) महामारी के दौरान सीएसआर गतिविधियां

वर्तमान में, भारत एवं विश्व कोरोना (COVID-19) महामारी से जूझ रहे हैं और अधिसूचित आपदा की इस घड़ी में, बीसीसीएल अपने स्तर से तथा धनबाद जिला प्रशासन के माध्यम से अपनी सीएसआर गतिविधियों के तहत समाज के जरूरतमंद तबके को राहत देने का प्रयास कर रहा है।

कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि कोरोना (COVID-19) के लिए किये जा रहे सीएसआर निधि के व्यय को सीएसआर गतिविधि के अंतर्गत माना जाएगा। निवारक स्वास्थ्य देखभाल, स्वच्छता और आपदा प्रबंधन सहित स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देने से संबंधित अनुसूची VII के मद सं. (I) एवं (xii) के तहत कोरोना (COVID-19) से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के लिए धन खर्च किया जा सकता है।

कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि पीएम केयर्स फंड में किया गया कोई भी योगदान कंपनी अधिनियम-2013 के तहत सीएसआर व्यय माना जाएगा।

## सीएसआर बजट प्रावधान

सीआइएल के सीएसआर नीति के अनुसार पिछले तीन लगातार वित्तीय वर्ष के दौरान कंपनी को हुए औसत निवल लाभ का 2% अथवा पिछले वर्ष में उत्पादित कोयला के ₹ 2.00 प्रति टन, जो भी अधिक हो, के आधार पर सीएसआर का बजट निर्धारित किया जाता है।

## अनिवार्य सीएसआर बजट की गणना

**(1)**

| क्र.सं. | वित्त वर्ष | पीबीटी (₹ करोड़ में) |
|---|---|---|
| 1 | 2016-17 | (-) 263.08 |
| 2 | 2017-18 | (-) 2125.25 |
| 3 | 2018-19 | 557.05 |
| पिछले 03 लगातार वित्तीय वर्ष के दौरान औसत पीबीटी = (-) ₹ 610.43 करोड़ | | |

**(2)**

वित्त वर्ष 2018-19 का उत्पादन 31038200 टन था, जो ₹ 2/टन की दर से ₹ 62076400.00 (₹ 6.21 करोड़) होता है।

**सीएसआर नीति के अनुसार, वित्त वर्ष 2018-19 का अनिवार्य सीएसआर बजट, मद सं. (1) एवं (2) का उच्चतम मूल्य यानी 6.21 करोड़ निर्धारित किया गया है।**

## सीएसआर के कार्यान्वयन की विधि/तंत्र

अनुषंगी कंपनियों को परियोजना/खदान एवं मुख्यालय सहित क्षेत्रों के 25 कि. मी. दायरे में सीएसआर नीति को लागू करने के लिए इसके बजट का 80 प्रतिशत नियत किया गया है। शेष 20 प्रतिशत को उन राज्य/राज्यों के अंदर खर्च किया जाता है जहां अनुषंगी कंपनियां काम कर रही हैं।

## महत्वपूर्ण सीएसआर गतिविधियाँ

वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान विविध मदों के अंतर्गत सीएसआर नीति के अनुसार बीसीसीएल द्वारा सीएसआर के तहत कुछ प्रमुख कार्य किए गए हैं, जैसे:-

**1. स्वच्छ पेयजल**

क) बीसीसीएल ने पेयजल और स्वच्छता विभाग, धनबाद के माध्यम से डिपॉजिटरी मोड के माध्यम से धनबाद के विभिन्न स्थानों पर 30 हैंड पंप स्थापित किए हैं। बीसीसीएल ने पेयजल और स्वच्छता विभाग, धनबाद के माध्यम से डिपॉजिटरी मोड के माध्यम से धनबाद के विभिन्न स्थानों पर 30 हैंड पंप स्थापित किए हैं।

**2. शिक्षा को बढ़ावा देना**

क) बीसीसीएल ने राजकीयकृत भागीरथ ब्रम्हचारी (आरबीबी) हाई स्कूल, राजगंज, धनबाद में 02 क्लासरूम, एक सभागार, लड़कों और लड़कियों के लिए अलग-अलग टॉयलेट कॉम्प्लेक्स, एक साइकिल स्टैंड का निर्माण किया है।

ख) धनबाद जिला प्रशासन के माध्यम से डिपॉजिटरी मोड के तहत धनबाद जिले के विभिन्न उच्च विद्यालयों, उच्च माध्यमिक विद्यालयों और कुल 129 अन्य विद्यालयों में स्मार्ट कक्षाओं के विकास के लिए परियोजना की शुरूआत।

**3. ग्रामीण विकास**

क) धनबाद जिले के गोविंदपुर प्रखंड के अंतर्गत रतनपुर पंचायत के रतनपुर गांव में मैरेज हॉल का निर्माण।

**4. कोरोना (COVID-19) के रोकथाम के प्रयास के तहत निवारक स्वास्थ्य देखभाल और स्वच्छता एवं आपदा प्रबंधन सहित स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देना**

क) कोरोना (COVID-19) महामारी से निपटने हेतु फॉगिंग मशीन एवं स्प्रेयर की खरीद के लिए नगरपालिका आयुक्त, धनबाद को ₹ 10 लाख की वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

ख) कोरोना (COVID-19) महामारी से निपटने हेतु डिपॉजिटरी मोड के तहत उपायुक्त, धनबाद को ₹ 2 करोड़ की वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

**दिनांक 31.03.2020 को बीसीसीएल बोर्ड स्तरीय सीएसआर समिति का संघटन**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | डॉ. के. एस. खोबरागड़े, स्वतंत्र निदेशक, बीसीसीएल | अध्यक्ष |
| (ख) | श्री नरेन्द्र सिंह, स्वतंत्र निदेशक, बीसीसीएल | सदस्य |
| (ग) | श्री आर. एस. महापात्र, निदेशक (कार्मिक), बीसीसीएल | सदस्य |
| (घ) | श्री राकेश कुमार, निदेशक (तकनीकी) परिचालन, बीसीसीएल | सदस्य |
| (ड.) | श्री चंचल गोस्वामी, निदेशक (तकनीकी) परि. एवं यो., बीसीसीएल | सदस्य |
| (च.) | श्री समीरन दत्ता, निदेशक (वित्त), बीसीसीएल | सदस्य |

## सीएसआर बजट और व्यय का सारांश

a. क) कुल स्वीकृत सीएसआर बजट: ₹ 10 करोड़

b. ख) अनिवार्य सीएसआर बजट (सीएसआर नीति के अनुसार ₹ 2/टन कोयला उत्पादन की दर से): ₹ 6.21 करोड़

c. ग) वित्त वर्ष के दौरान सीएसआर के तहत खर्च की राशि का विवरण

- इस वित्त वर्ष में अनिवार्य सीएसआर बजट: ₹ 6.21 करोड़
- खर्च की गई वास्तविक राशि: ₹ 6.01 करोड़
- खर्च न की गयी राशि, यदि हो तो: ₹ 0.2 करोड़

**घ) सीएसआर की राशि खर्च न होने का कारण**

कोरोना (COVID-19) महामारी के मद्देनजर धनबाद पुलिस के सभी थानों में समाज के जरूरतमंद लोगों के लिए सामुदायिक रसोई चलाने के उद्देश्य से दिनांक 31.03.2020 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, धनबाद को ₹ 0.4 करोड़ की राशि प्रदान की गई। इस राशि का उपयोग नहीं हो सका और अप्रैल, 2020 में यह संपूर्ण राशि बीसीसीएल को वापस कर दी गई। यदि इस राशि का उपयोग किया गया होता तो अनिवार्य सीएसआर बजट के अंतर्गत कोई भी अव्ययित राशि नहीं होती।

ङ) इस वित्त वर्ष के दौरान खर्च की गई राशि की प्रणाली: **'अनुलग्नक 'क'** के अनुसार

बीसीसीएल ने अपनी सीएसआर गतिविधियों, उनके कार्यान्वयन एवं निगरानी का अनुपालन, कंपनी (कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व नीति) नियम 2014 और कंपनी के सीएसआर उद्देश्य एवं नीति के आलोक में किया है।

| | | |
|---|---|---|
| **ह ./-** | **ह ./-** | **ह ./-** |
| **(पी.एम. प्रसाद)**<br>सीएमडी, बीसीसीएल | (डॉ. के. एस. खोबरागड़े)<br>अध्यक्ष, सीएसआर समिति | कंपनी अधिनियम की धारा 380 की उप धारा (1) के खंड (घ) के तहत विनिर्दिष्ट व्यक्ति |

| वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान बीसीसीएल द्वारा किये गए सीएसआर व्यय का विवरण | | | | | | | | | अनुलग्नक 'क' |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | चिह्नित सीएसआर परियोजना | क्षेत्र | परियोजना के तहत चयनित राज्य एवं जिला | | परियोजना या कार्यक्रम वार खर्च की निर्धारित राशि (बजट) ₹ लाख में | खर्च की गई राशि (₹ लाख) | | रिपोर्टिंग अवधि तक संचयी खर्च (₹ लाख में) | सीधे अथवा एजेंसी के माध्यम से |
| | | | जिला | राज्य | | सीधे व्यय | बंधा व्यय | | |
| 1 | टुंडी, पूर्वी टुंडी एवं बलियापुर में तालाब का गहरीकरण/नवीनीकरण और सीढ़ियों/घाटों का निर्माण | पर्यावरणीय स्थिरता, पारिस्थितिकीय संतुलन, वनस्पतियों और जीवों की सुरक्षा, पशु कल्याण, कृषि वानिकी, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और मिट्टी, वायु एवं जल की गुणवत्ता को बनाए रखने सहित गंगा नदी के कायाकल्प के लिए केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए 'स्वच्छ गंगा फंड' में योगदान देना | धनबाद | झारखंड | 143.93 | 9.53 | -- | 141.58 | सीधे |
| 2 | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, धनबाद के माध्यम से डिपॉजिटरी मोड के तहत धनबाद जिले के विभिन्न स्थानों पर हैंड पंपों को लगाया गया। | भूख, गरीबी और कुपोषण उन्मूलन; रोग निवारण और स्वच्छता के साथ स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देना, सुरक्षित पेय जल उपलब्ध कराना और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा स्थापित 'स्वच्छ भारत कोष' में योगदान देना | धनबाद | झारखंड | 18.02 | 18.02 | -- | 18.02 | डिपॉजिटरी मोड, धनबाद जिला प्रशासन |
| 3 | ब्लॉक II क्षेत्र के अंतर्गत चिकित्सा शिविर का आयोजन | भूख, गरीबी और कुपोषण उन्मूलन; रोग निवारण और स्वच्छता के साथ स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देना, सुरक्षित पेय जल उपलब्ध कराना और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा स्थापित 'स्वच्छ भारत कोष' में योगदान देना | धनबाद | झारखंड | 0.42 | 0.42 | -- | 0.42 | सीधे |
| 4 | गोविन्दपुर प्रखंड के बरवा गांव में ग्रीन हाट परियोजना (स्वच्छता पखवाड़ा के तहत) | भूख, गरीबी और कुपोषण उन्मूलन; रोग निवारण और स्वच्छता के साथ स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देना, सुरक्षित पेय जल उपलब्ध कराना और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा स्थापित 'स्वच्छ भारत कोष' में योगदान देना | धनबाद | झारखंड | 3.73 | 0.81 | -- | 3.73 | सीधे |
| 5 | सीएसआर पहल के तहत कोरोना (COVID-19) महामारी से निपटने हेतु फॉगिंग मशीन एवं स्प्रेयर की खरीद के लिए नगरपालिका आयुक्त, धनबाद को वित्तीय सहायता प्रदान करने की मंजूरी | भूख, गरीबी और कुपोषण उन्मूलन; रोग निवारण और स्वच्छता के साथ स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देना, सुरक्षित पेय जल उपलब्ध कराना और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा स्थापित 'स्वच्छ भारत कोष' में योगदान देना | धनबाद, | झारखंड | 10 | 10 | -- | 10 | डिपॉजिटरी मोड, नगरपालिका आयुक्त, धनबाद |

| वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान बीसीसीएल द्वारा किये गए सीएसआर व्यय का विवरण | | | | | | | | | अनुलग्नक 'क' |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | चिहि्नत सीएसआर परियोजना | क्षेत्र | परियोजना के तहत चयनित राज्य एवं जिला | | परियोजना या कार्यक्रम वार खर्च की निर्धारित राशि (बजट) ₹ लाख में | खर्च की गई राशि (₹ लाख) | | रिपोर्टिंग अवधि तक संचयी खर्च (₹ लाख में) | सीधे अथवा एजेंसी के माध्यम से |
| | | | जिला | राज्य | | सीधे व्यय | बंधा व्यय | | |
| 6 | पहला कदम स्कूल-जगजीवन नगर स्थित सुविधा-वंचित वर्ग के लिए बना एक स्कूल में काम | विशेष रूप से बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गो एवं दिव्यांगों के बीच विशेष शिक्षा तथा रोज़गारपरक व्यावसायिक कौशल सहित शिक्षा को बढ़ावा देना और आजीविका बढ़ाने वाली परियोजनाएँ | धनबाद | झारखंड | 7.29 | 7.21 | -- | 7.21 | सीधे |
| 7 | आरबीबी स्कूल, राजगंज में काम | विशेष रूप से बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गो एवं दिव्यांगों के बीच विशेष शिक्षा तथा रोज़गारपरक व्यावसायिक कौशल सहित शिक्षा को बढ़ावा देना और आजीविका बढ़ाने वाली परियोजनाएँ | धनबाद | झारखंड | 110.38 | 84.39 | -- | 99.39 | सीधे |
| 8 | बीसीसीएल के लाल/ बीसीसीएल की लाड़ली | विशेष रूप से बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गो एवं दिव्यांगों के बीच विशेष शिक्षा तथा रोज़गारपरक व्यावसायिक कौशल सहित शिक्षा को बढ़ावा देना और आजीविका बढ़ाने वाली परियोजनाएँ | धनबाद | झारखंड | 4.73 | 4.73 | -- | 4.73 | सीधे |
| 9 | धनबाद जिला प्रशासन के माध्यम से डिपॉजिटरी मोड के तहत धनबाद जिले के विभिन्न उच्च विद्यालयों, उच् माध्यमिक विद्यालयों और कुल 129 अन्य विद्यालयों में स्मार्ट कक्षाओं के विकास | विशेष रूप से बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गो एवं दिव्यांगों के बीच विशेष शिक्षा तथा रोज़गारपरक व्यावसायिक कौशल सहित शिक्षा को बढ़ावा देना और आजीविका बढ़ाने वाली परियोजनाएँ | धनबाद | झारखंड | 193.5 | 193.5 | -- | 193.5 | धनबाद जिला प्रशासन के माध्यम से डिपॉजिटरी मोड के तहत |
| 10 | एससी/एसटी अभ्यर्थियों के लिए माईनिंग सरदार का प्रशिक्षण | महिलाओं, बुजुर्गो एवं दिव्यांगों के बीच विशेष शिक्षा तथा रोज़गारपरक व्यावसायिक कौशल सहित शिक्षा को बढ़ावा देना और आजीविका बढ़ाने वाली परियोजनाएँ | धनबाद | झारखंड | 42.33 | 8.93 | -- | 24.96 | सीधे |
| 11 | तोपचांची प्रखंड में पीसीसी पथ का निर्माण | ग्रामिण विकास परियोजनाएं | धनबाद | झारखंड | 162.23 | 2.12 | -- | 157.84 | सीधे |
| 12 | गोविंदपुर प्रखंड के अंतर्गत रतनपुर पंचायत के रतनपुर गांव में मैरेज हॉल का निर्माण | ग्रामिण विकास परियोजनाएं | धनबाद | झारखंड | 37.27 | 33.63 | -- | 33.63 | सीधे |
| 13 | गोविंदपुर प्रखंड के अंतर्गत रतनपुर पंचायत के जिरामुरी गांव में सामुदायिक केंद्र का निर्माण | ग्रामिण विकास परियोजनाएं | धनबाद | झारखंड | 17.89 | 1.25 | -- | 16.76 | सीधे |

| वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान बीसीसीएल द्वारा किये गए सीएसआर व्यय का विवरण | | | | | | | | | अनुलग्नक 'क' |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | चिह्नित सीएसआर परियोजना | क्षेत्र | परियोजना के तहत चयनित राज्य एवं जिला | | परियोजना या कार्यक्रम वार खर्च की निर्धारित राशि (बजट) ₹ लाख में | खर्च की गई राशि (₹ लाख) | | रिपोर्टिंग अवधि तक संचयी खर्च (₹ लाख में) | सीधे अथवा एजेंसी के माध्यम से |
| | | | जिला | राज्य | | सीधे व्यय | बंधा व्यय | | |
| 14 | बीसीसीएल के सीएसआर पहल के तहत धनबाद में कोरोना (COVID-19) महामारी से निपटने के प्रारंभिक प्रयासों के लिए डी.सी. धनबाद को डिपॉजिटरी मोड ट्रांसफर | आपदा प्रबंधन | धनबाद | झारखंड | 200 | 200 | -- | 200 | डी.सी. धनबाद के माध्यम से डिपॉजिटरी मोड |
| 15 | मुख्यमंत्री राहत कोष, झारखंड में डिपॉजिटरी मोड ट्रांसफर | अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यकों और महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक विकास, राहत एवं कल्याण के लिए केंद्र सरकार द्वारा स्थापित प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष या किसी अन्य निधि में योगदान | धनबाद | झारखंड | 50 | 50 | -- | 50 | झारखंड राज्य सरकार के माध्यम से डिपॉजिटरी मोड |
| 16 | विविध: योग दिवस, हथकरघा रखरखाव पर अत्यधिक व्यय, निर्मित विवाह मंडप का अंतिम बिल निपटान | अन्य | धनबाद | झारखंड | 0.19 | 0.12 | -- | 0.19 | सीधे |
| 17 | उत्तरदायित्व वापसी | अन्य | धनबाद | झारखंड | (23.4) | (23.4) | -- | (23.4) | |
| | कुल | | | | 978.47 | 601.22 | -- | 938.52 | |

# अनुलग्नक - II

## 2019-20 के दौरान अनुसंधान एवं विकास (आर एवं डी)

### (क) ऊर्जा संरक्षण

**1. ऊर्जा संरक्षण के लिए किए गये उपाय**

**2.1. पारंपरिक लाइट के स्थान पर एल इ डी लाइट्स लगाना**

(क) बीसीसीएल ने जी एल एस लैंपों, ट्यूब फिटिंग, ट्यूब लाइट की खरीद पर रोक लगा दी है। सभी कार्यालयों/ औद्योगिक परिसरों में ट्यूब लाइट, जी एल एस लैंपों एवं अन्य पारंपरिक लाइट्स फिटिंग्स के स्थान पर एल ई डी लाइट्स फिटिंग्स किये जा रहे है।

(ख) बीसीसीएल के मुख्यालय एवं विभिन्न क्षेत्रों में पहले ही पारंपरिक लाइट्स फिटिंग्स के स्थान पर लगभग 17,000 एल इ डी लाइट्स फिटिंग्स लगाये जा चुके हैं। विभिन्न वॉटेज के लगभग 5060 एल इ डी की खरीद पहले ही हो चुकी है और इन्हें विभिन्न क्षेत्रों तथा बीसीसीएल टॉउनशीप में चरणबद्ध तरीके से फिट किया जा रहा है।

**2.2 . बिजली चोरी को रोकने के लिए उठाये गए कदम:**

बीसीसीएल ने गैर-कोयलाधारित क्षेत्रों में बीसीसीएल कर्मचारियों के लिए केन्द्रीकृत कॉलोनियों का निर्माण किया है ताकि इन कॉलोनियों में कर्मचारियों को बसाने के बाद, इनके द्वारा खाली की गयी कॉलोनियों में स्रोत से ही बिजली के कनेक्शन काटे जा सकें।

**2.3. ऊर्जा संरक्षण के लिए बीसीसीएल टाउनशिप में दैनिक आधार पर नियत कालिक शट-डाउन किया जाता है।**

**2.4 . कैपेसिटर बैंक:**

बीसीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों के लिए कैपेसिटर बैंक/ कैपेसिटर यूनिट की खरीद कर ली गई है और शीघ्र ही स्थापित किये जाने की संभावना है। इस कैपेसिटर बैंक के लगने के बाद अधिकतम मांग एवं बिजली की क्षति कम हो जाएगी, जिससे भविष्य में बिजली के बिल में कमी आएगी।

**2.5 . सौर ऊर्जा के क्षेत्र में पहल**

| क्र. सं. | कार्यों के नाम | स्थिति | अपेक्षित समय |
|---|---|---|---|
| i. | बीसीसीएल मुख्यालय कोयला भवन तथा केन्द्रीय अस्पताल की छत पर 350 के.डब्लू.पी. एस पी वी ग्रिड कनेक्टेड रूफ टॉप प्लांट की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं शुरूआत | एलओए निर्गत हो चुका है और जल्द ही कार्य आदेश जारी कर दिया जाएगा | अगस्त'2020 |
| ii. | क्षेत्रीय कार्यालय भवन (तेतुलमारी, सिजुआ के नए कार्यालय भवन, बस्ताकोला क्षेत्रीय कार्यालय भवन एवं प.झ. क्षेत्रीय कार्यालय) की छत पर 297 के.डब्लू.पी. एस पी वी ग्रिड कनेक्टेड रूफ टॉप प्लांट की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं शुरूआत | एलओए निर्गत हो चुका है और जल्द ही कार्य आदेश जारी कर दिया जाएगा | अगस्त'2020 |
| iii. | कोयला नगर नर्सरी में 6 के.डब्लू.पी सोलर पावर आधारित एलईडी लाइट की व्यवस्था ,आपूर्ति , स्थापना, परीक्षण एवं शुरूआत | स्थापित किया जा चुका है और जून'2019 से चालू है | |
| iv. | बीसीसीएल के 19 भवनों में 1.2 एमवी सोलर रूफ टॉप पावर प्लांट | एसईसीआई द्वारा निविदा प्रक्रिया की शुरूआत (सीआईएल के समन्वय से) | मार्च, 2021 |
| v | बीसीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों की मैगजींस में 210 के.डब्लू.पी सोलर पावर प्लांट (ग्राउंड माण्टेड/ रूफ टॉप) एवं सोलर ट्री (हाइब्रीड) सिस्टम की स्थापन, परीक्षण एवं आपूर्ति की योजना की शुरुआत। | अनुमोदन की प्रक्रिया में है। | मार्च, 2020 |
| vii | पश्चिम बंगाल के भोजुडीह कोल वाशरी में 25 एमडब्ल्यू ग्राउंड माण्टेड सोलर पावर प्लांट की स्थापना | एसइसीएल द्वारा बनाये गए डीपीआर का अनुमोदन प्रक्रिया में है। | मार्च, 2022 |

# अनुलग्नक - III

## कॉरपोरेट गवर्नेंस 2019-20 पर रिपोर्ट

### 1. कॉरपोरेट दर्शन

बीसीसीएल कानून, नियम एवं दिशा-निर्देशों के अनुसार विभिन्न स्तरों पर मूल्य, नैतिक व्यवहार पारदर्शिता एवं प्रकटीकरण सुनिश्चित करने हेतु कॉरपोरेट गवर्नेंस के लिए वचनबद्ध है।

### 2. निदेशक मंडल

बीसीसीएल के एसोसिएशन के अनुच्छेद के अनुसार कंपनी के निदेशकों की संख्या कम से कम तीन अधिकतम 15 होगी। ये निदेशक पूर्णकालिक प्रकार्य निदेशक या अल्पकालिक निदेशक हो सकते हैं।

### 3. बोर्ड का गठन

31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार निदेशक मंडल में एक पूर्णकालिक अध्यक्ष, 4 प्रकार्य निदेशक, 2 गैर-कार्यकारी निदेशक तथा 2 स्वतंत्र निदेशक हैं।

### 4. बोर्ड की बैठक

वर्ष के दौरान क्रमशः दिनांक 28.05.2019, 27.06.2019, 31.07.2019, 06.09.2019, 27.09.2019, 24.10.2019, 15.11.2019, 19.12.2019, 17.01.2020, 06.02.2020 ,06.03.2020 एवं 24.03.2020 को बोर्ड की कुल 12 (बारह) बैठकें हुईं। वर्ष 2019-20 के दौरान बोर्ड की बैठक और वार्षिक आमसभा में उपस्थिति का विवरण इस प्रकार है :-

| क्र. सं. | निदेशक का नाम | निदेशक की श्रेणी | 2019-20 के दौरान बैठकों की सं. जिनमें उपस्थित हुए | गत एजीएम में उपस्थित रहे या नहीं |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री शेखर शरण | अध्यक्ष | 3 | हॉं |
| 2 | श्री पी. एम. प्रसाद | अध्यक्ष | 12 | नहीं |
| 3 | श्री भवानी प्रसाद पति | गैर-कार्यकारी निदेशक | 9 | नहीं |
| 4 | श्री बिनय दयाल | गैर-कार्यकारी निदेशक | 11 | हॉं |
| 5 | डॉ. एच. एस. यादव | स्वतंत्र निदेशक | 7 | हॉं |
| 6 | श्री विष्णु प्रसाद दास | स्वतंत्र निदेशक | 9 | हॉं |
| 7 | डॉ. के. एस. खोबरागड़े | स्वतंत्र निदेशक | 10 | हॉं |
| 8 | डॉ. ए. के. लोमस | स्वतंत्र निदेशक | 7 | हॉं |
| 9 | श्री नरेन्द्र सिंह | स्वतंत्र निदेशक | 9 | नहीं |
| 10 | श्री राकेश कुमार | निदेशक | 12 | हॉं |
| 11 | श्री के. एस. राजाशेखर | निदेशक | 1 | नहीं |
| 12 | श्री आर. एस. महापात्र | निदेशक | 12 | हॉं |
| 13 | श्री समिरन दत्ता | निदेशक | 10 | नहीं |
| 14 | श्री जे. पी. गुप्ता | निदेशक | 3 | नहीं |
| 15 | श्री चंचल गोस्वामी | निदेशक | 6 | नहीं |
| 16 | श्री के. आर. वासुदेवन | निदेशक | 1 | नहीं |

### 5. लेखा परीक्षा समिति:

#### (क) गठन

बीसीसीएल के निदेशक मंडल की लेखा परीक्षा समिति का गठन कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 292ए एवं कंपनी अधिनियम, 2013 की धरा 175 के तहत कारपोरेट गवर्नेंस में सुधार लाने के ख्याल से वर्ष 2002 में हुआ था। बीसीसीएल की लेखा परीक्षा समिति में चार स्वतंत्र निदेशक, दो प्रकार्य निदेशक, कोल

इंडिया लि. से नामित एक निदेशक तथा सरकार द्वारा नामित एक निदेशक होते हैं। समिति के स्वतंत्र निदेशकों में से एक समिति के अध्यक्ष होते हैं। 31 मार्च, 2020 के अनुसार लेखा परीक्षा समिति (बीसीसीएल निदेशक मंडल की एक उप समिति) का गठन निम्नलिखित प्रकार से है:

| | | | |
|---|---|---|---|
| i) | श्री नरेन्द्र सिंह | : | अध्यक्ष |
| ii) | श्री बी. पी. पति | : | सदस्य |
| iii) | श्री विनय दयाल | : | सदस्य |
| iv) | डॉ. के. एस. खोबरागड़े | : | सदस्य |
| v) | श्री राकेश कुमार | : | सदस्य |
| vi) | श्री चंचल गोस्वामी | : | सदस्य |
| vii) | श्री समिरन दत्ता | : | सदस्य |

समिति के सदस्यों के साथ विचार-विमर्श करने के लिए लेखा परीक्षा समिति की बैठक में निदेशक (वित्त), आंतरिक लेखा परीक्षा के विभागाध्यक्ष एवं सांविधिक लेखा परीक्षक आमंत्रित किए जाते हैं। जब समिति को कोई जरूरी जानकारी देनी होती है तो आवश्यकता पड़ने पर वरीय अधिकारियों को भी आमंत्रित किया जाता हैं।

### (ख) लेखा परीक्षा समिति का कार्य क्षेत्र:

i. कंपनी के लेखा परीक्षकों की नियुक्ति के लिए सिफारिश, मानदेय तथा शर्तें,

ii. लेखा परीक्षकों की स्वतंत्रता एवं कार्य निष्पादन तथा अंकेक्षण प्रक्रिया की प्रभावोत्पादकता की समीक्षा एवं अनुवीक्षण,

iii. वित्तीय टिप्पणियां एवं उनपर लेखा परीक्षक की रिपोर्ट की जांच,

iv. संबंधित पार्टियों से कंपनी की लेन-देन का अनुमोदन अथवा उसके बाद कोई संशोधन

v. अंतर निगमित ऋण एवं विनिवेश की जांच पड़ताल

vi. जहां आवश्यकता हो, वहां कंपनी के दायित्वों अथवा परिसंपत्तियों का मूल्यांकन,

vii. आंतरिक वित्तीय नियंत्रण एवं जोखिम प्रबंधन पद्धति का मूल्यांकन,

viii. पब्लिक ऑफरों एवं संबंधित मामलों से प्राप्त निधियों के अंतिम उपयोग का अनुवीक्षण।

### (ग.) लेखा परीक्षा समिति की बैठक एवं उपस्थिति :

वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान क्रमशः 28.05.2019, 31.07.2019, 05.09.2019, 26.09.2019, 24.10.2019, 19.12.2019, 06.02.2020 एवं 06.03.2020 को लेखा परीक्षा समिति की आठ बैठकें आयोजित हुई। लेखा परीक्षा समिति में सदस्यों की उपस्थिति का विवरण इस प्रकार है:

| क्रम सं. | निदेशक का नाम | पद | वर्ष 2019-20 के दौरान लेखा परीक्षा समिति की बैठकों में उपस्थिति की सं. |
|---|---|---|---|
| 1 | डॉ. ए. के. लोमास | अध्यक्ष | 5 |
| 2 | श्री भवानी प्रसाद पति | अध्यक्ष | 7 |
| 3 | श्री बिनय दयाल | सदस्य | 7 |
| 4 | डॉ. एच. एस. यादव | सदस्य | 5 |
| 5 | श्री विष्णु प्रसाद दास | सदस्य | 6 |
| 6 | डॉ. के. एस. खोबरागड़े | सदस्य | 6 |
| 7 | श्री पी. एम. प्रसाद | सदस्य | 2 |
| 8 | श्री राकेश कुमार | सदस्य | 8 |
| 9 | श्री के. एस. राजाशेखर | सदस्य | 1 |
| 10 | श्री नरेन्द्र सिंह | सदस्य | 7 |

| क्रम सं. | निदेशक का नाम | पद | वर्ष 2019-20 के दौरान लेखा परीक्षा समिति की बैठकों में उपस्थिति की सं. |
|---|---|---|---|
| 11 | श्री समिरन दत्ता | सदस्य | 7 |
| 12 | श्री जे. पी. गुप्ता | सदस्य | 3 |
| 13 | श्री चंचल गोस्वामी | सदस्य | 3 |

## 6. स्वतंत्र निदेशकों की बैठक :

वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान स्वतंत्र निदेशकों की कोई बैठक आयोजित नहीं हुई।

## 7. व्हीसिल ब्लॉअर नीति :

कंपनी अधिनियम, 2013 की शर्तों के अनुसार बीसीसीएल के निदेशक मंडल ने 24.05.2014 को संपन्न अपनी 307वीं बैठक में व्हीसिल ब्लॉअर नीति अपनायी।

## 8 . जोखिम प्रबंधन समिति

### जोखिम प्रबंधन समिति की बैठक एवं उपस्थिति:

वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान जोखिम प्रबंधन की एक बैठक दिनांक 28.05.2019 को संपन्न हुई थी। सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न जोखिम प्रबंधन समिति की बैठक का विवरण निम्नलिखित है:

| क्र. सं. | निदेशक का नाम | स्थिति | वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान जोखिम प्रबंधन समिति की बैठकों में उपस्थिति की सं. |
|---|---|---|---|
| 1 | डॉ. ए. के. लोमास | अध्यक्ष | 1 |
| 2 | श्री पी. एम. प्रसाद | सदस्य | 1 |
| 3 | श्री विष्णु प्रसाद दास | सदस्य | 1 |
| 4 | श्री के. एस. राजाशेखर | सदस्य | 1 |
| 5 | श्री आर. एस. महापात्र | सदस्य | 1 |
| 6 | श्री राकेश कुमार | सदस्य | 1 |
| 7 | श्री एच. एस. यादव | सदस्य | 1 |

## 9. सशक्त उप समिति :

### ईएससी (टी) की बैठक एवं उपस्थिति:

वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान सशक्त उप समिति की सात बैठकें दिनांक 28.05.2019, 27.06.2019, 05.09.2019, 26.09.2019, 15.11.2019, 19.12.2019 एवं 17.01.2020 को संपन्न हुई थी। सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न ईएससी (टी) की बैठक का विवरण निम्नलिखित है:

| क्र. सं. | निदेशक का नाम | स्थिति | वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान ईएससी (टी) की बैठकों में उपस्थिति की सं. |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री भवानी प्रसाद पति | अध्यक्ष | 7 |
| 2 | श्री पी. एम. प्रसाद | सदस्य | 2 |
| 3 | डॉ. ए. के. लोमास | सदस्य | 5 |
| 4 | श्री के. एस. राजाशेखर | सदस्य | 1 |
| 6 | श्री राकेश कुमार | सदस्य | 7 |
| 7 | श्री समिरन दत्ता | सदस्य | 5 |
| 8 | श्री जे. पी. गुप्ता | सदस्य | 2 |
| 9 | श्री चंचल गोस्वामी | सदस्य | 3 |
| 10 | श्री विष्णु प्रसाद दास | सदस्य | 2 |

**ईएससी (पी ऐंड सी) की बैठक एवं उपस्थिति:**

वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान ईएससी (टी) की पांच बैठकें दिनांक 27.09.2019, 24.10.2019, 15.11.2019, 19.12.2019 एवं 13.03.2020 को संपन्न हुई थी। सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न ईएससी (पी ऐंड सी) की बैठक का विवरण निम्नलिखित है:

कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के तहत नियम (8) (5) (iiia) के प्रावधानों के अनुसार स्वतंत्र निदेशकों की अखंडता, विशेषज्ञता एवं अनुभव (प्रवीणता सहित) के संबंध में बोर्ड की राय:

कोयला मंत्रालय के अवर सचिव, श्री संजीब भट्टाचार्य द्वारा निर्गत कार्यालय आदेश संख्या 21/33/2018-BA(part II) दिनांक 10.07.2019 के माध्यम से श्री नरेंद्र सिंह को गैर-आधिकारिक स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया गया था। निदेशक मंडल का यह मानना है कि श्री सिंह द्वारा प्रस्तुत प्रोफाइल के अनुसार उनके पास विभिन्न कार्य क्षेत्रों में पर्याप्त अनुभव एवं विशेषज्ञता है, जिससे बोर्ड को निर्णय लेने की प्रक्रिया में आसानी हुई है। बोर्ड को यह भी लगता है कि वे एक ईमानदारी का व्यक्ति हैं, जो उनके पिछले रिकॉर्डों के साथ-साथ उनके वर्तमान कार्य से भी स्पष्ट होता है।

| क्र. सं. | निदेशक का नाम | स्थिति | वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान ईएससी (टी) की बैठकों में उपस्थिति की सं. |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री पी. एम. प्रसाद | अध्यक्ष | 5 |
| 2 | श्री भवानी प्रसाद पति | सदस्य | 3 |
| 3 | श्री बिनय दयाल | सदस्य | 4 |
| 4 | श्री विष्णु प्रसाद दास | सदस्य | 4 |
| 5 | श्री नरेन्द्र सिंह | सदस्य | 5 |
| 6 | श्री राकेश कुमार | सदस्य | 5 |
| 7 | श्री समिरन दत्ता | सदस्य | 5 |
| 8 | श्री जे. पी. गुप्ता | सदस्य | 2 |
| 9 | श्री चंचल गोस्वामी | सदस्य | 3 |

## 10. आम सभा का बैठक :

गत 3 वार्षिक आम सभा की बैठकों की तिथि, समय एवं स्थान निम्नलिखित हैं:

| वित्तीय वर्ष | दिनांक | समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 2018-19 | 08.07.2019 | 12.00 बजे दोपहर | कोयला भवन, कोयला नगर, धनबाद |
| 2017-18 | 13.07.2018 | 11.30 बजे पूर्वाह्न | कोयला भवन, कोयला नगर, धनबाद |
| 2016-17 | 22.07.2017 | 11.00 बजे पूर्वाह्न | कोयला भवन, कोयला नगर, धनबाद |

## 11. बीसीसीएल के शेयर होल्डिंग पैटर्न :

बीसीसीएल के 100 % शेयर कोल इंडिया लिमिटेड एवं इसके नामितों के पास हैं।

**12.** कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 8 के तहत उप नियम 5 के संदर्भ में बोर्ड का विचार है कि वर्ष 2019-20 के दौरान नियुक्त स्वतंत्र निदेशक श्री नरेंद्र सिंह के पास कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप काम करने के लिए पर्याप्त विशेषज्ञता, सत्यनष्ठा एवं अनुभव है। इसके अलावा, डॉ. के. एस. खोबरागड़े और श्री नरेंद्र सिंह दोनों स्वतंत्र निदेशकों का आईआईसीए (IICA) में पंजीकरण है और वे अनुच्छेद 150 की उप-धारा (1) के तहत आईआईसीए द्वारा आयोजित किए जाने वाले ऑनलाइन प्रवीणता स्व-मूल्यांकन परीक्षण में बैठने वाले हैं।

# अनुलग्नक-IV

## प्रबंधन चर्चा एवं विश्लेषण रिपोर्ट

कोयला एक जीवाश्म ईंधन है, जो पूरे विश्व में पाया जाता है और लगभग 70 देशों में इसका प्राप्य योग्य भंडार मौजूद है। विश्व ऊर्जा रिपोर्ट के नवीनतम बीपी सांख्यिकीय सर्वेक्षण के अनुसार विश्व भर में कोयले (हार्ड कोल एवं ब्राउन कोल) का भंडार लगभग 1139.33 बिलियन टन है। कोयले के सबसे बड़े भंडार धारक देश, यूएस (22.1%), चीन (21.4%), रूसी संघ (14.1%), ऑस्ट्रेलिया (12.7%) एवं भारत (8.4%) हैं। वर्ष 2018-19 के दौरान वैश्विक स्तर पर प्रमुख कोयला उत्पादक देशों के कोयला उत्पादन में गिरावट दर्ज की गई, जबकि भारत ने .05% की वृद्धि दर्ज की थी। पिछले दस वर्षों के दौरान विश्व की अतिरिक्त ऊर्जा की मांग का लगभग आधा हिस्सा कोयले से पूरा किया जाता रहा है और आधा हिस्सा तेल, प्राकृतिक गैस, नवीकरणीय एवं परमाणु ऊर्जा जैसे अन्य ईंधनों से पूरा किया जाता है। आधुनिक विश्व में सस्ती, विश्वसनीय और सुलभ बिजली की उपलब्धता समृद्धि का आधार है। भविष्य में प्रत्येक देश को अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मिश्रित ऊर्जा के विकल्प को अपनाना होगा और अधिकांश देशों में अगले कई वर्षों तक कोयले की मांग बनी रहेगी।

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA) ने अपनी रिपोर्ट में यह संकेत दिया है कि वर्ष 2020 तक कोयले की मांग 0.8% प्रतिवर्ष की औसत दर से बढ़ जाएगी। इस वृद्धि के आधे हिस्से की पूर्ति भारत से होगी और प्राथमिक ऊर्जा क्षेत्र में कोयले की हिस्सेदारी 27 % से बढ़कर 29 % तक हो जाएगी।

पर्यावरणीय दबाव, कम नवीकरणीय ऊर्जा टैरिफ, CO2 मूल्य निर्धारण, कोयला-करों और नवीकरणीय ऊर्जा आदि की बढ़ती प्रतिस्पर्धा सहित उत्सर्जन को कम करने के अन्य उपायों के कारण, कोयला संबंधी प्रतिबंधित नीतियां बनाई जा रही है, जिससे कोयले को विद्युत उत्पादन में अपनी जगह बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। हालांकि, भारत एवं आसियान देशों की अर्थव्यवस्थाओं में कोयले की मांग में वृद्धि बनी रहेगी। भारत में लोगों को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराना और विनिर्माण क्षेत्र का विस्तार करना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, इसके लिए कोयला सबसे किफायती विकल्प है। नवीकरणीय स्रोतों में तेजी लाने के बावजूद, बिजली की मांग का स्तर ऐसा है कि कोयले की खपत में नए निवेश और भविष्य में वृद्धि होना अपरिहार्य है। यह संभावना है कि भविष्य में भारत दुनिया का सबसे बड़ा कोयला-उपभोक्ता देश बन जाएगा, क्योंकि यहां कोयले का 2/3 हिस्सा विद्युत उत्पादन के लिए प्रयोग किया जाता है।

वैश्विक स्तर पर, कोयले को ऊर्जा स्रोत से बाहर नहीं किया जा सकता है, क्योंकि वैश्विक स्तर पर 70% इस्पात उत्पादन, 41% विद्युत उत्पादन और 90% सीमेंट उत्पादन कोयला पर ही निर्भर है और भारत इसका अपवाद नहीं है।

विश्व के जनसंख्या की 18-19% आबादी भारत में रहती है, जो पूरे विश्व के प्राथमिक ऊर्जा का 6% का उपयोग करती है। वर्ष 2000 के बाद से ऊर्जा की खपत दोगुनी हो गई है और इसे आगे और तेजी से बढ़ने की संभावना है। ऊर्जा की मांग अगर इसी स्तर से बढ़ती रही तो यह अनुमान लगाया जा रहा है कि वर्ष 2040 तक यह अपने वर्तमान आकार से पांच गुना से अधिक बढ़ जाएगी।

### कोयला: भारत के ऊर्जा मिश्रण में सबसे महत्वपूर्ण ईंधन

कोयला, भारत में प्राथमिक ऊर्जा का प्रमुख स्रोत और प्रमुख ईंधन संसाधनों का सबसे बड़ा घरेलू भंडार है। भारत के विद्युत संयंत्रों का ईंधन-वार विवरण निम्नलिखित है, जो कोयले के योगदान को स्पष्ट रूप से दर्शाता है।

**भारतीय विद्युत संयंत्रों की स्थापित क्षमता (31.03.2019 तक) (मेगावाट में)**

| स्वामित्व/क्षेत्र | मोड-वार अलग-अलग | | | | | | | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | थर्मल | | | | नाभिकीय | हाइड्रो | आरईएस * (एमएनआरई) | |
| | कोयला | गैस | डीज़ल | कुल | | | | |
| राज्य | 66651.50 | 7118.70 | 236.01 | 74006.21 | 0.00 | 26958.50 | 2357.03 | 103321.74 |
| निजी | 76003.00 | 10598.74 | 273.70 | 86875.45 | 0.00 | 3394.00 | 83279.41 | 173548.85 |
| केंद्रीय | 62480.00 | 7237.91 | 0.00 | 69717.91 | 6780.00 | 15346.72 | 1632.30 | 93476.93 |
| **कुल** | 205134.50 | 24955.36 | 509.71 | 230599.57 | 6780.00 | 45699.22 | 87268.74 | 370347.52 |

**जीएसआई** द्वारा दिनांक 01.04.2018 तक भारत में कुल 319.02 बिलियन टन कोयला भंडार होने का अनुमान लगाया गया था, जिसमें प्राईम कोकिंग कोल 5.313 बिलियन टन, मिडियम एवं सेमी कोकिंग कोल 29.204 बिलियन टन, गैर-कोकिंग कोल 282.91 बिलियन टन और **टेरटियरी** कोयला (उच्च सल्फर) 1.588 बिलियन टन है। अधिकांश भारतीय कोयला भंडार 300 मीटर की गहराई पर स्थित हैं और जिसका खनन आमतौर पर सरफेस माइनिंग विधि द्वारा किया जाता हैं।

हालांकि, इनमें से कुछ कोयला भंडार घने जंगलों के नीचे मौजूद हैं और जिसका खनन अंडरग्राउंड माइनिंग विधि से करना ही व्यावहारिक है, क्योंकि इस विधि से पुनर्स्थापना और जंगल एवं पर्यावरण को होने वाले नुकसान जैसी समस्या नहीं आती है। 300 मीटर से अधिक गहराई पर स्थित कोयले का उत्खनन, अंडरग्राउंड माइनिंग विधि से करना आर्थिक दृष्टि से भी उपयुक्त होता है। हाल ही में, पेरिस में जलवायु परिवर्तन विषय पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC) के सदस्यों के 21वीं सम्मेलन (COP21) का आयोजन किया गया, जिसमें भारत ने जलवायु प्रतिज्ञा के माध्यम से इस बात की प्रतिबद्धता व्यक्त की है कि उसके द्वारा सौर एवं पवन ऊर्जा को अपनाया जाएगा और कम कार्बन उत्सर्जित करने वाले ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके बावजूद भी भारत में कोयला का स्थान सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा मिश्रण के रूप में बने रहने की संभावना है।

कोयला क्षेत्र का प्रदर्शन देश की अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह सभी प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वर्ष 2020 तक कोयले का घरेलू उत्पादन, कोयले के आयात की मात्रा को कम करने में सक्षम नहीं है।

सभी को चौबीसों घंटे (24X7) बिजली की आपूर्ति उपलब्ध कराने का सरकारी अभियान केवल तभी सुनिश्चित किया जा सकता है जब बिजली की उत्पादन क्षमता बढ़ाई जाए। कोयले की लागत प्रतिस्पर्धा मुख्य रूप से कम कोयले की कीमतों और वैकल्पिक ईंधन की सीमित उपलब्धता पर आधारित है। यहां तक कि यदि अक्षय प्रौद्योगिकियों के लागत के गिरावट को भी शामिल कर लिया जाये, फिर भी भारत में बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए कोयला का सबसे प्रभावी विकल्प के रूप में बने रहने की संभावना है।

## भारत में बिजली उत्पादन के लिए क्षमता

- **सौर क्षमता = 749 GW.**
- **पवन क्षमता = 103 GW**
- **जैव द्रव्यमान = 25 GW.**
- **स्मॉलहाइड्रो ( 25 MW क्षमता तक ) = 20 GW**

## कोयले की कुल आवश्यकता:

- वर्ष **2021-22 = 727 MT** (वर्ष 2021-22 तक आरईएस से 175 GW स्थापित क्षमता सहित परिदृष्य- I)]
- वर्ष **2026-27 = 901 MT** (50 **MT** आयातित कोयला सहित)

विकासशील देशों को CO2 उत्सर्जन को कम करने के लिए, उच्च क्षमता कम उत्सर्जन (HELE) प्रौद्योगिकी आधारित बिजली संयंत्र स्थापित करना होगा। वर्तमान में कोयला आधारित बिजली संयंत्र अपने विकास के चरण में है, कोयला आधारित प्रौद्योगिकी के चयन के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था पर कार्बन उत्सर्जन का गहरा प्रभाव पड़ेगा। वैश्विक परिप्रेक्ष्य में, यूरोप में अक्षय ऊर्जा में निवेश की तुलना में भारत में अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल प्रौद्योगिकी में निवेश, CO2 के अधिक उत्सर्जन को कम कर सकता है। भारत में कोयले के कुशलतापूर्वक उपभोग करने से ऊर्जा की बढ़ती मांग से निपटने में काफी सहायता मिलेगी और जलवायु परिवर्तन की प्रतिबद्धताओं में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित किया जा सकेगा।

## उद्योग संरचना और विकास

भारत में सार्वजनिक क्षेत्र की कोयला खदानों पर कुल उत्पादन का 90% कोयला उत्पादन करने का दायित्व है और कोल इंडिया लिमिटेड (एक महारत्न, पीएसयू) पर अपनी सहायक कंपनियों के माध्यम से कुल उत्पादन का 80% कोयला उत्पादन करने का दायित्व हैं। भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल, एक मिनीरत्न, पीएसयू) कोकिंग कोल की प्रमुख उत्पादक कंपनी है, जो कोयला खनन एवं अन्य संबद्ध गतिविधियों का परिचालन करती है। कोकिंग कोल एवं गैर कोकिंग कोल के राष्ट्रीयकरण के समय परंपरागत रूप से निजी मालिकों द्वारा अवैज्ञानिक विधि से चलायी जा रही छोटी-छोटी असंगठित कोयला खदानें इस कंपनी को विरासत के तौर पर मिली। इनका परिचालन ऊपरी सतह तक ही सीमित था, जिसके कारण इसके भूमिगत पुराने कार्यस्थल में आग लगने तथा पानी भर जाने की समस्या आम थी। इस कोयला क्षेत्र में आबादी का घनत्व काफी अधिक है और यहां टाउनशिप, महत्वपूर्ण रेल नेटवर्क, राष्ट्रीय-राजमार्गों और राज्य-राजमार्गों सहित सड़कों की भी बहुलता है। इस कारण से यहां कोयले का उत्खनन करना, खनन इंजीनियरों के लिए बेहद जटिल एवं चुनौती पूर्ण है। किंतु खनन क्षेत्र में इस कंपनी का स्थान उतना ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसे देश की सबसे बड़ी कोकिंग कोल उत्पादक कंपनी होने का गौरव प्राप्त है। बीसीसीएल अपने कुल कोयला उत्पादन का लगभग 85%, कोकिंग कोल के रूप में करता है। बीसीसीएल में मुख्य रूप से दो प्रकार के कोकिंग कोल का उत्पादन होता है- प्राइम कोकिंग कोल (PCC) और मध्यम कोकिंग कोल (MCC), जिसमें कम वाष्पशील पदार्थ मौजूद होता है। कुल कोकिंग कोल के उत्पादन में प्राइम कोकिंग कोल (PCC) की मात्रा 10% और मध्यम कोकिंग कोल (MCC) की मात्रा 90% होती है।

## भारत में कोयला भंडार

सीएमपीडीआई, एमईसीएल, जीएसआई और एससीसीएल और कुछ निजी / सार्वजनिक एजेंसियों द्वारा अनुमानित संसाधन के आधार पर भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण द्वारा तैयार भारतीय कोयला भंडार की सूची निम्नलिखित है **(मिलियन टन में)**:

| कोयले का प्रकार | प्रमाणित | सूचित | अनुमानित | कुल |
|---|---|---|---|---|
| **कोकिंग** | | | | |
| -प्राइम कोकिंग | 4649 | 664 | 0 | 5313 |
| -मिडियम कोकिंग | 13914 | 11709 | 1879 | 27502 |
| -सेमी कोकिंग | 519 | 995 | 193 | 1708 |
| **उप कुल कोकिंग** | **19082** | **13368** | **2073** | **34522** |
| गैर-कोकिंग | 129112 | 125697 | 28102 | 282910 |
| तृतीयक कोयला | 594 | 99 | 895 | 158 |
| **कुल योग** | **148787** | **139164** | **31069** | **319020** |

- सबसे पुराने कोयला क्षेत्रों में से एक और कोकिंग कोयले के प्रमुख उत्पादक खदानें निम्नलिखित क्षेत्रों में फैली हुई हैं:
  - झारखंड में स्थित झरिया कोलफील्ड्स -273 वर्ग कि.मी.
  - झारखंड में स्थित रानीगंज कोलफील्ड्स (19 वर्ग कि.मी.) और पश्चिम बंगाल (13 वर्ग कि.मी.) - 32 वर्ग कि.मी.

कंपनी का कोयला भंडार झरिया और रानीगंज कोलफील्ड्स में फैला हुआ है।

**भारत में उपलब्ध प्राइम कोकिंग और मिडियम कोकिंग कोल रिजर्व का अधिकांश हिस्सा बीसीसीएल के पास मौजूद हैं।**

## कोयला उत्पादन:

बीसीसीएल ने वर्ष 2019-20 के दौरान 27.278 मिलियन टन उत्पादन किया है और वर्ष 2020-21 के दौरान 36.11% से अधिक की वृद्धि के साथ 37.13 मि.ट. के उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रयासरत है।

## कोयले का प्रेषण :

कंपनी द्वारा वर्ष 2019-20 के दौरान 28.69 मिलियन टन का प्रेषण किया गया था। हालाँकि, वर्ष 2019-20 में हम अलग-अलग उपभोक्ताओं को 37.13 मिलियन टन का प्रेषण करने की योजना बना रहे हैं।

## बीसीसीएल का स्वॉट (SWOT) विश्लेषण

### ताकत

- आयात समता मूल्य से कम पर कोयला प्रदान करने की क्षमता
- सुरक्षित बाजार वाले प्राइम कोकिंग कोयले का एकमात्र स्रोत
- 40 कि.मी त्रिज्या के दायरे में कोयला संसाधनों का उपलब्धता
- अच्छी कार्य संस्कृति वाले कुशल और प्रशिक्षित श्रमशक्ति
- ऊपरी संस्तर में सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता वाले कोयले और निचले संस्तर में निम्न गुणवत्ता वाले कोयले का पाया जाना
- प्रचुर मात्रा में भंडार की प्रमाणित श्रेणी, इसलिए उपयुक्त योजना बनाई जा सकती है
- मास्टर प्लान के माध्यम से कोयला धारित क्षेत्र में अवस्थित संरचनाओं को हटाने के लिए निरंतर कार्रवाई की जा रही है
- ऊपरी खंड विकासित। जमीन उपलब्ध होने के बाद, उच्च श्रेणी के कोयले का आसानी से खनन किया जा सकता है
- श्रमशक्ति में कमी से उत्तरोत्तर हानि कम हो जाएगी
- अनुकूल भौगोलिक स्थिति, अच्छी सड़क रेल कनेक्टिविटी

- प्रौद्योगिकी अपनाने की क्षमता
- सकारात्मक मानसिकता के लिए अग्रणी कंपनी के वित्तीय स्वास्थ्य के बारे में कर्मचारियों और ट्रेड यूनियनों के बीच बढ़ती चेतना
- सीएमएम और सीबीएम उत्पादन के लिए संभावित क्षेत्र / भंडार

**कमजोरियां**

- पुरानी खदानें 100 वर्षों से अधिक समय से चल रही हैं।
- कोयला धारित क्षेत्रों में घनी आबादी है और ज्यादातर अनधिकृत कब्जें हैं, जिससे खनन गतिविधि की सुचारू प्रगति में बाधा उत्पन्न होती है।
- विरासत में मिली अधिकांश छोटी एवं भूमिगत खदानों का आसानी से मशीनीकरण नहीं किया जा सकता है।
- अधिकांश सीमें आग एवं जल-जमाव से प्रभावित हैं।
- श्रमशक्ति की तर्कसंगत तैनाती में ट्रेड यूनियनों द्वारा बाधा उत्पन्न करना।
- बाहरी ओबी डंप के लिए भूमि का उपलब्ध नहीं होना।

**अवसर**

- लंबी अवधि के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार की तुलना में आसानी से उपलब्ध एक संपूर्ण बाजार
- अगर सरकारी नीति अनुमति देती है तो मास्टर प्लान के लागू होने पर निकलने वाले प्राइम कोकिंग कोयले से घरेलू आवश्यकता को पूरा करने के बाद इसका निर्यात किया जा सकता है जिससे विदेशी मुद्रा अर्जित होने की संभावना है।
- दीर्घकालिक पूंजीगत परियोजनाओं और वाशरी के लिए पीएसयू / प्राइवेट उद्यमियों के साथ संयुक्त उपक्रम।
- इस्पात क्षेत्र में कोकिंग कोल के बाजार की स्थिति अनुकूल है क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत बढ़ रही है और देश मुश्किल से अर्जित विदेशी मुद्रा को इसके लिए वहन नहीं कर सकता है।
- मुनिडीह - सिंगरा - कपूरिया और महुदा बेसिन में गहराई में जमा भंडार की निकासी के लिए उच्च क्षमता वाली भूमिगत खदानों को चालू किया जा सकता है।



## चुनौतियां

- खनन उद्देश्य के लिए भूमि अधिग्रहण अधिनियम के तहत अधिग्रहीत भूमि पर भौतिक कब्जा करने में असमर्थता।
- मास्टर प्लान के निष्पादन में किसी प्रकार के विलंब होने पर कोई राष्ट्रीय आपदा की घटना घट सकती है, जो जीवन और संपत्तियों के साथ-साथ लंबे समय तक कंपनी के परिचालन को भी खतरे में डाल सकती है।

## खंडवार या उत्पादवार प्रदर्शन

वर्ष 2019-20 के दौरान, बीसीसीएल का कोयला उत्पादन 27.27 मिलियन टन था। वर्ष के दौरान कोयले का ऑफटेक पिछले वर्ष की तुलना में 13.19% की नकारात्मक वृद्धि के साथ 28.69 मिलियन टन था। वर्ष के दौरान ओवरबर्डन 83.278 एम घन मी. ओबी हटाया गया था। 2018-19 के दौरान 3.87 टन उत्पादन की तुलना में प्रति मैन शिफ्ट उत्पादकता 3.52 टन थी जिससे 9.04% की नकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। वर्ष 2018-19 के दौरान ₹ 9377.68 करोड़ की तुलना में कंपनी का टर्नओवर ₹ 8967.56 करोड़ दर्ज की गई थी। वर्ष 2018-19 में 6.07 लाख टन की तुलना में वर्ष 2019-20 में स्टील क्षेत्र को धुले कोयले एवं प्रत्यक्ष फीड होने वाले कोयले की आपूर्ति 6.23 लाख टन है जो पिछले वर्ष की तुलना में 2.64% की वृद्धि को दर्शाती है।

### उत्पादन में कमी के कारण:

**(आंकड़े लाख टन में)**

| बिजली की विफलता | गैरहाजिरी | वर्षा/ जलभराव | मैकेनिकल ब्रेकडाउन | आइआर | भूमि की गैर-उपलब्धता/ भूमि विवाद | आग | डीजीएमएस प्रतिबंध | अन्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0.614 | 0.062 | 3.457 | 1.847 | 1.201 | 30.12 | 12.101 | 6.353 | 26.957 |

**कुल – 82.711**

### 1. दृष्टिकोण

**उत्पादन:**

उत्पादन के मोर्चे पर, सरकार ने देश के कोयला उत्पादन को 1.5 बिलियन टन तक बढ़ाने की पहल की है, वर्ष 2023-24 तक कोल इंडिया लिमिटेड का हिस्सा 1 बिलियन टन कर दिया गया है। इसमें बीसीसीएल का हिस्सा 51 मिलियन टन है।

कंपनी ने मुनीडीह XV सीम भूमिगत (2.5 एमटीवाई), मुराईडीह भूमिगत (2 एमटीवाई) नामक उच्च क्षमता वाली परियोजना को लागू करने के लिए कदम बढ़ाया है। इसके अलावा, कल्याणेश्वरी एवं कपुरिया ब्लॉक के एक बार चालू होने से आगामी वर्षों में कंपनी के उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा।

**कोयले का डिस्पैच :**

बढ़ी हुई उत्पादन और प्रेषण आवश्यकता के भावी चुनौतियों को पूरा करने के लिए ऑफ-टेक व्यवस्था को बढ़ाने हेतु अतिरिक्त कदम उठाए गए हैं, जो निम्नलिखित है:-

**रेल द्वारा:**

- 5 एमटीपीए क्षमता वाले महेशपुर में आरएलएस का प्रतिष्ठापन एवं शुरूआत।

**सड़क मार्ग द्वारा:**

- खदान परिसर में 18 न्यू रोड वेब्रिज का निर्माण पहले से ही प्रक्रियाधीन है।

प्रेषण प्रणाली का सामना करने के लिए मौजूदा रेलवे साइडिंग, वारफ वॉल लोडिंग सिस्टम को मजबूत किया जा रहा है।

कंपनी उचित संरक्षण के साथ कोयला के उत्पादन को बढ़ावा देने तथा बिजली और इस्पात क्षेत्र को वांछित गुणवत्ता के कोयले की आपूर्ति करने हेतु अपनी अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**इस्पात की राष्ट्रीय नीति:**

- – वर्ष 2025-26 तक स्टील का शुद्ध निर्यातक होना
- **– वर्ष 2030-31 तक ~ 85% से ~ 65% तक कोकिंग कोयले पर आयात निर्भरता को कम करने के लिए धुले कोकिंग कोल की घरेलू उपलब्धता में वृद्धि।**

स्टील एवं पावर सेक्टरों को कोकिंग कोल और स्वच्छ कोयले की आवश्यकता को पूरा करने के लिए कंपनी अपनी छ: नई वाशरियों के माध्यम से उत्पादित कोयले को धोने का निर्णय लिया था, जिनमें से चार निर्माणाधीन हैं। दहीबारी वाशरी (1.6 एमटीपीए) ने वर्ष 2018-19 के दौरान वाणिज्यिक उत्पादन शुरू कर दिया है, पाथरडीह वाशरी (5.0 एमटीपीए) का पीजी परीक्षण पूरा हो गया है और जल्द ही वाणिज्यिक परिचालन शुरू हो जाएगा। अन्य वॉशरियां कार्यान्वियन के विभिन्न चरणों में हैं।

कंपनी ने बीओएम आधार पर (छह वाशरी से, जिनमें से धुलाई के 8% राख स्तर पर पांच वाशरियों से 16.1 और धुलाई के 14% राख स्तर पर एक वॉशरी से 2.5) 18.6 मिलियन टन प्रति वर्ष (Mtpa) कोकिंग कोल धोने की योजना बनाई है। इन नए वाशरियों से 18% राख स्तर पर लगभग 4.7 मि.ट. प्रतिवर्ष (Mtpa) और 14% राख स्तर पर 1.68 मि.ट. प्रतिवर्ष (Mtpa) कोयले का उत्पादन किया जाएगा।

बीसीसीएल ने अपने धुले कोयले की आपूर्ति क्षमता को बढ़ाकर 2.21 मि.ट. प्रतिवर्ष तक करने के लिए, मुनीडीह (1.6 मि.ट. प्रतिवर्ष) और मधुबन (2.5 मि.ट. प्रतिवर्ष) नामक अपनी दो मौजूदा वाशरियों के नवीनीकरण की योजना बनाई है।

## 2. जोखिम और खतरे

- खान दुर्घटनाएं, खनन से संबंधित बीमारियाँ।
- पावर सेक्टर के उपभोक्ता आम तौर पर निम्न ग्रेड के गैर-कोकिंग कोयले को प्राथमिकता देते/ मांग करते हैं जो निम्न दर पर उपलब्ध है। बिजली क्षेत्र में LVMC कोयले की कीमत में कोई भी वृद्धि खरीदार को अन्यत्र से निम्न श्रेणी के गैर कोकिंग कोयले का चयन करने के लिए मजबूर कर सकती है और कंपनी के समक्ष विपणन की कठिनाई पैदा करेगी। इसलिए, बीसीसीएल के सामने चुनौती यह है कि वह कीमत के मोर्चे पर बिना नुकसान किए बिजली घरों को कोकिंग कोल की आपूर्ति करें।
- कंपनी के पास उत्पादित कोयले को धोने के लिए पर्याप्त धुलाई की क्षमता नहीं है तथा पुराना डिजाइन होने के कारण पुरानी वाशरियों का प्रदर्शन खराब है।
- घरेलू के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धा

## 3. आंतरिक नियंत्रण प्रणाली और उनका उपयोग

विनियामक और सांविधिक अनुपालन सुनिश्चित करने के साथ-साथ कॉरपोरेट शासन को उच्चतम स्तर प्रदान करने के लिए हमारी कंपनी के पास एक बेहतरीन स्थापित और मजबूत आंतरिक नियंत्रण प्रणाली एवं प्रक्रियाएं हैं। निर्बाध निर्णय के लिए शक्तियों का प्रत्यायोजन विस्तृत रूप से किया गया है। परिचालन दक्षता की निगरानी आंतरिक लेखापरीक्षा द्वारा की जाती है। यह लेखापरीक्षा समिति आंतरिक नियंत्रण प्रणाली के कामकाज पर नजर रखती है। कंपनी का लेखा परीक्षण भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा की जाती है। लोक उपक्रम विभाग (डीपीई) के निर्देशों के अनुरूप, कंपनी के नव नियुक्त निदेशकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

## 4. परिचालन प्रदर्शन से संबंधित वित्तीय प्रदर्शन पर परिचर्चा

वित्त वर्ष 2019-20 में, कंपनी का कर पूर्व लाभ (पीबीटी) ₹ 991.12 करोड़ और शुद्ध लाभ ₹ 918.68 करोड़ था, जिसपर पिछले वर्ष क्रमशः पीबीटी ₹ 557.05 करोड़ और शुद्ध लाभ ₹ 288.77 करोड़ की तुलना 77.92% और 218.14% की वृद्धि दर्ज की गई है।

लाभ-वृद्धि में निम्नलिखित प्रमुख कारकों का योगदान हो सकता है:-

- एफएसए के माध्यम से कोयले की बिक्री में बेहतर वसूली दर, विशेष रूप से कोकिंग कोल मूल्य निर्धारण में दो नए ग्रेडों की शुरूआत के मद्देनजर, अर्थात मार्च 2019 में W-V एवं W-VI।
- विशेषकर पिछले वर्ष की तुलना में, वर्ष के दौरान उपभोग किये गए सामग्रियों तथा किये गए संविदात्मक खर्चों की लागत में बचत।

वित्तीय प्रदर्शन एवं विश्लेषण पर एक विस्तृत विवरण निम्नलिखित है।

**क. कुल आय:**

कंपनी की कुल आय में परिचालन एवं अन्य आय से प्राप्त राजस्व शामिल है। कुल आय के उपर्युक्त दो मदों के तहत, कंपनी के प्रमुख राजस्व में कोयले की बिक्री से प्राप्त आय, अन्य परिचालन राजस्व जैसे ग्राहकों से प्राप्त लोडिंग एवं परिवहन शुल्क, निकासी सुविधा शुल्क, बैंकों में सावधि जमा पर अर्जित ब्याज, म्यूचुअल फंड से प्राप्त लाभांश आय, आदि शामिल हैं। शामिल थे। वित्त वर्ष 2019-20 का कुल आय 9971.00 करोड़ है, जो पिछले वर्ष 10247.76 करोड़ की तुलना में 2.70% कम है, जो 4.31 मिलियन टन (वित्त वर्ष 2018-19 में 33.07 मिलियन टन की तुलना में वित्त वर्ष 2019-20 में 28.76 मिलियन टन) कम ऑफ-टेक के कारण दर्ज की गई।

## आय के प्रमुख तत्वों पर विश्लेषण निम्नलिखित है:

### 1. परिचालन से प्राप्त राजस्व

#### क. कोयले बिक्री

रॉयल्टी, जीएसटी, जीएसटी मुआवजा उपकर, राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट (एनएमईटी), जिला खनिज फाउंडेशन सहित अतिरिक्त रॉयल्टी सहित बिक्री को सकल बिक्री के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। (डीएमएफ) और अन्य लेवी आदि।

भारतीय लेखा मानक-115, 'ग्राहकों के साथ अनुबंधों से प्राप्त राजस्व' दिनांक 01.04.2018 से प्रभावी। कोयले की बिक्री से होने वाली आय मुख्य रूप से कोयले के मूल्य निर्धारण एवं उत्पादन तथा वितरण पर निर्भर करती है।

वर्ष के दौरान, कंपनी ने पिछले वर्ष में 33.7 मिलियन टन की तुलना में 28.76 मिलियन टन का ऑफ-टेक हासिल किया, जो 4.31 मिलियन टन यानी 13.03% से अधिक की गिरावट को दर्शाता है। इसके अलावा, दिनांक 24.01.2019 से प्रभावी मूल्य वसूली का पूरे वर्ष प्रभाव, ग्रेड स्लिपेज का नियंत्रण, गुणवत्ता के लिए कम प्रावधान आदि के मद में औसत वसूली में वृद्धि हुई।

पिछले वर्ष में ₹ 12899.97 करोड़ की सकल बिक्री की तुलना में वर्ष 2019-20 में कंपनी की सकल बिक्री ₹ 12224.47 करोड़ रही। पिछले वर्ष ₹ 9377.68 करोड़ की शुद्ध बिक्री (सभी लेवी का शुद्ध) की तुलना में वर्ष के दौरान शुद्ध बिक्री (सभी लेवी का शुद्ध) ₹ 8967.56 करोड़ थी।

#### ख. अन्य परिचालन राजस्व:

**लोडिंग एवं अतिरिक्त परिवहन शुल्क**

अन्य परिचालन राजस्व का अधिकांश अंश ग्राहकों से वसूल किए गए परिवहन शुल्क के मद से है। प्रेषण स्थलों तक कोयले की ढुलाई के लिए दूरी एवं तदनुरूप दरों के विभिन्न स्लैबों के तहत कंपनी द्वारा परिवहन लागत शुल्क लगाया जाता है। वसूले गए लोडिंग एवं परिवहन शुल्क (सभी लेवियों का शुद्ध) पिछले वर्ष ₹ 330.07 करोड़ की तुलना में वर्ष ₹ 315.17 करोड़ था। यह ह्रास ऑफ-टेक की मात्रा में कमी के कारण हुई थी।

**निकासी सुविधा शुल्क**

रैपिड लोडिंग व्यवस्था के माध्यम से किये प्रेषण (डिस्पैच) को छोड़कार, सभी प्रेषणों पर ₹ 50 प्रति टन के हिसाब से निकासी सुविधा शुल्क लगाया जाता है। पिछले वर्ष में ₹ 167.95 करोड़ की तुलना में, वर्ष के दौरान निकासी सुविधा शुल्क (सभी लेवियों का शुद्ध) के मद में कुल राजस्व ₹ 143.28 करोड़ था। यह ह्रास प्रेषण की मात्रा में कमी के कारण हुई थी।

### 2. अन्य आय

वर्ष 2018-19 में ` 372.88 करोड़ की तुलना में, वर्ष के दौरान अन्य आय ₹ 544.99 करोड़ थी, जो ₹ 172.11 करोड़ यानी 46.16% की वृद्धि को दर्शाता है। यह वृद्धि मुख्य रूप से बैंक जमा के औसत निवेश में वृद्धि के कारण हुई। इसके अलावा, पहले प्रदान किए गए प्रावधानों / देनदारियों से संबंधित जो प्रतिलेखन (राइट बैक) था, अब उसकी आवश्यकता नहीं है।

## ख. व्यय

**व्यय के प्रमुख तत्वों का विवरण निम्नलिखित है:**

### क. कर्मचारी लाभ व्यय

कर्मचारी लाभ व्यय, कुल लागत में सबसे बड़ा घटक है, जो कुल लागत का लगभग 64.16% है। पिछले वर्ष में ₹ 5866.95 करोड़ की तुलना में वर्ष के दौरान, कर्मचारी लाभ लागत ₹ 5716.35 करोड़ था।

सामान्य वेतन वृद्धि, महंगाई भत्ते (डीए) में वृद्धि आदि के बावजूद, कर्मचारी पारिश्रमिक लागत में गिरावट आई है। हालांकि, वर्ष के दौरान 2594 कर्मचारियों की कमी का मुख्य लाभ उच्चतर बीमांकिक मूल्यांकन के प्रभाव से काफी हद तक कम हो गया, जिसके कारण संबंधित निधि प्रतिलाभ में कमी हुई जो गतवर्ष के 7.55% के बजाय वित्तीय वर्ष 2019-20 के अंत में 6.60% रहा।

### ख. संविदात्मक व्यय

संविदात्मक व्यय में मुख्य रूप से तीसरे पक्ष के ठेकेदारों द्वारा किया गया कोयला, बालू तथा अन्य सामग्रियों का परिवहन शुल्क, वैगन लोडिंग परिचालन से संबंधित ठेकेदार खर्च, हैवी अर्थ मोविंग मशीनरी से कोयला निष्कर्षण तथा ओवरबर्डन हटाने की गतिविधियों के लिए हायरिंग शुल्क और तीसरे पक्ष के ठेकेदारों द्वारा किये गए अन्य विविध कार्यों की लागत से संबंधित व्यय शामिल है, जैसे खानों के आस-पास हॉल रोड का रखरखाव तथा अस्थायी प्रकाश व्यवस्था आदि। .

वर्ष 2018-19 के ₹ 1312.57 करोड़ की तुलना में वित्त वर्ष 2019-20 में संविदात्मक व्यय ₹ 1211.50 करोड़ रहा जो ₹ 101.07 करोड़ यानी 7.70% तक की कमी को दर्शाता है। कोयले के उत्पादन में कमी और ओवरबर्डन को हटाने के कारण संविदात्मक खर्चों में काफी हद तक कमी आयी थी। इसके अलावा, पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष के दौरान संविदात्मक कार्यों के लिए कम औसत कीमत के कारण भी संविदात्मक खर्चों में कमी आई।

### ग. निवल संपत्ति

दिनांक 31.03.2020 तक कंपनी की निवल संपत्ति ₹ 4297.66 करोड़ थी। इस वर्ष के दौरान, कंपनी ने नियत प्रक्रिया के बाद अपने अधिमान शेयरों को इक्विटी शेयरों में बदल दिया था।

## 5. मानव संसाधन और औद्योगिक संबंध में वास्तविक विकास

वर्ष 2019-20 के दौरान, मैनेजरशिप, ओवरमैनशिप, माइनिंग सरदारशिप, सर्वेयरशिप, गैस परीक्षण, आदि जैसे सांविधिक पदों के लिए 780 कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। 4940 लोगों को आंतरिक प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें सांविधिक श्रमशक्ति, सतर्कता जागरूकता, सेवानिवृत्त व्यक्ति, महिला विकास तथा कंप्यूटर जागरूकता के लिए कौशल विकास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर विशेष जोर दिया गया था। वार्षिक रिपोर्ट में मानव संसाधन विकास को एक अलग खंड के रूप में शामिल किया गया है।

### औद्योगिक संबंध-

उत्पादन एवं उत्पादकता, सुरक्षा, कल्याण, नियोजन एवं अन्य कार्मिक मामलों पर नियमित रूप से परस्पर परिचर्चा करने एवं निष्पादन के लिए कंपनी में एक सुव्यवस्थित द्विपक्षीय मंच का गठन किया गया है, जिसमें प्रबंधन एवं केंद्रीय श्रम संगठनों के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। केंद्रीय श्रमिक संगठनों के साथ वर्ष भर होने वाले बैठक का कलैंडर अग्रिम रूप से निर्गत कर दिया जाता है और तदनुसार इकाई, क्षेत्र और कॉर्पोरेट स्तर पर निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बैठक की जाती है और इस प्रकार से कार्यस्थल पर एक प्रभावकारी मैत्रीपूर्ण संबंध विकसित हो रहा है। वार्षिक रिपोर्ट में औद्योगिक संबंध को एक अलग खंड के रूप में शामिल किया गया है।

**6. पर्यावरणीय बचाव एवं संरक्षण, प्रौद्योगिकी संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा विकास**

मुख्य रिपोर्ट में शामिल

**7. कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर)**

मुख्य रिपोर्ट में शामिल

**8. चेतावनी कथन**

कंपनी के उद्देश्य, प्रक्षेपण, आकलन एवं अपेक्षाओं का वर्णन करने वाली इस रिपोर्ट में दिए गए वक्तव्य लागू प्रतिभूति कानूनों और विनियमों के अर्थ में अनुमानित विवरण हो सकता है। वस्तुतः वास्तविक परिणाम व्यक्त या अंतर्निहित परिणाम से भिन्न हो सकता है। कंपनी के परिचालन में अंतर करने वाले महत्वपूर्ण कारकों में उस क्षेत्र के घरेलू एवं विदेशी बाजारों की आर्थिक स्थितियां, सरकारी नियम, कर कानून तथा अन्य सांविधिक एवं आकस्मिक कारक शामिल हैं, जिन क्षेत्रों में कंपनी का परिचालन होता है। .

# भारत कोकिंग कोल लिमिटेड

(कोल इंडिया लिमिटेड का एक अंग)

धनबाद-826005 (झारखंड)

**CIN No. U10101972GOI000918**

## मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा मुख्य वित्त अधिकारी का प्रमाणन

**सेवा में,**

**निदेशक मंडल**

**बीसीसीएल, धनबाद।**

एतद्द्वारा, 31 मार्च, 2020 को समाप्त हुए वर्ष के लिए बीसीसीएल के वित्तीय विवरणों को निदेशक मंडल के समक्ष उनके विचारार्थ एवं स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया जाता है।

31 मार्च, 2020 को समाप्त अवधि के लिए अपने अंकेक्षित वित्तीय विवरणों के संबंध में संबंधित क्षेत्रों/इकाइयों के महाप्रबंधकों तथा क्षेत्रीय वित्त प्रबंधकों द्वारा निर्गत प्रमाणपत्र के आधार पर, हम पी. एम. प्रसाद, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ), बीसीसीएल और समिरन दत्ता, निदेशक (वित्त) एवं मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ), बीसीसीएल, जो वित्तीय मामलों के लिए जिम्मेदार हैं, यह प्रमाणित करते हैं कि:-

क. हमने 31 मार्च, 2020 को समाप्त अवधि के लिए कंपनी के वित्तीय विवरणों की समीक्षा की है, जो हमारी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य है।

   i. इन विवरणों में वास्तविक रूप से कोई भी असत्य विवरण शामिल नहीं है अथवा किसी भी वास्तविक तथ्य को छिपाया नहीं गया है अथवा ऐसे विवरणों को शामिल नहीं किया गया है, जो भ्रामक हों;

   ii. ये विवरण, इस कंपनी से संबंधित सत्य और निष्पक्ष दृष्टिकोण एकसाथ प्रस्तुत करते हैं तथा वर्तमान लेखा मानकों, प्रयोज्य विधि एवं विनियमों के संदर्भ में है।

ख. हमारी जानकारी एवं विश्वास में 31 मार्च, 2020 को समाप्त अवधि के दौरान, कंपनी द्वारा किया गया कोई भी लेन-देन, कंपनी आचार संहिता के तहत धोखाधड़ी, अवैध या उल्लंघन की श्रेणी में नहीं आता है।

ग. हम वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए आंतरिक नियंत्रण स्थापित करने तथा उसे बनाये रखने का दायित्व स्वीकार करते हैं और हमने वित्तीय रिपोर्टिंग से संबंधित कंपनी के आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की प्रभावकारिता का मूल्यांकन किया है और हम उक्त आंतरिक नियंत्रणों या संचालन की कमियों के संबंध में भी लेखा परीक्षकों तथा लेखा समिति के समक्ष खुलासा करते हैं, यदि कोई हो तो, ताकि वे इस बात से अवगत रहें तथा इन कमियों को दूर करने हेतु उचित कदम उठा सकें।

घ. हमने लेखा-परीक्षकों तथा लेखा समिति को यह सूचित किया है कि:-

   i. संदर्भित अवधि के दौरान वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण में किसी प्रकार का महत्वपूर्ण बदलाव नहीं हुआ है,

   ii. इस अवधि के दौरान वास्तविकता की सीमा-रेखा की गणना और कोयले के स्टॉक के मूल्यांकन-विधि के अलावा लेखांकन नीतियों में कोई महत्वपूर्ण बदलाव नहीं हुए हैं,

   iii. हमें अनुलग्नक- 1 में यथा संलग्न के अतिरिक्त, वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक नियंत्रण प्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले किसी प्रबंधन अथवा कर्मचारी के किसी बड़ी धोखाधड़ी में शामिल होने की जानकारी नहीं है:

**निदेशक (वित्त)**
**एवं मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ), बीसीसीएल**

**अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक**
**एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बीसीसीएल**

**स्थान: धनबाद**

**दिनांक: 08.06.2020 0**

## वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान पकड़े गए मामले निम्नलिखित हैं:

<table>
<tr><th>क्र.सं.</th><th>मामला सं.</th><th>मामले का विवरण</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>CA/04/2019</td><td>सीवीओ, सीएमपीएफओ द्वारा पत्र सं.: CMPF/120/Vig/2017/G Sengupta/262, दिनांक- 30/31.8.2017 के माध्यम से 'बस्ताकोला एरिया, लोदना एरिया, ईजे एरिया एवं ईडब्ल्यूजेड, सुदामडीह के कर्मचारियों से संबंधित 345 रिफंड-दावों की सूची अतिरिक्त जांच हेतु भेजी गई थी, जिसे सीएमपीएफ योजना, 1948 के पैरा 63ए के तहत गलत तरीके निपटान किया गया था। जांच में, निपटान किये गए कुल 303 में से केवल 06 दावों को ही सीएमपीएफ योजना, 1948 के पैरा 63ए के अनुसार सही पाया गया और शेष 297 दावों को गलत पाया गया।<br><br>इस मामले में यह पाया गया कि बीसीसीएल कर्मचारियों से संबंधित इन 297 गलत एवं अनुचित दावों को बीसीसीएल के प्राधिकृत अधिकारियों तथा इस काम के लिए नियुक्त किये गए कर्मचारियों के हस्ताक्षर से संसाधित एवं अग्रेषित कर निपटान हेतु कोल माइंस प्रोविडेंट फंड ऑर्गनाइजेशन (COMPFO) भेजा गया था और लाभार्थी कर्मचारियों के दावा फार्म में इनके जन्मतिथि तथा सेवानिवृत्ति तिथि/सेवा समापन तिथि की गलत जानकारी दी गई थी अथवा इनमें छेड़छाड़ की गई थी, ताकि उपर्युक्त योजना के तहत पैसे की निकासी के लिए इन कर्मचारियों को गलत तरीके से पात्र बनाया जा सके। कई दावा फार्मों मे यह भी पाया गया कि संबंधित अधिकारियों या कर्मचारियों के काउंटर हस्ताक्षर से अथवा बिना काउंटर हस्ताक्षर के भी इनके जन्मतिथि/सेवानिवृत्ति तिथि/सेवा समापन तिथि जैसे महत्वपूर्ण विवरणों की प्रविष्टि में ओवरराइटिंग भी की गई है।</td></tr>
<tr><td>2.</td><td>CA/01/2020</td><td>नवंबर-2011 में सीबीआई और बीसीसीएल के सतर्कता विभाग द्वारा भूतपूर्व कुस्तौर क्षेत्र में एक संयुक्त जांच किया गया था और इस जांच के दौरान बड़ी संख्या में प्रदत्त (पेड) एवं अप्रदत्त (अनपेड) बिलों के साथ अन्य दस्तावेजों को जब्त किया गया था। आगे की कार्रवाई के लिए जब्त किए गए इन अप्रदत्त (अनपेड) वाउचरों को बीसीसीएल के सतर्कता विभाग को सौंप दिया गया था। इन सभी अप्रदत्त (अनपेड) बिलों की जाँच करने पर, इनमें कई प्रकार की अनियमितताएं पायी गई थी। जांच के बाद यह पाया गया कि भूतपूर्व कुस्तौर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताएं की गई हैं। इसके बाद बीसीसीएल के सतर्कता द्वारा अभिज्ञात अधिकारियों के विरुद्ध अनियमितता के 12 मामले दर्ज किए गए और इन अभिज्ञात दोषी अधिकारियों के विरुद्ध उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई (9-बरखास्तगी/42-बड़ी/35-छोटी/1-चेतावनी) की गई। उपर्युक्त के मद्देनजर, वर्ष 2010-2013 की अवधि के दौरान के भूतपूर्व कुस्तौर क्षेत्र के बहीखातों का "फॉरेंसिक ऑडिट" कराने का निर्णय लिया गया था और यह कार्य खुली निविदा के माध्यम से कोलकाता के चार्टर्ड एकाउंटेंट्स "मेसर्स घोषाल ऐंड घोषाल" को प्रदान किया गया था। दिनांक 08.08.2011 को कुस्तौर क्षेत्रीय कार्यालय में लगी आग में भूतपूर्व कुस्तौर क्षेत्र से संबंधित अधिकांश दस्तावेज नष्ट हो गए थे, जिसके कारण फोरेंसिक ऑडिट करने के लिए बीसीसीएल द्वारा फोरेंसिक ऑडिट एजेंसी को केवल उपलब्ध रिकॉर्ड सौंपे जा सके थे।<br><br>दिनांक 13.07.2018 को मेसर्स घोषाल ऐंड घोषाल द्वारा फोरेंसिक ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी, जिसमें अनियमितताओं का पता चला था। फोरेंसिक ऑडिट रिपोर्ट में पाई गई अनियमितताओं के आधार पर, बीसीसीएल के सतर्कता विभाग द्वारा अनियमितताओं के निम्नलिखित 7 मामलों के संबंध में विस्तृत जांच की गई, जिसकी जांच पहले नहीं की गई थी।
<table>
<tr><th>मामला सं.</th><th>फोरेंसिक ऑडिट में पकड़ी गई अनियमितताएं</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>एलटीई में अनियमितता: तुलनात्मक विवरण (एल-1दर पर) के अनुसार एल-1 के स्थान पर अन्य एजेंसी को कार्य/आपूर्ति आदेश प्रदान करना।</td></tr>
<tr><td>2.</td><td>मेसर्स लक्ष्मी नारायण ट्रेडर्स को ₹ 99,216/- एवं ₹ 99,840/- का दोहरा भुगतान करना।</td></tr>
<tr><td>3.</td><td>₹ 30,610.71 के बेयरिंग खरीद में पार्टी आरके इंटरनेशनल, कोलकाता से अहस्ताक्षरित पीआई की स्वीकृति।</td></tr>
<tr><td>4.</td><td>टेंडर पेपर नहीं प्राप्त होने के बावजूद मेसर्स आरके ट्रेडर्स को एलटीई सं. LTE/2010-11/280, LTE/2010-11/279, LTE/2010-11/312 में विचार करना।</td></tr>
<tr><td>5.</td><td>एलटीई सं. LTE/2010-11/202 में बिना किसी औचित्य/अयोग्य ठहराए जाने के कारण के मेसर्स सीके इंडस्ट्रीज की तकनीकी अयोग्यता।</td></tr>
<tr><td>6.</td><td>चिह्नित मामलों में कार्यों के लिए प्रक्कलन नहीं तैयार करना।</td></tr>
<tr><td>7.</td><td>आयकर की कटौती नहीं करना/ कम करना, कार्यादेश से से अधिक कटौती करना, जो इंगित करता है कि यह काम नहीं हुआ है/जाली है।</td></tr>
</table></td></tr>
</table>

# परिशिष्ट -V

## भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के सदस्यों को

### स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

| स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट | प्रबंधन की टिप्पणी |
|---|---|
| **सेवा में,**<br>**भारत कोकिंग कोल के सदस्य**<br>**भारतीय मानक लेखा वित्तीय विवरण पर रिपोर्ट**<br><br>**अभिमत**<br><br>हमने भारत कोकिंग कोल लिमिटेड(कंपनी) के संलग्न भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरण की लेखा परीक्षा कर ली है, इसमें 31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार तुलन पत्र,उसी तिथि को समाप्त हुए वर्ष का लाभ-हानि विवरण(अन्य व्यापक आय सहित), उसी तिथि को समाप्त हुए वर्ष के लिए इक्विटी में परिवर्तन एवं नकदी प्रवाह विवरण और महत्वपूर्ण लेखा नीतियां व अन्य व्याख्यात्मक सूचनाएं (इन्हें अब 'भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरण' कहा जाएगा) सम्मिलित हैं। इसमें कंपनी के क्षेत्र/इकाई लेखा परीक्षकों द्वारा बरोरा क्षेत्र, ब्लॉक-2 क्षेत्र, गोविन्दपुर क्षेत्र,कतरास क्षेत्र, सिजुआ क्षेत्र, कुसुन्डा क्षेत्र, पूर्वी झरिया क्षेत्र, सी वी क्षेत्र, पश्चिमी झरिया क्षेत्र, वाशरी डिवीजन, मधुबन कोल वाशरी, माइंस रेस्क्यू स्टेशन तथा भूली टाउनशिप क्षेत्र में उसी तिथि को समाप्त हुए वर्ष के लिए किया गया लेखा परीक्षण विवरण भी शामिल है।<br><br>हमारे अभिमत तथा हमारी सर्वोत्तम जानकारी के मुताबिक और हमें दिये गए स्पष्टीकरण के अनुसार उपर्युक्त वित्तीय विवरण यथा-आवश्यक विधि से कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की अपेक्षानुसार सूचनाएं प्रदान करता है और 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष को लाभ व कुल व्यापक आय, इक्विटी में परिवर्तन तथा इसका नकदी प्रवाह अधिनियम की धारा 133 जिसे कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015, यथा संशोधित ("भारतीय लेखा मानक") के साथ पढ़ा जाए और कंपनी मामलों में भारत में सामान्य रूप से स्वीकार्य अन्य लेखा सिद्धांतों के अनुरूप सत्य और स्पष्ट है।<br><br>**अभिमत के लिए आधार**<br><br>हमने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (10) के तहत निर्दिष्ट लेखा परीक्षा मानकों के अनुसार वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा किया। उन मानकों के अंतर्गत हमारी जिम्मेदारियों को रिपोर्ट के वित्तीय विवरण भाग की लेखापरीक्षा के लिए लेखा परीक्षक की जिम्मेदारियों में आगे वर्णित किया गया है। हम इंस्टीट्युट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा जारी नीति संहिता और कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों और इसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के अंतर्गत वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा परीक्षा के लिए प्रासंगिक नीतिपरक अपेक्षाओं के अनुसार कंपनी से स्वतंत्र हैं, और हमने इन अपेक्षाओं के अनुरूप अपने अन्य नैतिक दायित्वों और आईसीएआई की नीति संहिता का अनुपालन किया है। हम मानते हैं कि हमने जो ऑडिट साक्ष्य प्राप्त किए हैं, वे वित्तीय विवरणों पर हमारे लेखापरीक्षा अभिमत हेतु आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त हैं। | |

| स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट | प्रबंधन की टिप्पणी |
|---|---|
| **महत्वपूर्ण मामले**<br><br>हम निम्नलिखित बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित करते हैं: -<br><br>क) व्यापार प्राप्य तथा व्यापार देय के अंतर्गत निर्विवाद बकाया का लंबित अनुमोदन/समाधान, इस तरह के बकाया का अनुमोदन/समाधान के परिणामी प्रभाव, यदि कोई हो, पता लगाने योग्य नहीं है।<br><br>ख) वित्तीय विवरणों की टिप्पणी सं. 38.5.12, कंपनी परिचालन पर कोविड-19 महामारी का प्रभाव तथा प्रबंधन द्वारा मूल्यांकन किए गए परिणामों का वर्णन करता है।<br><br>उपरोक्त मामले के संबंध में हमारी राय संशोधित नहीं है। | व्यापार देय संबंधी सभी शेष राशि की संपुष्टि के लिए पत्र जारी किए गए थे। व्यापार प्राप्तियों का समाधान निरंतर होता है। लंबित समाधान में तेजी लाने, सार्वजनिक जीवन में सामान्य स्थिति को वापस लाने के प्रयास किए गए हैं।<br><br>इसे वित्तीय विवरणों के टिप्पणी सं. 38(5.12)-कोविड-19 में दर्ज किया गया है। अत: कोई और टिप्पणी आवश्यक नहीं। |

**मुख्य लेखा परीक्षा मामले**

मुख्य लेखा परीक्षा मामले वे मामले हैं, जो हमारे पेशेवर निर्णय में, वर्तमान अवधि के वित्तीय विवरणों के हमारे लेखा परीक्षा में सबसे महत्वपूर्ण थे। इन मामलों पर वित्तीय विवरणों के हमारे लेखा परीक्षा के संदर्भ में और इन पर हमारी राय बनाने पर ध्यान दिया गया था, और हमने इन मामलों पर एक अलग राय प्रदान नहीं किया है।हमने अपनी रिपोर्ट में सूचित किए जाने वाले प्रमुख लेखापरीक्षा मामलों को नीचे प्रदर्शित किया है।

| क्र. सं. | मुख्यलेखा परीक्षा मामले | लेखा परीक्षक की प्रतिक्रिया |
|---|---|---|
| 1. | **स्ट्रिपिंग गतिविधि व्यय / समायोजन**<br><br>स्ट्रिपिंग गतिविधि व्यय / समायोजन<br><br>ओपनकास्ट खनन के मामले में, कोयले की सीम तक पहुंचने और उसके निष्कर्षण के लिए खदान मलबा सामग्री ("ओवरबर्डन") जिसमें कोयला सीम के शीर्ष पर मिट्टी और चट्टान होती है, को हटाया जाना आवश्यक है । मलबा हटाने की इस गतिविधि को 'स्ट्रिपिंग' के रूप में जाना जाता है। ओपनकास्ट खानों में, कंपनी को खदान के चालू रहने तक<br><br>(तकनीकी रूप से अनुमानित) इस तरह के खर्चों को उठाना पड़ता है।<br><br>इसलिए एक नीति के रूप में, खदान से राजस्व प्राप्त होना शुरू होने के बाद स्ट्रिपिंग एक्टिविटी एसेट और रेशियो वेरिएंस एकाउंट के लिए उचित समायोजन के साथ प्रत्येक खदान के लिए एक मिलियन टन प्रति वर्ष और इससे अधिक की क्षमता वाले खदानों में, स्ट्रिपिंग की लागत का मूल्यांकन तकनीकी रूप से मूल्यांकन औसत स्ट्रिपिंग अनुपात (OB: COAL) पर किया जाता है।<br><br>बैलेंस शीट तारीख में स्ट्रिपिंग एक्टिविटी एसेट और रेशियो वेरिएंस के कुल शेष को गैर-प्रचलित प्रावधान/अन्य अप्रचलित परिसंपत्तियां जैसा भी मामला हो शीर्ष के अंतर्गत स्ट्रिपिंग एक्टिविटी समायोजन के रूप में दिखाया गया है ।<br><br>रिकार्ड के अनुसार ओवरबर्डन की रिपोर्ट की गई मात्रा को ओबीआर लेखांकन के लिए अनुपात की गणना करने के तौर पर माना जाता है जहां रिपोर्ट की गई मात्रा और मापी गयी मात्रा के बीच विचरण अनुमेय सीमा के भीतर है। हालाँकि, जहाँ विचरण ऊपर की अनुमेय सीमाओं से परे है, मापी गई मात्रा को माना जाता है।<br><br>वित्तीय विवरणों में लाभ और हानि और नोट 10 का विवरण देखें | **मूललेखा परीक्षा प्रक्रिया**<br><br>हमने निम्नलिखित मूल प्रक्रियाएं कीं :<br><br>• स्ट्रिपिंग समायोजन के सक्रिय आंकड़ों को प्राप्त कर जाँच किया कि वर्ष के दौरान किए गए कुल व्यय को कोयला उत्पादन और ओवरबर्डन के बीच आवंटित किया गया है। अनुपात की गणना में विचार किए गए खर्चो की सटीकता और पूर्णता के बारे में सुनिश्चित किया गया।<br><br>• जाँच की गयी कि अनुपात भिन्नता की गणना ओवरबर्डन को आवंटित राशि के आधार पर की गयी और वर्ष के दौरान ओबी मात्रा को सही ढंग से निकाला गया।<br><br>• विश्लेषणात्मक प्रक्रिया और स्ट्रिपिंग गतिविधि समायोजन गणना पर खर्चो के औचित्य के विवरण का परीक्षण किया।<br><br>• जांच की गई कि स्ट्रिपिंग गतिविधि के समायोजन के लिए इस्तेमाल की गई लेखांकन नीति और प्रबंधन के निर्णय उचित हैं।<br><br>**निष्कर्ष**<br><br>अपनायी गयी प्रक्रियाओं के आधार पर, हमने स्ट्रीपिंग गतिविधि व्यय/समायोजन के संबंध में स्वयं को संतुष्ट पाया है। |

| स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट | | | प्रबंधन की टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| क्र. सं. | मुख्यलेखा परीक्षा मामले | लेखा परीक्षक की प्रतिक्रिया | |
| 2. | **भारतीय लेखा मानक 115 ''ग्राहकों के अनुबंध से राजस्व'' के अनुसरण में मान्यता, मापी, प्रस्तुतीकरण तथा राजस्व एवं उससे संबंधित अन्य शेष के प्रकटीकरण की सटीकता**<br>राजस्व लेखा मानक के अनुप्रयोग में विशिष्ट प्रदर्शन दायित्वों के पहचान, चिह्नित प्रदर्शन दायित्वों के लेन-देन संव्यवहार मूल्य का निर्धारण, वर्ष के दौरान अभिज्ञात राजस्व को मापने के लिए उपयोग किए गए पैमाने का औचित्य संबंधी कुछ महत्वपूर्ण निर्णय शामिल हैं।.<br>एकल वित्तीय विवरणों के लिए संदर्भ सं. 38.1.11 देखें | **मुख्य लेखा परीक्षा प्रक्रिया**<br>भारतीय लेखा मानक 115 को अपनाने पर हमारी लेखा परीक्षा प्रक्रियाएं, ग्राहकों के साथ अनुबंध से प्राप्त राजस्व में निम्न शामिल है:-<br>• नये राजस्व लेखा मानक के कार्यान्वयन संबंधी प्रक्रियाओं तथा आंतरिक नियंत्रणों की परिकल्पना एवं क्रियान्वयन का मूल्यांकन किया।<br>• ग्राहकों के साथ मौजूदा अनुबंधों के लिए नमूने का चयन कर राजस्व स्ट्रीम पर प्रबंधन द्वारा किए गए विस्तृत विश्लेषण का मूल्यांकन किया तथा उन राजस्व स्ट्रीम संबंधी वर्तमान अवधि में राजस्व मान्यता नीति पर विचार किया।<br>• राजस्व मानक के तहत प्रदान किए गए प्रकटीकरण की उपयुक्तता का मूल्यांकन किया एवं प्रासंगिक प्रकटीकरण की संपूर्णता तथा गणितीय विशुद्धता का आकलन किया।<br>हमने उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर प्रबंधन के आकलन एवं निर्णयों को आय के अभिज्ञान में उचित पाया। | |
| 3. | **अनिश्चित कर स्तरों का मूल्यांकन**<br>कंपनी के पास विवादित मामलों सहित मूर्त अनिश्चित कर स्थिति है, जिसमें इन विवादों के संभावित परिणाम का निर्धारण करने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय शामिल है।<br>एकल वित्तीय विवरणों के लिए 38.1.8.2.1 संदर्भ का अवलोकन करें। | **मुख्य लेखा परीक्षा प्रक्रिया**<br>**हमारे लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं में निम्न शामिल हैं:-**<br>• आस्थगित कर परिसंपत्तियों की पहचान और पुनर्प्राप्ति तथा वर्तमान कर प्रावधान संबंधी नियंत्रण का कार्यान्वयन एवं डिजाइन का मूल्यांकन किया।<br>• अनिश्चित कर स्थिति के लिए प्रबंधन के मूल्यांकन के प्रावधानों की वैधता एवं पर्याप्तता पर विचार किया गया, मूल्यांकन के आधार की जांच करना और प्रासंगिक पत्राचार और कानूनी सलाह की समीक्षा करना, जहां उपलब्ध हो, इसमें प्रासंगिक कर अधिकरण में समान मामले से संबंधित कोई भी सूचना उपलब्ध हो।<br>• आस्थगित कर संपत्ति के समर्थन में पर्याप्त आगामी कर योग्य आय उत्पन्न करने की संभावना सहित प्रबंधन के पूर्वानुमान और प्राकल्लन की उपयुक्तता का आकलन किया।<br>उपर्युक्त कार्य प्रक्रिया के आधार पर हमने वर्तमान और आस्थगित कर शेषों और अनिश्चित कर स्थितियों के प्रावधानों के विषय में प्रबंधन के आकलनों की पुष्टि करने के लिए पर्याप्त लेखा साक्ष्य प्राप्त किया। | |
| 4. | **परिभाषित लाभ योजना दायित्व का मूल्यांकन**<br>परिभाषित लाभ योजनाओं का लेखांकन, बीमांकिक मान्यताओं पर आधारित है जो दायित्व को मापने, नियोजित परिसंपत्तियों का मूल्यांकन करने तथा संबंधित बीमांकिक लाभ हानि की गणना करने के लिए आवश्यक है। | **मूल लेखा परीक्षा प्रक्रिया**<br>**हमारे लेखा प्रक्रियाओं में शामिल है:-**<br>• लागू गाइडेंस नोट के अनुसार (कटौती दर, मुद्रास्फिति दर, मृत्यु दर) लागू मूल मान्यताओं का मूल्यांकन किया। | |

| स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट | | | प्रबंधन की टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| क्र. सं. | प्रमुख लेखा परीक्षा मामले | लेखा परीक्षक की प्रतिक्रिया | |
| | कंपनी में परिभाषित लाभ दायित्वों के मूल्यांकन में कटौती दर, मुद्रास्फीति दर तथा मृत्यु दर सहित महत्वपूर्ण आकलन किए जाते हैं।<br>कंपनी समुचित पूर्वानुमान और दायित्व की गणना में सहायता के लिए बाहरी बीमांकिक विशेषज्ञ को संलग्न करती है। इन मामलों का प्रभाव जोखिम मूल्यांकन के अतिरिक्त है तथा परिभाषित लाभ दायित्वों के मूल्यांकन में आकलन की एक उच्च डिग्री है क्योंकि यह मान्यताओं की पूर्वाधारणाओं के अनुरूप है।<br>एकल वित्तीय वक्तव्यों के लिए 38.1.5 के टिप्पणी देखें। | • कंपनी के बीमांकिक विशेषज्ञ की क्षमता, स्वतंत्रता एवं अखंडता का मूल्यांकन किया।<br>• बीमांकिक पुर्वानुमान का अनुमोदन तथा समीक्षा पर नियंत्रण तथा भौतिक बीमांकिक को प्रदान किए गए डेटा की पूर्णता व एकरूपता तथा विशेषज्ञों की गणना में उपयोग किए गए डेटा के सामंजस्य का परीक्षण किया गया।<br>• निर्धारित लाभ योजना के कारण अर्जित देयता के विषय में प्रबंधन से चर्चा की गई और यदि पुर्वानुमान में कोई विसंगति थी तो उसका आकलन किया गया।<br>• भारतीय लेखा मानक 19 के अनुसार विवरणों में कंपनी के प्रकटीकरण की उपयुक्तता सत्यापित है।<br>सम्मिलित लेखा प्रक्रियाओं के आधार पर, हमने पाया कि मूल्यांकन संबंधी प्रबंधन द्वारा किया गया पुर्वानुमान उपलब्ध साक्ष्य द्वारा समर्थित है। | |

**वित्तीय विवरण और इन पर लेखा परीक्षक की रिपोर्ट के अलावा अन्य जानकारी**

कंपनी का निदेशक मंडल अन्य सूचनाओं की तैयारी के लिए जिम्मेदार है। अन्य जानकारी में निदेशक की रिपोर्ट और उसके अनुबंध, सीएसआर रिपोर्ट, अनुसंधान व विकास और कॉर्पोरेट प्रशासन पर रिपोर्ट, प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट शामिल है, लेकिन इसमें वित्तीय विवरण और हमारे लेखा परीक्षक की रिपोर्ट शामिल नहीं है। निदेशक की रिपोर्ट और इसके अनुलग्नक, सीएसआर रिपोर्ट, अनुसंधान और विकास और कॉर्पोरेट प्रशासन और प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट पर रिपोर्ट, इस रिपोर्ट की तारीख तक हमें उपलब्ध नहीं कराई गयी है और उम्मीद की जाती है कि इस लेखा रिपोर्ट की तिथि के बाद हमें उपलब्ध होगी।

वित्तीय वक्तव्यों पर हमारी राय अन्य जानकारी को कवर नहीं करती है और हम इन पर किसी प्रकार का आश्वासन निष्कर्ष नहीं देते हैं।

वित्तीय विवरणों के लेखा परीक्षा के संबंध में, हमारी जिम्मेदारी यह है कि ऊपर बताई गयी अन्य सूचनाएं जब उपलब्ध हो जाएं, तो इन्हें पढ़ें और ऐसा करके विचार करें कि क्या वित्तीय विवरणों के साथ अन्य जानकारी भौतिक रूप से असंगत है या हमारे लेखा परीक्षा के दौरान प्राप्त हमारा ज्ञान भौतिक रूप से गलत प्रतीत होता है।

जब हमें निदेशक की रिपोर्ट और इसके अनुलग्नक, सीएसआर रिपोर्ट, आर एंड डी और कॉर्पोरेट प्रशासन और प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्त हुए और हमने इन्हें पढ़ा,यदि हम निष्कर्ष निकालते हैं कि इसमें कोई सामग्री गलत है, तो हमें इस मामले को संबंधित व्यक्ति (those charged with governance) के पास ले जाना होगा और स्वीकार्य कानूनों और विनियमों के अनुसार लागू कार्रवाई के बारे में बताना होगा।

**वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन का उत्तरदायित्व:**

कंपनी का निदेशक मंडल कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 (5) और इस अधिनियम की धारा 133 में उल्लिखित लेखा मानकों समेत भारतीय लेखा मानक और भारत में सामान्यतः लागू अन्य लेखा सिद्धांतों के अनुरूप इन वित्तीय विवरणों को तैयार करने के लिए जवाबदेह है जो कि कंपनी की वित्तीय स्थिति, वित्तीय कार्य प्रदर्शन, कुल आय, इक्विटी में परिवर्तन और नकदी प्रवाह का सत्य एवं स्पष्ट चित्र प्रस्तुत करते हैं। इस उत्तरदायित्व में कंपनी परिसंपत्तियों की सुरक्षा, धोखाधड़ी एवं अन्य अनियमितताओं से बचाव एवं पता लगाना, पर्याप्त लेखा नीतियों का चयन एवं प्रयोग, उचित एवं न्यायसंगत मामलों का निर्णय एवं आकलन करना और वित्तीय विवरणों की तैयारी एवं प्रस्तुति से संबंधित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की रूपरेखा, कार्यान्वयन एवं अनुरक्षण जो वित्तीय विवरणों की तैयारी और प्रस्तुतीकरण से संबंधित लेखा रिकार्डों की शुद्धता और पूर्णता प्रस्तुत करें, के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप पर्याप्त लेखा रिकार्डों का अनुरक्षण सम्मिलित है। जो कि वित्तीय गलतियों से मुक्त हो, चाहे वह कपट से अथवा भूलवश ही क्यों न किया गया हो, भी शामिल है।

| स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट | प्रबंधन की टिप्पणी |
|---|---|
| वित्तीय विवरणों को तैयार करने के लिए प्रबंधन चालू प्रतिष्ठान के रूप में कंपनी की क्षमता का आकलन करने, प्रकटीकरण, यथा स्वीकार्य, चालू प्रतिष्ठान से संबंधित मामले और लेखा का चालू प्रतिष्ठान आधार पर प्रयोग करने के लिए जिम्मेदार है जब तक प्रबंधन कंपनी को बेच देने का या परिचालन बंद करने का या कोई वास्तविक विकल्प न होने का इरादा रखता हो।<br><br>कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की देखरेख के लिए निदेश मंडल भी जिम्मेदार हैं। | |
| **वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा के लिए लेखा परीक्षक का दायित्व**<br><br>हमारा उद्देश्य इस बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करना है कि क्या संपूर्ण रूप से वित्तीय विवरण भौतिक दुर्व्यवहार से मुक्त हैं, ऐसे दुर्व्यवहार चाहे धोखाधड़ी के कारण हों या त्रुटि के कारण, तथा एक ऑडिटर रिपोर्ट जारी करना भी हमारा उद्देश्य है जिसमें हमारी राय भी शामिल हो। उचित आश्वासन उच्च स्तर का आश्वासन है, लेकिन यह गारंटी नहीं है कि मानक खातों के अनुसार किया गया ऑडिट हमेशा वित्तीय गलतियों (होने पर) का पता लगाएगा। गलती धोखाधड़ी या त्रुटि से उत्पन्न हो सकती है और महत्वपूर्ण मानी जाती है यदि, व्यक्तिगत रूप से या समग्र रूप में, इनसे  वित्तीय विवरणों के आधार पर उपयोगकर्ताओं के आर्थिक निर्णयों को प्रभावित होने  यथोचित अपेक्षा हो।<br><br>एसएएस के अनुसार एक ऑडिट के भाग के रूप में, हम पेशेवर निर्णय लेते हैं और पूरे लेखा परीक्षा में पेशेवर संदेह को बनाए रखते हैं। हम:<br><br>● वित्तीय विवरणों की गलतियों से होने वाले जोखिमों की पहचान तथा उनका आकलन करते हैं चाहे यह धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हों, उन जोखिमों के लिए लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं को डिजाइन एवं निष्पादित करते हैं तथा ऑडिट सबूत प्राप्त करते हैं जो हमारी राय में आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त हो।  धोखाधड़ी की वजह से वित्तीय गलतियों को न पकड़ पाने का जोखिम एक से अधिक गलतियों के रूप में आता है, जैसे कि धोखाधड़ी में मिलीभगत, जालसाजी, जानबूझकर चूक, गलत बयानी, या आंतरिक नियंत्रण की ओवरराइड शामिल हो सकती है।<br><br>● इन परिस्थितियों में उपयुक्त ऑडिट प्रक्रियाओं को डिजाइन करने के लिए ऑडिट के प्रासंगिक आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की समझ प्राप्त करते हैं। अधिनियम की धारा 143 (3) ( i ) के तहत, हम इस बात पर अपनी राय व्यक्त करने के लिए भी जिम्मेदार हैं कि क्या कंपनी के पास पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली और इस तरह के नियंत्रणों के लिए परिचालन प्रभावशीलता है।<br><br>● उपयोग की गई लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता और प्रबंधन द्वारा किए गए लेखांकन अनुमानों और संबंधित प्रकटीकरण के औचित्य का मूल्यांकन करते हैं।<br><br>● प्रबंधन के चालू प्रतिष्ठान आधार पर लेखा उपयोग की उपयुक्तता और इस पर आधारित लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त कर निष्कर्ष निकालते हैं, कि क्या ऐसी घटनाओं या स्थितियों से संबंधित मैटेरियल अनिश्चितता विद्यमान है जो कि चालू प्रतिष्ठान के रूप में कंपनी की क्षमता पर महत्वपूर्ण रूप से संदेह युक्त है। यदि हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि कोई मैटेरियल अनिश्चिततामौजूद है, तो हमारे द्वारावित्तीय विवरणों में संबंधित डिस्क्लोजर के लिए अपनी लेखा परीक्षा रिपोर्ट में ध्यान आकर्षित करना आवश्यक है अथवा, हमारे अभिमत में परिवर्तन के लिए ऐसे डिस्क्लोजर अपर्याप्त हैं। हमारे निष्कर्ष हमारे लेखा परीक्षक की रिपोर्ट की तारीख तक प्राप्त ऑडिट साक्ष्य पर आधारित हैं।हालांकि, भविष्य में होने वाली घटनाएं या स्थितियां कंपनी को चालू प्रतिष्ठान के रूप में जारी रहने से रोक सकती हैं।<br><br>● डिस्क्लोजर सहित वित्तीय विवरणों की समग्र प्रस्तुति, संरचना और सामग्री का मूल्यांकन करते हैं कि क्या वित्तीय विवरण अंतर्निहित लेनदेन और घटनाओं को निष्पक्ष तरीके से प्रस्तुत और प्रदर्शित किया गया है।<br><br>मैटिरियलिटी वित्तीय विवरणों में महत्वपूर्ण त्रुटि (मैग्नीट्यूड ऑफ मिसस्टेटमेंट) है , जो कि वैयक्तिक या समेकित रूप से संभावना बनाती है कि वित्तीय विवरणों के एक यथोचित जानकार उपयोगकर्ता के आर्थिक निर्णय प्रभावित हो सकते हैं। हम (i) हमारे लेखा परीक्षा कार्य के दायरे की योजना बनाने और अपने कार्य के परिणाम के मूल्यांकन में, और (ii) वित्तीय विवरणों में किसी भी पहचान की गयी त्रुटि के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिएमात्रात्मक मैटिरियलिटी और गुणात्मक कारकों पर विचार करते हैं।<br><br>जिम्मेदार लोगों को सूचित किए गए मामले में, हम वर्तमान अवधि के वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा में सर्वाधिक महत्वपूर्ण हैं और इसलिए प्रमुख लेखा परीक्षा मामले हैं, का निर्धारण करते हैं। हम अपने ऑडिटर की रिपोर्ट में इन मामलों का वर्णन करते हैं जब तक कि कानून या विनियम इस मामले के बारे में सार्वजनिक प्रकटीकरण करने से नहीं रोकते हैं या जब, अत्यंत दुर्लभ परिस्थितियों में, हम यह निर्धारित करते हैं कि हमारी रिपोर्ट में जन हित मामले के अप्रत्याशित प्रतिकूल परिणामों के कारण किसी मामले को नहीं दिया जाना चाहिए। | |

| स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट | प्रबंधन की टिप्पणी |
|---|---|
| **अन्य मामले**<br><br>हमने कंपनी के भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों में शामिल उन 17 क्षेत्रों/इकाइयों के वित्तीय विवरण/सूचनाओं का अंकेक्षण नहीं किया है, जिनका वित्तीय विवरण/वित्तीय सूचना यह दर्शाती है कि 31 मार्च, 2020 तक उनकी कुल परिसंपत्तियां 4395.23 करोड़ रुपया है और इस तिथि तक समाप्त हुए वर्ष के लिए कुल राजस्व 9815.04 करोड़ रुपया, जैसा कि वित्तीय विवरणों में दिया गया है। इन क्षेत्रों/इकाइयों के वित्तीय विवरणों/सूचनाओं का अंकेक्षण क्षेत्र/इकाइयों के लेखा परीक्षकों द्वारा कर लिया गया है, जिसकी रिपोर्ट हमें प्राप्त हो चुकी है और इन क्षेत्रों/इकाइयों से संबंधित शामिल किए गए राशि एवं प्रकटीकरण के संबंध में हमारा मंतव्य भी पूरी तरह उक्त क्षेत्र / इकाई के लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर आधारित है।<br><br>इस मामले में हमारे मंतव्य में कोई संशोधन नहीं किया गया है। | |
| **अन्य कानूनी और नियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट**<br><br>1. जैसा कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (5) के तहत आवश्यक है, हमने परिशिष्ट – I में लेखा की सुझायी कार्यप्रणाली के अनुपालन के बाद भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा जारी किए गए निदेश एवं अतिरिक्त निर्देशों और इसके बाद हुई कार्रवाई तथा कंपनी के खाते एवं भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों पर इसके प्रभाव पर एक विवरण दिया है। यह विवरण कंपनी के क्षेत्र / इकाई लेखा परीक्षकों की टिप्पणियों को उनके लेखा परीक्षकों की रिपोर्टों में शामिल करके तैयार किया गया है।<br><br>2. जैसा कि कंपनी अधिनियम (2013) की धारा 143 की उप-धारा (11) के संदर्भ में भारत सरकार की केंद्र सरकार द्वारा जारी, कंपनी (लेखा परीक्षक की रिपोर्ट) आदेश, 2016 ("आदेश") की आवश्यकतानुसार हम अनुलग्नक - II में लेखा के तहत वर्ष के लिए लागू सीमा के क्रम सं.3 और 4 में निर्दिष्ट मामलों पर एक विवरण दिया है।<br><br>3. अधिनियम की धारा 143 (3) के अनुसार, हमारे ऑडिट के आधार पर हम रिपोर्ट करते हैं कि:<br><br>क. हमने उन सभी सूचनाओं और स्पष्टीकरणों कोप्राप्त किया,जो हमारे लेखा के उद्देश्यों के लिए हमारी जानकारी और विश्वास के लिए श्रेष्ठ थे।<br><br>ख. हमारी राय में, कंपनी द्वारा कानून के अनुसार उपयुक्त बही-खाता को अभी तक रखा गया है, क्योंकि यह हमारे द्वारा इन बही-खता की जांच से प्रतीत होता है तथा लेखा प्रयोजन के लिए पर्याप्त समुचित रिटर्न को हमारे द्वारा दौरा नहीं किए गए क्षेत्र/इकाइयों से प्राप्त किया है।<br><br>ग. क्षेत्र / इकाई लेखा परीक्षकों द्वारा अधिनियम की धारा 143 (8) के तहत अंकेक्षितकंपनी के क्षेत्र / इकाइयों के खातों की रिपोर्ट हमें भेजी गई है और हमने इस रिपोर्ट को तैयार करने इन पर सही तरीके से काम किया है।<br><br>घ. बैलेंस शीट, अन्य व्यापक आय सहित लाभ और हानि का विवरण, इक्विटी में परिवर्तन का विवरण और इस रिपोर्ट द्वारा दिए गए नकदी प्रवाह के विवरण के प्रासंगिक बही खाते और हमारे द्वारा दौरा नहीं किए गए क्षेत्रों/इकाइयों से प्राप्त रिटर्न से तालमेल रखते हैं।<br><br>ङ. हमारी राय में, उपरोक्त वित्तीय विवरण अधिनियम की धारा 133 के तहत निर्दिष्ट भारतीय लेखा मानकों का अनुपालन करते हैं, जिसे कंपनी (लेखा) अधिनियम 2014 के नियम- 7 के साथ पढ़ा जाए।<br><br>च. 31 मार्च, 2020 को निदेशकों से प्राप्त लिखित अभ्यावेदन अधिनियम की धारा 164(2) के संदर्भ में 31 मार्च, 2020 को निदेशक के रूप में नियुक्त किए जाने से कोई भी निदेशक अयोग्य नहीं हुए हैं।<br><br>छ. कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और इस तरह के नियंत्रणों के परिचालन प्रभावशीलता के संबंध में, "परिशिष्ट -III" में हमारी अलग रिपोर्ट देखें। हमारी रिपोर्ट वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और परिचालन प्रभावशीलता पर एक अपरिवर्तित राय व्यक्त करती है।<br><br>ज. कंपनी (लेखा परीक्षा एवं लेखा परीक्षक) अधिनियम, 2014, यथा संशोधित के नियम 11 के अनुसार लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले अन्य मामलों के संबंध में, हमारी राय हमारी जानकारी और ऑडिट के अनुसार हमें दिए गए स्पष्टीकरण:<br><br>i. कंपनी ने अपने एकल वित्तीय विवरणों में वित्तीय स्थिति पर लंबित मुकदमों के प्रभाव का प्रकटीकरण किया है - एकल वित्तीय विवरणों के अनुसार 38.1.8.2 नोट का संदर्भ लें;<br><br>ii. कंपनी के पास डेरिवेटिव अनुबंधों सहित कोई दीर्घकालिक अनुबंध नहीं था, जिसके लिए कोई भी मूर्त त्रुटि नुकसानदेह थी – एकल वित्तीय विवरण के नोट 38.1.8.1.2 का संदर्भ लें।<br><br>iii. ऐसी कोई राशि नहीं थी जो कंपनी द्वारा निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष में हस्तांतरित किए जाना आवश्यक थी। | |

**कृते एन.सी. बनर्जी एवं कंपनी**

चार्टर्ड अकाउंटेंट

फर्म पंजीकरण सं. 302081 ई

**(सीए बी.के. बिश्वास)**

साझेदार,

सदस्यता सं. 0556233

यूडीआईएन- 20055623 एएएएसीई 8186

तिथि : 08.06.2020

स्थान : धनबाद

**कृते भारत कोकिंग कोल लिमिटेड**

**समीरन दत्ता**

निदेशक (वित्त) एवं सीएफओ

डीआइएन 08519303

तिथि : 08.06.2020

स्थान : धनबाद

## स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्टके लिए परिशिष्ट-I

वर्ष 2018-19 के लिए भारत के नियंत्रक तथा महालेखा परीक्षक द्वारा निर्गत कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (5) के अंतर्गत निदेश तथा अतिरिक्त दिशा-निर्देशों के विवरण पर लेखा रिपोर्ट की "अन्य कानूनी और नियामक आवश्यकताओं'' के पैरा 1में संदर्भित जैसा कि कंपनी के लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में दिया गया है।

**परिशिष्ट-क : कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 143 (5) के तहत निर्देश**

| विवरण | लेखा परीक्षक का प्रेक्षण | वित्तीय विवरणों पर की गई कार्रवाई एवं उसका प्रभाव |
|---|---|---|
| 1) क्या कंपनी के पास आईटी प्रणाली के माध्यम से सभी लेखांकन लेनदेन को संसाधित करने के लिए प्रणाली है? यदि हाँ, तो वित्तीय निहितार्थ, यदि कोई हो, के साथ-साथ खातों की अखंडता पर आईटी प्रणाली के बाहर लेखांकन लेनदेन के प्रसंस्करण के निहितार्थ बताए जा सकते हैं। | हां, कंपनी ने अपने सभी लेखांकन लेनदेन को संसाधित करने के लिए, एक प्रचलितईआरपी एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर कोलनेट को लागू किया है।सिस्टम विभाग द्वारा हमें प्रदान की गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, यह एप्लीकेशन कंपनी की एंटरप्राइज कम्प्यूटिंग की तीव्र आवश्यकता को पूरा करने के लिए व्यापार प्रक्रिया को सुचारु और कुशलता से चलाने के लिए लगभग सभी कार्यात्मकताओं को शामिल करता है। अधिकतर अनुप्रयोगों में शामिल कार्यप्रणाली हैं:<br>वित्त, बिक्री और विपणन, पेरोल, सामग्री प्रबंधन, कार्मिक और अन्य।<br>हालांकि कोलनेट को विभिन्न कार्यात्मक मॉड्यूलों को एकीकृत करने के लिए चालू किया गया है, हालांकि, पूर्ण एकीकरण अभी तक पूरा नहीं हुआ है और जैसा कि हमें सूचित किया गया है, न्यूनतम हस्तक्षेप के साथ विभिन्न मॉड्यूलों में डाटा के निर्बाध आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए एक सतत प्रक्रिया है।<br>हालांकि, जैसा कि हमारे द्वारा देखा गया है, मॉड्यूल के बीच लेखांकन लेनदेन के स्वचालित प्रवाह के लिए विभिन्न कार्यात्मक मॉड्यूल का कोई एकीकरण नही है, वित्तीय विवरणों में इस तरह के लेनदेन के वित्तीय प्रभावों को आवधिक अंतराल पर अलग-अलग दैनिक वाउचर के माध्यम से लिया जाता है।<br>वित्तीय निहितार्थ, यदि कोई हो, अनिश्चित हैं। हालाँकि, वर्तमान प्रक्रिया के अनुसार, संभावना है कि स्वचालन न होने के कारण उपर्युक्त कुछ लेन-देन का लेखांकन होने से छूट जाए। | वित्तीय वर्ष 2021 में कंपनी को ईआरपी के क्रियान्वयन को शुरू करने के लिए चिह्नित किया गया है और इस संबंध में प्रारंभिक कार्य पहले ही शुरू हो चुका है।<br>ईआरपी के अंतर्गत विभिन्न मॉड्यूलों के पूर्ण समामेलन सहित लेखांकन लेनदेन की कुल प्रक्रिया आईटी प्रणाली के तहत होगी।<br>हालांकि, मौजूदा व्यवस्था के अनुसार, सभी लेनदेन को लेखांकित करने के लिए उचित ध्यान दिया गया है और इसलिए किसी वित्तीय प्रभाव का पता नहीं चला है। |
| 2) क्या कंपनी के ऋण की अदायगी में असमर्थता केकारण किसी ऋणदाता द्वारा कंपनी के लिए मौजूदा ऋण या छूट के मामलों का पुनर्गठन / ऋण / ऋण / ब्याज इत्यादि का कोई पुनर्गठन है? यदि हाँ, तो वित्तीय प्रभाव को बताया जा सकता है। | वित्तीयवर्ष 2019-2020 के दौरान मौजूदा ऋण या छूट के मामले / ऋण को बट्टे-खाते में डालना/ऋण/ब्याज इत्यादि के पुनर्गठन के इन मामले नहीं देखे गए हैं। | वित्तीय विवरणों में प्रकट करने के अलावा कोई वित्तीय प्रभाव नहीं है। |
| 3) क्या केंद्रीय / राज्य एजेंसियों से विशिष्ट योजनाओं के लिए प्राप्त धनराशि / प्राप्य को इसकी अवधि और शर्तों के अनुसार ठीक से उपयोग किया गया है?विचलन के मामलों की सूची बनाएं। | वित्तीय वर्ष 2019-2020 के दौरान केंद्रीय / राज्य एजेंसियों से कोई धन प्राप्त / प्राप्य नहीं हुआ है।<br>यद्यपि, सीआईएल के माध्यम से कोयला मंत्रालय से विशिष्ट योजनाओं के लिए पूर्व वर्षों में प्राप्त निधि को इसकी नियम और शर्तों के अनुसार समुचित तरीके से प्रयोग किया गया। | वित्तीय विवरणों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। |

**कृते एन.सी. बनर्जी एवं कंपनी,**
चार्टर्ड अकाउंटेंट
फर्म पंजीकरण सं. 302081 ई

**(सीए बी.के. बिश्वास)**
साझेदार,
सदस्यता सं. 055623
यूडीआईएन- 20055623 एएएएसीई 8186

तिथि : 08.06.2020
स्थान : धनबाद

**कृते भारत कोकिंग कोल लिमिटेड**

**समीरन दत्ता**
निदेशक (वित्त) एंड सीएफओ
डीआइएन 085193033

तिथि : 08.06.2020
स्थान : धनबाद

## परिशिष्ट-ख : कंपनी अधिनियम 2013 के अनुच्छेद 143 (5) के तहत अतिरिक्त दिशा-निर्देश

| विवरण | लेखा परीक्षक की टिप्पणी | वित्तीय विवरणों पर की गई कार्रवाई एवं उसका प्रभाव |
|---|---|---|
| 1) क्या समोच्च नक्शा की दृष्टि से कोयला स्टॉक की माप की गयी है? क्या फिजिकल स्टॉक मापी रिपोर्ट सभी मामलों में समोच्च नक्शा के साथ जुड़ी है? वर्ष के दौरान तैयार किया गया यदि कोई, नया हीप है तो क्या उसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से प्राप्त किया गया है? | हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार हीप के कोयला स्टॉक की माप समोच्च नक्शा के अनुसार किया जा रहा है। कोल स्टॉक डंप को कोलियरी द्वारा निर्धारित स्थलों पर बनाया जाता है, इसके लिए अग्रिम रूप से कोयले की डंपिंग से पहले समोच्च प्लान तैयार किया जाता है और सक्षम प्राधिकारी द्वारा इसे अनुमोदित किया जाता है। फिर भी कुछ मामलों में छोटे स्टॉक जिसकी रेखागणितीय आकृति जटिल है और वे समोच्च नक्शा/लेवल सेक्शन का प्रयोग करते हुए मापनके लिए उपयुक्त नहीं है, को परंपरागत तरीके से मापा जा रहा है, चाहे ऐसे स्टॉक का समोच्च नक्शा प्लान हो तोभी। स्टॉक मापन रिपोर्ट समोच्च प्लान के साथ होती है।<br>वाशरी के लिए स्लरी रिजेक्ट्स और मिडलिंग का स्टॉकबीसीसीएल द्वारा अपने नियंत्रण में लेने से पहले से ही वाशरी के प्रारंभ होने के समय से ही तैयार किया जा रहा है। हीप, विशेष तौर पर रिजेक्ट, स्लरी, मिडलिंग आदि के, का आकार और आकृति बड़ी होती है। सभी आकार एवं आकृति के हीप का समोच्च नक्शानहीं है, उनको परंपरागत तरीके से मापा जा रहा है।<br>हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार वर्ष के दौरान बनाए गए नए हीपों को सक्षम प्राधिकारी का अनुमोदन प्राप्त है। | वित्तीय विवरणों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। |
| 2) क्या कंपनी ने क्षेत्र के विलय/विखंडित/पुनर्संरचना के वक्त संपत्ति एवं परिसंपत्तियों का भौतिक सत्यापन किया? यदि हाँ तो क्या संबंधित अनुषंगी ने आवश्यक प्रक्रिया का पालन किया है ? | हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान, बीसीसीएल के किसी भी क्षेत्र का विलय/बिखंडन/पुनर्संरचना करने का कोई मामला नहीं है। | वित्तीय विवरणों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। |
| 3) क्या सीआइएल तथा इसकी अनुषंगी कंपनियों में प्रत्येक खदान के लिए अलग एस्क्रो खाता बना कर रखा गया है। साथ ही खाता की निधि के उपयोग की भी जांच होती है। | हां, कोयला मंत्रालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार प्रत्येक खदान बंदी योजना (माइन क्लोजर प्लान) के बदले खदानवार अलग-अलग एस्क्रो खाता बैंक ऑफ बड़ौदा तथा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में खोला गया है। | वित्तीय विवरणों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। |
| 4) क्या माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अवैध खनन हेतु लगाए गए दंड पर विधिवत तरीके से विचार किया गया और लेखा-जोखा दिया गया है। | डब्ल्यू.पी (सी) सं. 114/2014 सामान्य उपबंध बनाम भारतीय संघ एवं अन्य में भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 02.08.2017 को दिए गए फैसले के आलोक में राज्य सरकार द्वारा कंपनी की 47 परियोजनाओं/खदानों/कोलियरियों से संबंधित 17344.46 करोड़ रुपये की डिमांड नोटिस जारी किए गए हैं।<br>उपर्युक्त डिमांड नोटिस के क्रियान्वयन को एमएमडीआर अधिनियम की धारा 30 के खनिज रियायत नियम, 1960 के नियम 55 (5) के तहत प्राप्त शक्तियों के आधार पर अगले आदेश तक रोका गया है। तदनुसार, उपर्युक्त राशि को नोट सं. 38.1.8.2 द्वारा उपयुक्त प्रकटीकरण के साथ आकस्मिक देयता के रूप में दिखाया गया है। | वित्तीय विवरणों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। |

**कृते एन.सी. बनर्जी एवं कंपनी,**
चार्टर्ड अकाउंटेंट
फर्म पंजीकरण सं. 302081 ई

**(सीए बी.के. विश्वास)**
साझेदार,
सदस्यता सं. 055623
यूडीआईएन- 20055623 एएएएसीई 8186

Date: 08.06.2020
Place: Dhanbad

**कृते भारत कोकिंग कोल लिमिटेड**

**समीरन दत्ता**
निदेशक (वित्त) एंड सीएफओ
डीआइएन 08519303

तिथि : 08.06.2020
स्थान : धनबाद

31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों पर भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के सदस्यों को दी गई स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट का परिशिष्ट-II

**[हमारे लेखा परीक्षक की रिपोर्ट के ''अन्य कानूनी एवं नियामक आवश्यकताओं'' पैरा-2 में निर्दिष्ट है]**

| लेखा परीक्षक की रिपोर्ट | प्रबंधन का जवाब |
|---|---|
| हमारी राय में ऐसी समुचित जांच-पड़ताल एवं हमारी अंकेक्षण प्रक्रिया के दौरान हमें दी गई सूचना/जानकारी तथा स्पष्टीकरण के आधार पर हम रिपोर्ट करते हैं कि : | |
| **(i) अचल परिसंपत्तियों के संबंध में:** | |
| क. कंपनी अचल परिसंपत्तियों के गुणात्मक विवरणों एवं स्थिति को शामिल करते हुए संपूर्ण विवरणों को दर्शाने वाले रिकार्डों को रख रही है। | |
| ख. हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार वर्ष के दौरान प्रबंधन द्वारा अचल परिसंपत्तियों की प्रत्यक्ष सत्यापन किया गया है। ऐसे सत्यापन में किसी प्रकार की वास्तविक विसंगतियां नहीं पायी गई हैं। | |
| ग. हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार अचल परिसंपत्तियों के स्वामित्व विलेख कंपनी के नाम पर हैं। भूमि के अधिकार-पत्रों के बारे में जैसा कि हमें क्षेत्रीय लेखा परीक्षको द्वारा सूचना और स्पष्टीकरण दिये गये हैं, उनके अनुसार कुछ विलेखों को छोड़कर जो कि विभिन्न न्यायालयों में भूमि संबंधी मुकदमों के कारण लंबित हैं और जैसा कि प्रबंधन द्वारा स्पष्टीकरण दिया गया कि वे कंपनी के नाम पर हैं। कंपनी के नाम पर की भूमि के स्वामित्व विलेख की प्रतियां क्षेत्रों के पास हैं। पूर्व में अधिग्रहित अनुबंधित 814.378 हेक्ट. भूमि के स्वामित्व विलेख कंपनी के पक्ष में तैयार नहीं किये गए हैं, इसलिए वे कंपनी के कब्जे में नहीं है। राष्ट्रीयकरण के पूर्व/बाद में विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा अधिग्रहित की गई भूमि का अधिकार-पत्र (टाइटल डीड) सत्यापन के लिए उपलब्ध नहीं था। इसके अलावा क्षेत्रों में उपलब्ध अधिकार पत्र का परिसंपत्ति रजिस्टर से मिलान करना बाकी है।<br>इसके अलावा बस्ताकोला क्षेत्र में सभी 89 विलेख की प्रमाणित प्रतियां झारखंड सरकार के संबंधित विभाग से प्राप्त की गई। सत्यापन के लिए हमारे समक्ष मात्र 40 अधिकार-पत्र प्रस्तुत किया गया है और शेष 49 अधिकार-पत्र को ट्रांसलेटर से प्राप्त करना बाकी है। | |
| (ii) जैसा कि हमें बताया गया कि कोयले, धुले हुए कोयले, वाशरी उत्पादों तथा भंडार एवं पूर्जों के स्टॉक का प्रत्यक्ष सत्यापन प्रबंधन द्वारा उचित अंतराल पर किया गया है। प्रबंधन द्वारा किसी प्रकार की वस्तुपरक विसंगतियां नहीं पायी गई है। | |
| (iii) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 189 के तहत तैयार की गई पंजी में दर्ज किसी कंपनी, फर्म, लिमिटेड देयता साझेदार अथवा पार्टियों को किसी प्रकार के सुरक्षित अथवा असुरक्षित ऋण मंजूर नहीं किया है। | |
| (iv) हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 185 एवं 186 के प्रावधानों के अनुसार अन्य कारपोरेट निकाय अथवा व्यक्तियों द्वारा लिये गए ऋण के मामले में किसी ऋण की न तो मंजूरी दी है, अथवा न ही निवेश किया है अथवा न कोई गारंटी दी है अथवा न कोई सुरक्षा प्रदान की है। तदनुसार आदेश का पैराग्राफ 3(iv) लागू नहीं होता है। | |
| (v) हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी ने कोई जमा स्वीकार नहीं किया है। | |
| (vi) हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी के उत्पादों के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 (i) के तहत केंद्र सरकार ने कॉस्ट रिकार्ड के रख-रखाव का निर्धारण किया है। हमारी राय में कंपनी इसके अनुसार इस प्रकार के लेखा एवं रिकार्ड तैयार कर रही है तथा उसका रख-रखाव कर रही है। | |
| (vii) (क) कंपनी पी एफ, कर्मचारी राज्य बीमा, आयकर, विक्रय कर, संपदा कर, सेवा कर, उत्पाद शुल्क, सीमा शुल्क, मूल्यवर्धित कर, उपकर, माल एवं सेवाकर तथा अन्य वैधानिक बकाया सहित निर्विवाद सांविधिक बकाया उचित प्राधिकारों के पास जमा करने में नियमित है। हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार अपनी देय तिथि से 6 महीने से भी अधिक के लिए 31 मार्च, 2020 तक वैसा कोई वैधानिक बकाया नहीं था।<br>हमें सूचित किया गया है कि कर्मचारी राज्य बीमा कानून कंपनी पर लागू नहीं है। | |

| लेखा परीक्षक की रिपोर्ट | प्रबंधन का जवाब |
|---|---|

(ख) हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार सीमा शुल्क और वस्तु एवं सेवा कर का कोई वास्तविक बकाया नहीं है जिसे किसी विवाद के कारण सक्षम प्राधिकारी के पास जमा नहीं किया गया है।

फिर भी, हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार आयकर, विक्रयकर, उत्पाद शुल्क, सेवाकर एवं मूल्य वर्धित कर केजिन बकाये को कंपनी द्वारा विवाद के मद में जमा नहीं किया गया है, उन्हें परिशिष्ट- IIक में दिया गया है।

(viii) वर्ष के दौरान कंपनी के पास डिबंचर धारकों से बकाया या किसी भी वित्तीय संस्थान, बैंक, सरकार सेऋण या उधार नहीं है।

(ix) वर्ष के दौरान कंपनी ने आईपीओ अथवा एफपीओ (डेट इंस्ट्रूमेंट सहित) तथा सावधि ऋण के रूप में कोई राशि नहीं प्राप्त की है। इस प्रकार आदेश का पैराग्राफ 3 (ix) लागू नहीं होता है।

(x) हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार हमारे लेखा परीक्षण के दौरान कंपनी द्वारा या इसके अधिकारियों अथवा कर्मचारियों द्वारा कोई धोखाधड़ी नहीं पायी गई। तथापि सतर्कता विभाग ने दिनांक 07.05.2000 के अपने पत्र के जरिए कंपनी के अधिकारियों अथवा कर्मचारियों द्वारा कंपनी के साथ किए गए धोखाधड़ी के निम्नलिखित मामलों की जानकारी हमें दी है जिनके विवरण नीचे दिये जा रहे हैं:-

| क्र. सं. | मामला/एफआईआर सं. | मामले का विवरण |
|---|---|---|
| 1. | सीए/04/2019 | पत्र सं. सीएमपीएफ/120/विजिलेंस/ 2017/जी सेनगुप्ता/262, दिनांकित 30/31.08.2017 के माध्यम से सीवीओ, सीएमपीएफओ को बस्ताकोला क्षेत्र, लोदना क्षेत्र, ईजे क्षेत्र, ईडब्ल्यूजेड, सुदामडीह के कर्मचारियों से संबंधित 345 रिफंड दावा सूची को मामले की आगे की जांच के लिए अग्रेषित किया गया, जिनका सीएमपीएफ योजना, 1948 के पैरा 63ए के तहत अनियमित रूप से निपटान किया गया था । जांच में सीएमपीएफ योजना 1948 के पैरा 63ए के अनुसार निपटान किए गए 303 दावा में से मात्र 6 दावे ही सही क्रम में पाये गए तथा बाकी 297 दावे अनियमित थे।<br><br>यह पाया गया है कि बीसीसीएल कर्मचारियों के इन 297 अनियमित और अनुचित दावों पर कार्रवाई करके उपर्युक्त योजना के तहत लाभार्थी कर्मचारियों के दावे प्रपत्र में जन्मतिथि तथा सेवानिवृत्ति/बर्खास्तगी की तिथि में भ्रांतिपूर्ण/हेरफेर कर उन्हें गलत तरीके से पात्र बना कर दावे के निपटान के लिए बीसीसीएल के प्राधिकृत अधिकारियों तथा संबंधित कर्मचारियों के हस्ताक्षर से सीएमपीएफ, धनबाद को अग्रेषित किया गया था। जन्मतिथि/ सेवानिवृत्ति/बर्खास्तगी की तिथि जैसे महत्वपूर्ण विवरणों की प्रविष्टियों में ओवरराइटिंग को कई दावा प्रपत्रों में संबंधित अधिकारियों के प्रति हस्ताक्षर सहित/बिना प्रति हस्ताक्षर के कई दावा प्रपत्रों में पाया गया।<br><br>नोट: कर्मचारियों के विरुद्ध समुचित कार्रवाई करने संबंधी मामले प्रबंधन द्वारा जांच प्रक्रिया के अधीन हैं। |
| 2. | सीए/01/2020 | नवंबर, 2011 में सीबीआई तथा बीसीसीएल के सतर्कता विभाग द्वारा पूर्ववर्ती कुस्तौर क्षेत्र में संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया था तथा निरीक्षण के दौरान अन्य दस्तावेजों के साथ बड़ी संख्या में भुगतान किए गए/बिना भुगतान किए गए बिल जब्त किए गए। जब्त किए गए बिना भुगतान किए गए वाउचर को आगे की कार्रवाई के लिए बीसीसीएल/सतर्कता विभाग को सौंप दिया गया। सभी बिना भुगतान बिलों की जांच करने पर बिलों में कई प्रकार की अनियमितताएं पायी गई। निरीक्षण के बाद यह मालूम हुआ कि पूर्ववर्ती कुस्तौर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताएं की गई थी तथा बीसीसीएल सतर्कता विभाग द्वारा चिह्नित अधिकारियों के विरूद्ध अनियमितता के 12 मामले दर्ज किए गए और चिह्नित दोषी अधिकारियों के विरूद्ध उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई थी (9-बरखास्त/42-बड़ी शास्ति/35-छोटी शास्ति/1-खेद / असंतोषजनक)<br><br>उपरोक्त को देखते हुए 2010-2013 में पूर्ववर्ती कुस्तौर क्षेत्र के खातों का ''फोरेंसिक ऑडिट'' करने का निर्णय लिया गया था तथा खुली निविदा |

| लेखा परीक्षक की रिपोर्ट | | | प्रबंधन का जवाब |
|---|---|---|---|
| **क्र. सं.** | **मामला/एफआईआर सं.** | **मामले का विवरण** | |
| | | के माध्यम से मेसर्स घोषाल एंड घोषाल, चार्टर्ड एकाउंटेंट, कोलकाता को कार्य प्रदान किया गया था। 08.05.2011 को पूर्ववर्ती कुस्तौर क्षेत्र से संबंधित ज्यादातार दस्तावेजों को कुस्तौर क्षेत्रीय कार्यालय में आग में जलाकर खाक कर दिया गया था जिस कारण फोरेंसिक ऑडिटिंग एजेंसी को फोरेसिंक ऑडिट करने के लिए केवल बीसीसीएल द्वारा उपलब्ध रिकार्ड मुहैया किया जा सकता है।<br><br>13.07.2018 को मेसर्स घोषाल एंड घोषाल द्वारा फोरेंसिक ऑडिटिंग रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी जिसमें अनियमितताओं का पता चला था। फोरेंसिक ऑडिटिंग रिपोर्ट में पाई गई अनियमितताओं के आधार पर, सतर्कता विभाग द्वारा नीचे दिए 7 मामलों में अनियमितताओं की विस्तृत जांच की गई थी जिसकी जांच पहले नहीं की गयी थी। | |

| मामला सं. | फोरेंसिक ऑडिट में उजागर की गई अनियमितता |
|---|---|
| 1. | एलटीई में अनियमितता- तुलनात्मक विवरण (एल-1 दर पर) के अनुसार एल-1 के अलावा अन्य एजेंसी को कार्य/आपूर्ति आदेश निर्गत। |
| 2. | रू.99216/- तथा रू.99840/- के लिए मेसर्स लक्ष्मी नारायण ट्रेडर्स को दुबारा भुगतान मिला था। |
| 3. | रू. 30610.71 की बीयरिंक के क्रय के लिए आर के इंटरनेशनल, कोलकाता से गैर हस्ताक्षरित पी आई को स्वीकार करना। |
| 4. | एलटीई नं. एलटीई/2010-11/280, एलटीई/ 2010-11/279, एलटीई/2010-11/312 में मेसर्स आर के ट्रेडर्स से काम लिया गया। हालांकि टेंडर पेपर नहीं लिया गया। |
| 5. | एलटीई/2010-11/202 में अनर्हता के लिए औचित्य/समर्थन के बिना मैसर्स सीके इंडस्ट्रीज की तकनीकी अनर्हता। |
| 6. | चिह्नित मामलों में कार्यों के आकलन की तैयारी नहीं करना। |
| 7. | आयकर की बिलकुल नहीं/कम कटौती, कार्यादेश से अत्यधिक कटौती, जो इंगित करता है कि कार्यादेश अप्राप्य/गलत है। |

(xi) हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी के एक केंद्रीय लोक उपक्रम होने के कारण निदेशकों की नियुक्ति, कार्यकाल तथा पारिश्रमिक भारत के राष्ट्रपति द्वारा निर्धारित किया जाता है। अतः धारा 197 के प्रावधानों जिसे अधिनियम की अनुसूची v के साथ पढ़ा जाए, के द्वारा आज्ञापित वांछित अनुमोदन लागू नहीं है।

(xii) हमारी राय में एवं हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी निधि कंपनी नहीं है। तदनुसार आदेश का पैराग्राफ 3(xii) लागू नहीं है।

(xiii) हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण तथा रिकार्ड के अनुसार कंपनी अधिनियम,2013 की धारा 177 तथा 188 के प्रावधानों के अनुरूप कोई संबंधित पार्टी लेन देन नहीं हुआ है। कंपनी द्वारा इसकी होल्डिंग कंपनी के साथ किए गए लेन देन को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 188 के दायरे से छूट दी गई है। प्रबंधन के प्रकटीकरण के अनुसार यह लेन देन नियमित व्यवसाय में और सहयोगी आधार पर हुए थे।

| लेखा परीक्षक की रिपोर्ट | | | प्रबंधन का जवाब |
|---|---|---|---|
| क्र.सं. | मामला संख्या / प्राथमिकी संख्या | मामले का विवरण | |
| | | (xiv) हमारे द्वारा कंपनी के रिकार्डों की जांच तथा हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार वर्ष के दौरान कंपनी ने शेयरों को अधिमान्य आवंटन या निजी प्लेसमेंट या पूर्ण अथवा आंशिक रूप से विनिमेय डिबेंचर नहीं किया है।<br><br>(xv) हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी में निदेशकों या उनसे जुड़े लोगों के साथ गैर-नकद लेन देन की शुरुआत नहीं हुई है। तद्नुसार आदेश का पैरा 3 (xv) लागू नहीं है।<br><br>(xvi) भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम 1934 की धारा 45-IA के तहत कंपनी को पंजीकृत करने की आवश्यकता नहीं है। | |

**कृते एन.सी. बनर्जी एवं कंपनी**
चार्टर्ड अकाउंटेंट
फर्म पंजीकरण सं. 302081 ई

**(सीए बी.के. बिश्वास)**
साझेदार,
सदस्यता सं. 055623
यूडीआईएन- 20055623 एएएएसीई 8186

तिथि : 08.06.2020
स्थान : धनबाद

**कृते भारत कोकिंग कोल लिमिटेड**

**समीरन दत्ता**
निदेशक (वित्त) एंड सीएफओ
डीआइएन 08519303

तिथि : 08.06.2020
स्थान : धनबाद

## 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों पर भारत कोकिंग कोल लिमिटेड, धनबाद के सदस्यों के लिए स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट परिशिष्ट - III

[हमारी अंकेक्षण रिपोर्ट के ''अन्य विधिक एवं नियामक अपेक्षाओं'' के अनुच्छेद 3(छ) का अवलोकन करें]

**कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) की धारा 143 की उप धारा 3 के खंड (i) के तहत वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण रिपोर्ट**

| विवरण | प्रबंधन का उत्तर |
|---|---|
| 1. हमने 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के वित्तीय विवरणों के हमारे अंकेक्षण के साथ-साथ उस तिथि को भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (कंपनी) की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का अंकेक्षण किया है। <br><br> **आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लिए प्रबंधन का दायित्व** <br><br> 2. इंस्ट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) द्वारा वित्तीय रिपोर्टिंग के मामले में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के अंकेक्षण हेतु जारी मार्गदर्शन में उल्लिखित आंतरिक नियंत्रण के महत्वपूर्ण अवयवों पर विचार करते हुए कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग के आंतरिक नियंत्रण कसौटियों पर आधारित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित करने एवं उसे बनाये रखने के लिए कंपनी का प्रबंधन जिम्मेदार है। इन दायित्वों में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की डिजाइन, कार्यान्वयन तथा अनुरक्षण शामिल है जो कंपनी की नीतियों के अनुरूप ,इसकी परिसंपत्तियों का संरक्षण करते हुए, धोखाधड़ी एवं त्रुटियों का पता लगाने एवं उसकी रोकथाम करने हेतु लेखाकरण अभिलेखों की यथार्थता/परिशुद्धता एवं परिपूर्णता तथा कंपनी अधिनियम, 2013 की अपेक्षाओं के अनुसार समय पर विश्वस्त वित्तीय सूचनाओं को तैयार करना शामिल करते हुए इसके व्यवसाय को सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक चलाना सुनिश्चित करने के लिए प्रभावपूर्ण तरीके से परिचालित किए जा रहे थे। | |
| **लेखा परीक्षकों का दायित्व** <br><br> 3. हमारा दायित्व हमारे अंकेक्षण पर आधारित वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी की आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर राय व्यक्त करने का है। हमने वित्तीय रिपोर्टिंग ("मार्गदर्शक नोट") पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखा परीक्षा पर मार्गदर्शक नोट और आईसीएआई द्वारा जारी लेखा परीक्षा मानक जो कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(10) के अंतर्गत निर्धारित होने योग्य हैं, के अनुरूप आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखा परीक्षा की अधिकतम स्वीकार्य सीमा तक अपना लेखा परीक्षा किया है, ये दोनों ही आईसीएआई द्वारा जारी किए गए हैं और दोनों ही आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखा परीक्षा के लिए लागू हैं। इन मानक एवं मार्ग-दर्शननोट की अपेक्षा के अनुसार हम नैतिक अपेक्षाओं को पूरा करते हैं और इस बारे में औचित्य पूर्ण आश्वासन प्राप्त करने के लिए लेखा परीक्षण की योजना बनाते हैं एवं लेखा परीक्षण करते हैं कि वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित किए गये हैं तथा उसे बनाये रखा गया है या नहीं, और यदि ये नियंत्रण सभी महत्वपूर्ण मामलों में प्रभावी ढंग से परिचालित किए गये हों। <br><br> 4. हमारे अंकेक्षण में वित्तीय रिपोर्टिंग एवं उनकी प्रचालन प्रभावशीलता पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता के बारे में अंकेक्षण साक्ष्य प्राप्त करने की प्रक्रियाएं शामिल हैं। वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के हमारे लेखा परीक्षण में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की समझ, जोखिम निर्धारण जिसमें बड़ी कमजोरी विद्यमान हो तथा निर्धारित जोखिम पर आधारित आंतरिक नियंत्रण की डिजाइन एवं परिचालन प्रभावकारिता की जांच एवं मूल्यांकन शामिल है। चयनित प्रक्रिया लेखा परीक्षक के निर्णय पर निर्भर है जिसमें चाहे धोखाधड़ी अथवा त्रुटियों के कारण ही भारतीय लेखा मानक के वित्तीय विवरणों में बड़ी गलतियों जैसे बड़े जोखिम का मूल्यांकन भी शामिल हैं। <br><br> 5. हमने जो लेखा परीक्षण साक्ष्य प्राप्त किए है, उसके बारे में हमें विश्वास है कि वे कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग की आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली पर हमारे अंकेक्षण संबंधी राय देने के आधार के लिए पर्याप्त और उचित हैं। | |

| विवरण | प्रबंधन का उत्तर |
|---|---|
| **वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का अर्थ:**<br>6. वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी का आंतरिक वित्तीय नियंत्रण रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता तथा सामान्यतः स्वीकृत लेखाकरण सिद्धांतों के अनुसार बाहरी उद्देश्योंके लिए भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों की तैयार से संबंधित उचित आश्वासन प्रदान करने हेतु तैयारी की गई एक प्रक्रिया है। वित्तीय रिपोर्टिंग पर किसी कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में वे नीतियां एवं प्रक्रियाएं शामिल रहती है जो (1) अभिलेखों के रख रखाव से संबंधितहो, जिसमें समुचित विवरण होऔर इनमें कंपनी परिसंपत्तियों के लेन देन तथा प्रबंध की वास्तविक और पूर्ण झलक मिल सके, (2) उचित आश्वासन दें जिसमें कि सामान्य तौर से स्वीकृत लेखाकरण सिद्धांतों के अनुसार वित्तीय विवरण की तैयारी करने हेतु लेन-देन का रिकार्ड अनिवार्यतः तौर पर किया जाता है तथा कंपनी की प्राप्तियां एवं खर्चे कंपनी के प्रबंधन एवं निदेशकों के एवं अनुमोदन के अनुसार हैं तथा (3) अनधिकृत अधिग्रहण का समय पर पता लगाना अथवा उसकी रोकथाम करना, कंपनी की परिसंपत्तियों का प्रयोग एवं प्रबंध जिसका वित्तीय विवरणों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है, के संबंध में उचित आश्वासन देना।<br>**वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की अंतर्निहित सीमाएं**<br>7. वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की अंतर्निहित सीमाओं जिसमें सांठ-गांठ अथवा नियंत्रण पर अनुचित प्रबंधन की अवहेलना की संभावना शामिल है, के कारण त्रुटि अथवा धोखाधड़ी वजह से वित्तीय गलतियां हो जाने जैसी घटना घट जाए और उसका पता नहीं भी लग सकता है। भावी अवधियों की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के किसी मूल्यांकन का प्रदर्शन भी जोखिम वाले हो सकते हैं। वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण परिस्थितियों में परिवर्तन के कारण अपर्याप्त होने अथवा नीतियों या प्रक्रियाओं के अनुपालन में गिरावट जैसे जोखिम हो सकते हैं।<br>**अभिमत/राय**<br>8. . हमारी राय में, हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी के पास सभी महत्वपूर्ण मामलों में वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली है तथा इस प्रकार की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण जहां 31 मार्च, 2020 को प्रभावी तरीके से परिचालित हो रही थी जो इंस्ट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा वित्तीय रिपोर्टिंग पर जारी आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के अंकेक्षण पर जारी मार्गदर्शी टिप्पणी में उल्लिखित आंतरिक नियंत्रक केआवश्यक अवयवों पर विचार करते हुए कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग की कसौटियां पर आधारित हैं। | |

**कृते एन.सी. बनर्जी एवं कंपनी**
चार्टर्ड अकाउंटेंट
फर्म पंजीकरण सं. 302081 ई

**(सीए बी.के. बिश्वास)**
साझेदार
सदस्यता सं. 055623
यूडीआईएन- 20055623 एएएएसीई 8186

तिथि : 08.06.2020
स्थान : धनबाद

**कृते भारत कोकिंग कोल लिमिटेड**

**समीरन दत्ता**
निदेशक (वित्त) एंड सीएफओ
डीआइएन 08519303

तिथि : 08.06.2020
स्थान : धनबाद

# अनुबंध- IIक

**31.03.2020 तक विवादित कानूनी बकायों की सूची**

| क्र. सं. | क्षेत्र का नाम | मामले की संदर्भ संख्या एवं दिनांक | | मांग राशि (₹ करोड़ में) | प्रतिवाद के तहत जमा राशि (₹ करोड़ में) | अवधि जिससे से रकम संबंधित है | जिस न्यायायिक संस्था में मामला लंबित है |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | संख्या | दिनांक | | | | |
| **आयकर अधिनियम, 1961** | | | | | | | |
| 1 | बरोरा | ACIT/TDS/133A/BCCL-Block-II/3442 दिनांक 11.11.2013 | | 0.58 | 0.58 | 2011-12 | सीआईटी (ए), धनबाद |
| 2 | बरोरा | ACIT/TDS/BCCL[201(1)/201(1A)/FY 2012-13]/14-15/1295 दिनांक 04.02.2015 | | 1.01 | 1.01 | 2012-13 | सीआईटी (ए), धनबाद |
| 3 | ब्लॉक-II | ACIT/TDS/133A/BCCL-Block-II/3441 दिनांक 11.11.2013 | | | 0.89 | 2011-12 | सीआईटी (ए), धनबाद |
| 4 | ब्लॉक-II | ACIT/TDS/BCCL[201(1)/201(1A)/FY 2012-13]/14-15/1294 दिनांक 04.02.2015 | | 0.68 | 0.68 | 2012-13 | सीआईटी (ए), धनबाद |
| 5 | ब्लॉक-II | Notice U/s 226 (3) of IT Act दिनांक 02.11.2016 | | 0.01 | 0.01 | 2007-08 | सीआईटी (ए), धनबाद |
| 6 | कुसुंडा | TDS CPC | | 0.16 | - | 2007-19 | टी आर ए सी ई एस (ट्रैसेस) |
| 7 | वाशरी डिवीजन | पत्र संख्या. 967 दिनांक 17-03-2017 | | 0.05 | 0.05 | 2017-18 | टी आर ए सी ई एस |
| 8 | भूली टाउनशिप | TDS CPC | | 0.01 | - | 2007-12 | टी आर ए सी ई एस (ट्रैसेस) |
| 9 | केंद्रीय लेखा | CIT(A), Dhanbad/10071/2017-18 दिनांक 12.04.17 | | 6.86 | 6.86 | 2006-07 | आईटीएटी, रांची |
| 10 | केंद्रीय लेखा | CIT(A), Dhanbad/10072/2017-18 दिनांक 12.04.17 | | 32.97 | 32.97 | 2007-08 | आईटीएटी, रांची |
| 11 | केंद्रीय लेखा | CIT(A), Dhanbad/10073/2017-18 दिनांक 12.04.17 | | 39.62 | 39.62 | 2008-09 | आईटीएटी, रांची |
| 12 | केंद्रीय लेखा | CIT(A), Dhanbad/10074/2017-18 दिनांक 12.04.17 | | 41.36 | 41.36 | 2009-10 | आईटीएटी, रांची |
| 13 | केंद्रीय लेखा | CIT(A), Dhanbad/10075/2017-18 दिनांक 12.04.17 | | 60.09 | 60.09 | 2010-11 | आईटीएटी, रांची |
| 14 | केंद्रीय लेखा | CIT(A), Dhanbad/10076/2017-18 दिनांक 12.04.17 | | 24.83 | 24.83 | 2011-12 | सीआईटी (ए), धनबाद |

| क्र. सं. | क्षेत्र का नाम | मामले की संदर्भ संख्या एवं दिनांक | | मांग राशि (₹ करोड़ में) | प्रतिवाद के तहत जमा राशि (₹ करोड़ में) | अवधि जिससे से रकम संबंधित है | जिस न्यायायिक संस्था में मामला लंबित है |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | संख्या | दिनांक | | | | |
| 15 | केंद्रीय लेखा | CIT(A), Dhanbad/10077/2017-18 दिनांक 12.04.17 | | 5.95 | 5.95 | 2012-13 | सीआईटी (ए), धनबाद |
| 17 | केंद्रीय लेखा | 405113091040119 | | 65.50 | 53.15 | 2015-16 | सीआईटी (ए), धनबाद |
| 18 | केंद्रीय लेखा | ITA/Ran/2017 दिनांक 20.11.2017 | | 308.23 | 308.23 | 2011-12 | आईटीएटी, रांची |
| 19 | केंद्रीय लेखा | ITA/Ran/2018 दिनांक 09.05.2018 | | 6.84 | 6.84 | 2012-13 | आईटीएटी, रांची |
| 20 | केंद्रीय लेखा | ITA/Ran/2018 दिनांक 09.05.2018 | | 47.06 | 47.06 | 2013-14 | आईटीएटी, रांची |
| 21 | केंद्रीय लेखा | ITBA/AST/S/156/2019-20/1022994521 (1) दिनांक 24.12.2019 | | 78.88 | 15.78 | 2016-17 | सीआईटी (ए), धनबाद |
| 22 | केंद्रीय लेखा | 445850531140318 दिनांक 14.03.2018 | | 7.13 | 3.79 | 2010-11 | सीआईटी (ए) टीडीएस |
| 23 | केंद्रीय लेखा | 445910131140318 दिनांक 14.03.2018 | | 3.04 | 1.83 | 2012-13 | सीआईटी (ए) टीडीएस |
| 24 | केंद्रीय लेखा | 446080471140318 दिनांक 14.03.2018 | | 20.32 | 5.83 | 2013-14 | सीआईटी (ए) टीडीएस |
| 25 | केंद्रीय लेखा | 631057681010618 दिनांक 01.06.2018 | | 8.46 | 1.69 | 2007-08 | सीआईटी (ए) टीडीएस |
| 26 | केंद्रीय लेखा | 631069631010618 दिनांक 01.06.2018 | | 7.02 | 1.40 | 2008-09 | सीआईटी (ए) टीडीएस |
| 27 | केंद्रीय लेखा | 631082721010618 दिनांक 01.06.2018 | | 5.33 | 1.07 | 2009-10 | सीआईटी (ए) टीडीएस |
| 28 | बिक्री लेखा | 454912971160318 दिनांक 16.03.2018 | | 6.31 | 1.89 | 2012-13 | सीआईटी (ए) टीडीएस |
| 29 | बिक्री लेखा | 455099701160318 दिनांक 16.03.2018 | | 11.85 | 3.55 | 2013-14 | सीआईटी (ए) टीडीएस |
| 30 | बिक्री लेखा | 455150331160318 दिनांक 16.03.2018 | | 10.26 | 3.08 | 2014-15 | सीआईटी (ए) टीडीएस |
| 31 | बिक्री लेखा | 455061401160318 दिनांक 16.03.2018 | | 6.18 | 1.85 | 2015-16 | सीआईटी (ए) टीडीएस |
| 32 | बिक्री लेखा | 455323201160318 दिनांक 16.03.2018 | | 4.90 | 1.47 | 2016-17 | सीआईटी (ए) टीडीएस |
| 33 | बिक्री लेखा | 455363681160318 दिनांक 16.03.2018 | | 0.27 | 0.08 | 2012-13 | सीआईटी (ए) टीडीएस |
| 34 | बिक्री लेखा | 455388711160318 दिनांक 16.03.2018 | | 2.73 | 0.82 | 2013-14 | सीआईटी (ए) टीडीएस |
| 35 | बिक्री लेखा | 455489361160318 दिनांक 16.03.2018 | | 1.19 | 0.36 | 2014-15 | सीआईटी (ए) टीडीएस |
| 36 | बिक्री लेखा | 388531321070218 दिनांक 07.02.2018 | | 3.81 | 3.81 | 2014-15 | सीआईटी (ए) टीडीएस |
| 37 | बिक्री लेखा | 388562631070218 दिनांक 07.02.2018 | | 7.46 | 7.46 | 2015-16 | सीआईटी (ए) टीडीएस |
| 38 | बिक्री लेखा | 388820841070218 दिनांक 07.02.2018 | | 9.61 | 9.61 | 2016-17 | सीआईटी (ए) टीडीएस |
| | | **कुल** | | **881.07** | **739.18** | | |
| **झारखंड वैट अधिनियम, 2005** | | | | | | | |
| 1 | बरोरा | KT-VAT-17/12-13 | | 0.36 | - | 2006-07 | डी.सी.सी.टी कतरास |
| 2 | बरोरा | KT-VAT-06-10-11 | | 2.15 | - | 2007-08 | डी.सी.सी.टी कतरास |
| 3 | बरोरा | KT-VAT-03/11-12 | | 1.83 | 0.10 | 2008-09 | डी.सी.सी.टी कतरास |

| क्र. सं. | क्षेत्र का नाम | मामले की संदर्भ संख्या एवं दिनांक | | मांग राशि (₹ करोड़ में) | प्रतिवाद के तहत जमा राशि (₹ करोड़ में) | अवधि जिससे से रकम संबंधित है | जिस न्यायायिक संस्था में मामला लंबित है |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | संख्या | दिनांक | | | | |
| 4 | बरोरा | KT-VAT-03/13-14 | | 4.69 | 0.45 | 2009-10 | जे.सी.सी.टी धनबाद |
| 5 | बरोरा | KT-VAT-14/14-15 | | 4.39 | 0.88 | 2010-11 | जे.सी.सी.टी धनबाद |
| 6 | बरोरा | KT-VAT-30/16-17 | | 0.40 | 0.18 | 2011-12 | जे.सी.सी.टी (ए) धनबाद |
| 7 | बरोरा | KT-VAT-13/15-16 | | 0.55 | - | 2012-13 | जे.सी.सी.टी धनबाद |
| 8 | बरोरा | KT-VAT-01/2018-19 | | 3.24 | 0.97 | 2010-11 | जे.सी.सी.टी (ए) धनबाद |
| 9 | बरोरा | KT-VAT-17/2018-19 | | 0.46 | 0.14 | 2013-14 | जे.सी.सी.टी (ए) धनबाद |
